सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.4 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 9.6 न्यू | 26.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,560 |
| निफ्टी | 25,819 |
| सोना | 1,34,000 |
| चांदी | 2,00,750 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 18 दिसंबर 2025 | 3 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 352, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


### धुमारवीं में राज्य स्तरीय पेंशनर्स दिवस पर सीएम ने किया ऐलान

# पेंशनरों को सुक्खू सरकार 40 दिन में देगी पूरा बकाया एरियर

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के लाखों पेंशनरों को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बड़ी राहत दी है। उन्होंने घुमारवीं में हिमाचल प्रदेश पेंशनरों के संयुक्त फ्रंट की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय पेंशनर्स दिवस समारोह में ऐलान किया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों का पूरा बकाया एरियर अगले 40 दिनों के भीतर जारी कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं, सरकार पेंशनरों के साथ तीन से चार महीनों के भीतर औपचारिक बैठक कर सभी लंबित मांगों पर चर्चा करेगी।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि एक जनवरी 2016 से लंबित एरियर पर भी बजट से पहले गंभीरता से विचार किया जाएगा और कोई भी फैसला पेंशनरों से संवाद के बिना नहीं होगा। उन्होंने मंच से दो टूक कहा कि सरकार का लक्ष्य 2027 तक पेंशनरों का पूरा एरियर चुकता करना है, जबकि 2026-27 में भी आंशिक भुगतान की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही संशोधित ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट के भुगतान को लेकर भी आश्वासन दिया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित सीएम सुक्खू, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी एवं पेंशनर्स नेता आत्मा राम।

कार्यक्रम में मौजूद पेंशनर संगठनों ने सरकार की मंशा को सकारात्मक कदम बताया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा को कमजोर करने की कोशिशें देश और हिमाचल के लिए घातक होंगी। उन्होंने कहा कि योजना का नाम बदल देना समाधान नहीं है। डॉ. मनमोहन सिंह सरकार में शुरू हुई मनरेगा योजना गांवों के गरीबों को रोजगार की गारंटी देती है और यदि इसे समाप्त किया गया तो यह हिमाचल के लिए बेहद दुखद होगा।

समारोह में मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद पेंशनरों और वरिष्ठ नागरिकों की लंबित देनदारियों के समाधान के लिए नीतिगत और साहसिक निर्णय ले रही है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्थानों पर लोगों से भेंट कर उनसे संवाद किया तथा उनकी समस्याएं भी सुनीं। इस अवसर पर आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, पूर्व विधायक तिलक राज और बंबर ठाकुर, डीआईजी राहुल नाथ, उपायुक्त राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

## हिमाचल को मिड-डे मील के लिए 17.75 करोड़ का बजट

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केंद्र सरकार ने पीएम पोषण योजना के तहत हिमाचल प्रदेश को 17 करोड़ 75 लाख 87 हजार रुपए का बजट जारी कर प्रदेश के हजारों स्कूलों को बड़ी राहत दी है। इस राशि के जारी होने से बीते कई महीनों से उधारी में चल रही मिड-डे मील की मैटेरियल कॉस्ट की समस्या दूर होगी और विद्यालयों में मिड-डे मील व्यवस्था फिर से पूरी तरह पटरी पर लौटेगी। खास बात यह है कि अब शिक्षकों को भोजन व्यवस्था के लिए अपनी जेब से खर्च नहीं करना पड़ेगा।

**90:10 अनुपात में केंद्र का सहयोग, पीएफएमएस के माध्यम से बजट सीमा आबंटित**

केंद्र सरकार पीएम पोषण योजना के तहत हिमाचल प्रदेश को 90:10 के अनुपात में बजट जारी करती है। इसी क्रम में यह राशि राज्य को उपलब्ध कराई गई है। लंबे समय से लंबित भुगतान के कारण कई स्कूलों में भोजन सामग्री की खरीद प्रभावित हो रही थी, लेकिन अब इस बजट से स्कूलों को तत्काल राहत मिलेगी और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत दो से तीन महीनों से पेंडिंग चल रहे बजट को जारी करते हुए पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से स्कूलों के लिए बजट सीमा आवंटित कर दी है। निदेशालय स्कूल शिक्षा (प्रारंभिक) ने इस संबंध में सभी उपनिदेशकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं, ताकि मिड-डे मील व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा न आए।

### विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन के लिए नई दरें तय

**आदेश** के अनुसार प्री-प्राइमरी और प्राइमरी स्तर के विद्यार्थियों के लिए 6.78 रुपए प्रति छात्र प्रतिदिन, जबकि अपर प्राइमरी स्तर के छात्रों के लिए 10.17 रुपए प्रति छात्र प्रतिदिन सामग्री लागत निर्धारित की गई है। इससे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पौष्टिक और नियमित भोजन मिलेगा, जो न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को भी मजबूत करेगा।

# भारत और इथियोपिया के बीच आठ अहम समझौते

**एजेंसी, अदीस अबाबा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय तीन अरब देशों की यात्रा पर हैं, जहां पहले चरण में उन्होंने जॉर्डन की यात्रा की। अपने दो दिवसीय दौरे को खत्म करके मंगलवार शाम को वह इथियोपिया पहुंचे जहां उनके भव्य स्वागत किया। इसके बाद रात को हुए डिनर आयोजन में एक खास संगीत की प्रस्तुति दी गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पीएम मोदी खुशी से झूमते हुए नजर आ रहे हैं।



पीएम मोदी ने बुधवार को एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें इथियोपिया के तीन गायक भारतीय राष्ट्रीय गीत गाते नजर आ रहे हैं। इस पर पीएम ने लिखा, प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा आयोजित डिनर पार्टी में इथियोपियाई गायकों ने वंदे मातरम की शानदार प्रस्तुति दी। यह पल बहुत ही भावनात्मक है, क्योंकि यह ऐसे समय में हुआ जब भारत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। वंदे मातरम की प्रस्तुति देख पीएम मोदी खुशी से झूम उठे और दोनों हाथ उठाकर तालियां बजाने लगे।

वहीं, दोनों देशों के बीच आठ अहम समझौते हुए, जिनमें रणनीतिक साझेदारी बढ़ाना, सीमा शुल्क सहयोग और प्रशासनिक सहायता, इथियोपिया के विदेश मंत्रालय में डेटा सेंटर बनाना, शांति अभियान ट्रेनिंग में मदद, इथियोपिया को कर्ज में राहत, स्कॉलरशिप दोगुनी करना, इथियोपिया स्टूडेंट्स के लिए एआई कोर्स और महात्मा गांधी अस्पताल को बेहतर बनाने में मदद शामिल हैं।

प्रधानमंत्री को इथियोपिया का सर्वोच्च पुरस्कार 'द ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया' से भी सम्मानित किया गया, इस तरह का सम्मान प्राप्त करने वाले यह पहले विदेशी नेता बने हैं। बुधवार सुबह इथियोपियाई संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इथियोपिया क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में प्राकृतिक साझेदार हैं। पीएम ने कहा कि विकासशील देशों के रूप में भारत और इथियोपिया एक-दूसरे से बहुत कुछ सीख सकते हैं और एक-दूसरे को बहुत कुछ दे भी सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### ओमान पहुंचे पीएम मोदी : मस्कट में भारतीय समुदाय को करेंगे संबोधित

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इथियोपिया के बाद 2 दिन के दौरे पर ओमान पहुंच गए हैं। यह उनकी तीन देशों की यात्रा का तीसरा और आखिरी चरण है। वे 17 और 18 दिसंबर को ओमान में रहेंगे। यह यात्रा भारत और ओमान के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर हो रही है। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ओमान में रह रहे भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### करेर, सालन में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विद्युत उपमंडल बड़सर के अंतर्गत सलौणी में 33 केवी विद्युत सब स्टेशन के निर्माण कार्य के चलते 18 दिसंबर को गांव करेर, सालन, बल्ह, डमियाणा और क्षेत्र के अन्य गांवों में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता विजय पटियाल ने बताया कि अगर 18 दिसंबर को मौसम खराब रहा तो विद्युत सब स्टेशन का कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### पुरली से भराईंयां दी धार रोड 15 तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पुरली चौक से लैंबर चौक शुरूआती पॉइंट से 2 किलोमीटर तक बताई गई सड़क पर सीमेंट कंक्रीट फुटपाथ बिछाने का अपग्रेडेशन का काम 18 दिसंबर से शुरू हो रहा है। जिसके कारण यह सड़क इस जगह पर 15 जनवरी तक सभी तरह के ट्रैफिक के लिए बंद रहेगी। एसडीओ श्व2स कक्कड़ ने बताया कि इस दौरान काम को सुचारू रूप से चलाने के लिए भराईंयां-दी-धार की ओर जाने वाले सभी ट्रैफिक को पुरली चौक से ही रोककर वापस भेजा जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### 18 को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसडीएम कार्यालय हमीरपुर के अंतर्गत 18 दिसंबर को एनआईटी के निकट खसग्रां में प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट फिलहाल स्थगित कर दिए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से इन्हें स्थगित करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट की नई तिथि जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी।

### वार्षिक समारोह के लिए अनुमति दे विभाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में वार्षिक समारोह आयोजन की आज्ञा दी जाए। जिन स्कूलों ने वार्षिक समारोह रखे हैं, उनको संबंधित जिला शिक्षा उप निदेशक विशेष आज्ञा देने हेतु अधिकृत किए जाएं अथवा वार्षिक समारोह तिथियों को लेकर प्रशासनिक व्यवहारिकता के दृष्टिगत एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है। संघ ने कहा कि दिनांक 9 दिसंबर 2024 को जारी लिखित निर्देशों के अनुसार सभी सरकारी विद्यालयों में वार्षिक समारोह प्रत्येक वर्ष 1 नवंबर से 30 नवंबर के बीच आयोजित किए जाने थे। गत वर्ष विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह अनुमति दी गई थी कि सभी विद्यालय 20 दिसंबर 2024 तक वार्षिक समारोह आयोजित कर सकते हैं।

### भोटा से लुधियाना के लिए चले बस सेवा

**अनंत ज्ञान, भोटा।** बड़सर, भोरंज व बंगाणा विधानसभा क्षेत्र से लुधियाना को सीधी बस सेवा न होने के कारण इन तीनों विधानसभा क्षेत्र के लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन तीनों विधानसभा के क्षेत्र से लुधियाना में लगभग बीस हजार लोग प्राइवेट सेक्टर में जॉब करते हैं जिनको लुधियाना जाने के लिए यहां से सीधी बस सेवा नहीं है बस न होने से यहां के लोगों को कई बसे बदलकर लुधियाना पहुंचना पड़ता है जिसकी वजह से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है हिमाचल प्रदेश प्रांतीय सभा लुधियाना के प्रधान श्री पवन शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं परिवहन मंत्री हिमाचल प्रदेश से मांग की है कि वह इन विधानसभा क्षेत्र से कम से कम दो बसे दिन में और एक बस रात में चलाई जाए ताकि यहां पर रहने वाले क्षेत्र वासियों को सुविधा हो सके।

### छात्रों को योग करने के लिए किया प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय माइंडफुलनेस और तनाव प्रबंधन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को तनाव को नियंत्रित करने, समस्या समाधान और जीवन की चुनौतियों का सकारात्मक समाधान विकसित करने की तकनीकों से परिचित कराना था। सत्रों के दौरान विद्यार्थियों ने एकाग्रता, आत्म-जागरूकता, भावनात्मक संतुलन और आत्म-नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल सीखे। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को योग और ध्यान को दैनिक जीवन में अपनाने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### कबीर का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय (उत्कृष्ट) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के कक्षा +2 के छात्र कबीर ने ऊना में आयोजित प्री-रिपब्लिक डे कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन प्राप्त किया। यह उपलब्धि केवल कबीर की व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। चयन के उपरांत विद्यालय पहुंचने पर कबीर का विद्यालय परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया और उसकी सेवाभावना, अनुशासन व सक्रिय योगदान को देखते हुए उसे 'विद्यालय का सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक' सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कबीर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह शिक्षा, संस्कृति और सेवा तीनों क्षेत्रों में संतुलन बनाकर आगे बढ़ने वाला अनुकरणीय छात्र है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों के लिए उसे प्रेरक उदाहरण बताया।

### पटवारी भर्ती में समान शुल्क निर्णय का स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा पटवारी भर्ती प्रक्रिया में सभी अभ्यर्थियों के लिए एक समान शुल्क निर्धारित करने के निर्णय का राजपूत महासभा ने स्वागत किया। महासभा ने कहा कि यह निर्णय संविधान की समानता और सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करता है और जातीय भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में पहला कदम साबित होगा। महासभा के महासचिव जोगिंदर ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुबीर सिंह राणा, महिला विंग जिला संयोजक वीना पठानिया और लीगल विंग अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार को किसी दबाव में नहीं आना चाहिए और सामाजिक न्याय को ध्यान में रखते हुए सभी सुविधाओं में आर्थिक आधार के अनुसार ही निर्णय लेना चाहिए।

### प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ सख्तः नरेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक नरेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश को चिट्टे जैसे नशीले पदार्थों से मुक्त करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। नशा विरोधी अभियान में जनता का सहयोग बेहद जरूरी है। प्रारंभिक चरण में 234 पंचायतों में नशा निवारण कमेटियों का गठन किया गया है, जो नशे की स्थिति पर नजर रखेंगी। नरेश ठाकुर ने बताया कि चिट्टे की तस्करी रोकने के लिए पहली बार सूचना देने वालों के लिए ईनाम की घोषणा की गई है। ईनाम बरामदगी की मात्रा के अनुसार तय होंगे और सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने अभिभावकों और समाज से जागरूक रहने और बच्चों पर नजर रखने का आग्रह किया।

### प्रदेश सरकार ने सैनिक परिवारों की अनदेखी की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा प्रवक्ता राजिंदर राणा ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि शहीद सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के हितों की अनदेखी हो रही है। राणा ने बताया कि पिछले दो साल से वीर नारियों और शहीद सैनिकों के परिवारों को देय भुगतान या पेंशन में लगातार देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस साल भी युद्ध में शहीद सैनिकों के परिवारों, वीर नारियों और पुरस्कार विजेताओं को राशि नहीं दी गई, जबकि जिला सैनिक बोर्ड और डीएसएसएबी लगातार प्रयास कर रहे हैं। राणा ने सरकार से मांग की कि लंबित अनुदान तुरंत जारी किया जाए, ताकि सैनिकों के परिवारों को उनका हक और सम्मान मिल सके।

### प्रदेश सरकार पेंशन संशोधन लागू करने में असमर्थ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने राष्ट्रीय पेंशनर दिवस पर बुधवार को घुमारवीं, जिला बिलासपुर में प्रदेश स्तरीय समारोह का आयोजन किया। प्रदेशभर से सैकड़ों पेंशनरों ने भाग लिया। संघ संस्थापक बीडी शर्मा मुख्य अतिथि रहे और प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समारोह में वक्ताओं ने पेंशन संशोधन आदेशों के चार वर्ष पूरे होने के बावजूद लंबित एरियर, संशोधित ग्रेच्युटी, लीव-एनकैशमेंट, कम्युटेशन और महंगाई भत्ता की किश्तों का भुगतान न होने पर सरकार की आलोचना की। पेंशनर्स ने कहा कि पिछले पेंशन संशोधन के लाभ नहीं मिलने से उन्हें वित्तीय परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शीघ्र बैठक बुलाने और लंबित मांगों को पूरा करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रमुख पदाधिकारी और जिला प्रधान उपस्थित रहे।

### लींडी खड्ड पर बने फुट ब्रिज का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के दर गुजरेहडा गांव के निवासियों के लिए बुधवार का दिन खास रहा, जब लींडी खड्ड पर 62 मीटर लंबे फुट ब्रिज का लोकार्पण हुआ। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सौजन्य से पुल का विधिवत उद्घाटन किया। इस फुट ब्रिज के निर्माण से ग्रामीणों को रोजमर्रा के आवागमन में सुविधा मिलेगी, विशेषकर बरसात में जब खड्ड का पानी बढ़ जाता था और बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं के लिए पार करना जोखिम भरा होता था। कार्यक्रम में कक्कड़ पंचायत प्रधान, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता और भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित रहे। उन्होंने पुल की मजबूती और तकनीकी गुणवत्ता की जानकारी साझा की। ग्रामीणों ने इस सुविधा के लिए सरकार और विधायक का धन्यवाद किया, जबकि विधायक ने ग्रामीण विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

# अब प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में नहीं हो सकेंगे सालाना समारोह

## डायरेक्टर एजुकेशन के सख्त निर्देशों के बाद लगा बैन, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो


**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में धड़ाधड़ जारी 'सालाना समारोह' बंद कर दिए गए हैं। अब नेताओं की 'चमक' इन स्कूलों में नहीं दिखेगी। डायरेक्टर एजुकेशन ने इस तरह के समारोह दिसंबर महीने में करवाने के सिलसिले का कड़ा संज्ञान लिया है और कहा है कि यदि आदेशों की पालना नहीं की गई, तो संबंधित मुखियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

काबिले गौर यह है कि दिसंबर महीने में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन सरकार ने खुद बंद किया हुआ है। मगर यह कार्यक्रम 'धड़ल्ले' से हो रहे हैं। नेताओं की चमक स्कूलों में खूब दिख रही है। कार्यक्रमों के दौरान अच्छा खासा खर्चा भी होता है। मुख्यातिथि के साथ आने वाले नेता के साथ अन्य छोटे नेताओं को भी सम्मानित करने की जो कार्रवाई चल रही है, उसकी भी खूब चर्चा होती रही है, क्योंकि यह खर्चा अंततः कौन से खाते से किया जाता है? इस पर भी सवाल तो खड़े होते ही हैं। मगर संबंधित क्षेत्र के नेताओं की 'चमक' अच्छे से उस स्कूल में 'बिखरे' इसका दबाव स्कूल के मुखियों को झेलना पड़ता है। इस वजह से यह कार्यक्रम अभी भी जारी हैं, जबकि पढ़ाई का समय सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

दरअसल में प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में पहली से 30 नवंबर तक ही ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए शिक्षा विभाग ने नोटिफिकेशन किया हुआ है। मगर इसकी परवाह होती नहीं है। नेताओं की इच्छा के मुताबिक इनका आयोजन किया जाता है। यही वजह थी कि दिसंबर महीने में भी बड़े स्तर पर यह आयोजन प्रदेश के लगभग सभी स्कूलों में जारी थे।

### स्कूलों में अब नहीं दिखेगी नेताओं की मौजूदगी

**डायरेक्टर** एजुकेशन ने पिछली अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा है कि ऐसे कार्यक्रम केवल नवंबर महीने में ही आयोजित किया जा सकते हैं। यदि अब भी यह सिलसिला जारी रहा, तो फिर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी, यानी नेताओं की मौजूदगी अब स्कूलों में नहीं दिखेगी। इससे न केवल बच्चों के लिए बल्कि स्कूल के टीचर्स और अन्य स्टाफ के लिए भी यह राहत भरी खबर है। इसकी बकायदा नोटिफिकेशन जारी कर दी गई है।



### दिसंबर माह में भी किए जा रहे थे कार्यक्रम

# भोरंज में तेंदुए की दहशत ग्रामीणों में भय का माहौल

अनंत ज्ञान, भोरंज

उपमण्डल भोंरज के डाडू, बड़ोह, दियोग, हनोह छत्रेहल, कोट सहित आसपास के गांवों में तेंदुए की दहशत से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ दिन-दहाड़े ही गांवों और सड़कों के आसपास दिखाई दे रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार देर रात करीब 11 बजे बड़ोह गांव निवासी पण्डित कृष्ण चन्द अपने घर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह हनोह-आहदेवी सड़क पर उस स्थान पर पहुंचे, जहां से वन विश्राम गृह की ओर जाने वाली सड़क मिलती है, वहीं पहले से घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उन पर झपट्टा मार दिया। गनीमत यह रही कि वह बाइक पर सवार थे और गति तेज होने के कारण बाल-बाल बच गए। यदि तेंदुआ उनकी चपेट में आ जाता तो वह बाइक सहित सड़क की ढलान से नीचे गिर सकते थे, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और अधिक बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की लगातार आवाजाही से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। शाम होते ही लोग घरों में सिमटने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द क्षेत्र में पिंजरा लगाया जाए और तेंदुए को पकड़ा जाए, ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके।

उधर, इस बारे में वन रक्षक योग राज ने बताया कि लोगों की शिकायत के आधार पर क्षेत्र में गश्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति गंभीर पाई गई तो वन विभाग द्वारा आवश्यक कदम उठाते हुए प्रभावित क्षेत्र में पिंजरे भी लगाए जाएंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से शीघ्र कार्रवाई की अपील की है, ताकि लोगों को भय से राहत मिल सके और किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# जिला किसान मोर्चा ऊना के पदाधिकारियों ने प्रेम कुमार धूमल से की शिष्टाचार भेंट



प्रेम कुमार धूमल से जिला किसान मोर्चा ऊना के पदाधिकारी मुलाकात करते हुए।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जिला किसान मोर्चा ऊना के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में किसान मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर किसानों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई तथा संगठनात्मक मजबूती को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

प्रतिनिधिमंडल में जिला महामंत्री विश्वजीत पटियाल व इकबाल सिंह, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, विनोद ठाकुर एवं कार्यालय सचिव दिनेश कुमार शामिल रहे। इसके अतिरिक्त आईटी संयोजक कैलाश चंद्र राणा, आईटी सह-संयोजक आकाश राणा, सोशल मीडिया संयोजक रोहित शर्मा, मीडिया प्रभारी वरुण महान तथा सदस्य संजीव ठाकुर, राकेश कुमार, शिवपाल, प्रिंस सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

भेंट के दौरान प्रो. धूमल ने किसान मोर्चा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को जनसेवा और संगठन हित में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

# भोरंज के मुंडखर गांव में घर से आभूषण व नकदी ले उड़े चोर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंडखर गांव में घर से चोरी का एक मामला सामने आया है। इस संबंध में दिनांक 16 दिसंबर को सुरजीत सिंह निवासी गांव मुडखर के बयान के आधार पर पुलिस थाना भोरंज में अज्ञात व्यक्ति/व्यक्तियों के विरुद्ध चोरी का अभियोग दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके पुराने मकान के एक कमरे से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषणों के साथ-साथ शादी के शगुन की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जब परिवार के सदस्यों ने मकान की जांच की तो कमरे का ताला और कुंडा टूटा हुआ पाया गया तथा अंदर रखा सामान बिखरा हुआ था, जिससे चोरी की घटना का पता चला। सूचना मिलते ही पुलिस थाना भोरंज की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रारंभिक जांच की। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की तथा साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस द्वारा मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। अज्ञात आरोपियों की पहचान करने और चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए पुलिस गहन जांच कर रही है। थाना प्रभारी भोरंज प्रशांत ठाकुर ने चोरी के मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# जी-राम-जी योजना गरीब कल्याण के लिए समर्पितः अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), यानी 'जी-राम-जी' पर कांग्रेस समेत विपक्ष के विरोध को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि जी राम जी बिल गरीब कल्याण की दिशा में मोदी सरकार का एक अहम कदम है और वैसे भी कांग्रेस को राम के नाम से सदा दिक्कत ही रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस अमूमन गरीब और जरूरतमंदों का विरोध करती रही है, और प्रभु राम का विरोध तो कांग्रेस हमेशा से ही करती थी। कांग्रेस वाले रामसेतु का विरोध करते हैं, राम मंदिर का विरोध करते हैं, और जहां राम शब्द आता है तो उसका भी विरोध करते हैं। अब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लाई जा रही विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), यानी 'जी राम जी' जोकि गरीब कल्याण को समर्पित है, तो कांग्रेस पार्टी उसका भी विरोध कर रही है। यह बिल विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण रोजगार और आजीविका को मजबूत करेगा। पुरानी मनरेगा योजना में जहाँ ग्रामीण परिवारों को सालाना 100 दिन रोजगार मिलता था, अब इस योजना में 125 दिन रोजगार देने की हमारी मंशा है। आखरि कांग्रेस क्यों गरीबों का भला नहीं होने देना चाहती। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी केवल एक नाम नहीं, बल्कि प्रेरणा हैं और बापू सदा रामराज की स्थापना की बात कहते थे। यह बिल गरीबों के सम्मान और गांधीजी के सपनों को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इतिहास पर नजर डालिए। कांग्रेस केवल नाम बदलने में लगी रही। कोविड के समय मजदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए मोदी सरकार ने अपने सारे खजाने खोल दिए थे। हमने मनरेगा में 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च हमने मनरेगा में किया था, जो कांग्रेस कभी सोच भी नहीं सकती थी। कांग्रेस के समय लोगों को पैसा नहीं मिलता था, बिचौलिए खा जाते थे। हमने जियो टैग करने का काम शुरू किया। बैंक खाते खुलवाकर लोगों के खातों में पैसा डालने का काम हमने किया। इनके समय कहते थे कि 15 दिन में पैसा मिलेगा। कई-कई महीने तक पैसा नहीं मिलता था। हमने उसको वीकली करने का नाम किया। हमने 100 की जगह 125 दिन रोजगार की गारंटी का काम हमने किया। यही नहीं इसका बजट भी पहले से ज्यादा हो, राज्य सरकारों की भूमिका हो, वो भी हमने किया, जिससे स्कीम का विस्तार किया जा सके।

# मनरेगा को खत्म करने को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** केंद्र सरकार के द्वारा मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने और नियमों में संशोधन करने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी में हमीरपुर के गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन किया व अपना विरोध जताया। कांग्रेस पार्टी जिला निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती की अगुवाई में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं और पदाधिकारी ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और केंद्र सरकार पर मनरेगा को खत्म करने की साजिश का विरोध किया।

कांग्रेस जिला निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती व अन्य कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार एक साजिश के तहत मनरेगा योजना के नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के समय ग्रामीण क्षेत्र की आर्थिक को सुदृढ़ करने के लिए सबसे बड़ी रोजगार योजना को तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के द्वारा शुरू किया गया था और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर इस योजना को जोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने देश की आजादी के लिए सबसे बड़ा योगदान दिया था आज इस महात्मा गांधी के नाम को हटाने का काम भाजपा सरकार कर रही है जो कि महात्मा गांधी का अपमान है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के अपमान को सहन नहीं करेगी और कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ ग्रामीण स्तर तक जाकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

धरना-प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा अनीता वर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा नशा निवारण बोर्ड के प्रदेश संयोजक नरेश ठाकुर, एनइसयूआई प्रदेश अध्यक्ष टोनी ठाकुर, डॉ पुष्पेंद्र वर्मा, देवीदास शहंशाह, होशियार सिंह, राजीव राणा, अनिल चौधरी, राकेश चौधरी, मनु शर्मा, डॉ. चंदन राणा, केसी, भाटिया, डॉ आरसी डोगरा, उत्तम चौधरी, राकेश रानी, राजेश आनंद, विवेक कटोच, चेतन लखनपाल, मुकेश कुमार, अखिलेश चौधरी, बिश्व शामा, रजत राणा, रोहित धरोच, चंद्रशेखर, कुलदीप ठाकुर, पवन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



कांग्रेस ने मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

### गांधी चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# गांधी की विचारधारा से छेड़छाड़ देश का अपमान : राजीव राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी), प्रदेश के चेयरमैन राजीव राणा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से गांधी जी का नाम हटाने का प्रयास केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि यह गरीब, मजदूर और गांवों की रीढ़ पर सीधा हमला है। यह कदम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों, उनके संघर्ष और देश के श्रमिक वर्ग के सम्मान को मिटाने की साजिश है। राजीव राणा ने कहा कि मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा है, जिसने बेरोजगारी, पलायन और भुखमरी के खिलाफ मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान किया, लेकिन भाजपा सरकार लगातार बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और काम के अवसर घटाकर इस योजना को कमजोर करने में लगी है। अब गांधी जी का नाम हटाकर सरकार अपनी मंशा साफ कर रही है कि वह गरीबों और श्रमिकों से जुड़े हर प्रतीक को समाप्त करना चाहती है।

# एंटी-चिट्टा मैराथन में स्कूली बच्चों को बिना रिफ्रेशमेंट, सुविधाओं के भराः नरेंद्र

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सुजानपुर भाजपा मीडिया प्रभारी नरेंद्र ठाकुर ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश सरकार विधानसभा में बार-बार यह दावा करती रही है कि चिट्टा जैसी गंभीर समस्या के खिलाफ सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर लड़ना चाहिए, लेकिन मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर में आयोजित 'एंटी-चिट्टा मैराथन' ने सरकार के इस दावे की पोल खोल दी है। सरकार ने दबाव में स्कूल के बच्चों की ही भीड़ एकत्रित की। इसमें न उन्हें पानी की व्यवस्था न खान-पान की व्यवस्था की गई न शौचालय की व्यवस्था की गई। हमीरपुर बाजार जाम से बुजुर्गों, महिलाओं व हॉस्पिटल आने-जाने में भारी मुश्किल का सामना करना पड़ा व व्यापार मंडल, सामजिक संगठन नदारद रहे व अन्य राजनीति दल भी निमत्रण नहीं थे एक तरह का ये मंच सरकारी कार्यक्रम न रह कर कांग्रेस का मंच बन गया। यह आयोजन भले ही प्रदेश पुलिस के बैनर तले किया जा रहा हो, लेकिन व्यवहार में इसे पूरी तरह कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक मैराथन में बदल दिया गया। पूरे मार्ग में कांग्रेस के झंडे लगाए गए, जबकि अन्य राजनीतिक दलों और प्रमुख संगठनों को न तो आमंत्रित किया गया और न ही भागीदारी का अवसर दिया गया।

सरकारी खर्च पर आयोजित इस कार्यक्रम को एक दल विशेष से जोड़ देना सरकार की मानसिकता और नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश कांग्रेस के लिए चिट्टे के खिलाफ अभियान जनहित से अधिक राजनीतिक लाभ तक सीमित रह गया है।

सरकार यदि वास्तव में नशे के खिलाफ गंभीर होती, तो इस अभियान में सर्वदलीय सहभागिता सुनिश्चित करती। अन्य राजनीतिक व सामाजिक संगठनों को नजरअंदाज करना इस बात का प्रमाण है कि सरकार जमीनी हकीकत और वास्तविक एकजुटता से कोसों दूर है।

# एनआईटी हमीरपुर की सौरोवी दत्ता को 1.5 करोड़ का स्पार्क अनुसंधान अनुदान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर के वास्तुकला विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरोवी दत्ता को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग संवर्धन योजना (SPARC) के अंतर्गत ₹1.5 करोड़ का प्रतिष्ठित अनुसंधान अनुदान प्रदान किया गया है।

'एनर्जी नेक्सस: चंडीगढ़ की सरकारी आवासीय इमारतों में ऊर्जा दक्षता एवं तापीय आराम के लिए डीकॉलोनियल एवं सिमुलेशन-आधारित रेट्रोफिटिंग रणनीतियां' शीर्षक वाला यह शोध प्रोजेक्ट चंडीगढ़ की मौजूदा सरकारी आवासीय इमारतों की ऊर्जा दक्षता और जलवायु अनुकूलन क्षमता का अध्ययन करेगा। इस परियोजना में उन्नत कंप्यूटर-आधारित सिमुलेशन टूल्स के माध्यम से प्राकृतिक प्रकाश, तापीय विश्लेषण तथा इनडोर वायु गुणवत्ता का आकलन कर जलवायु-संवेदी एवं ऊर्जा-कुशल रेट्रोफिटिंग समाधान प्रस्तावित किए जाएंगे। इस परियोजना में डॉ. नंद कुमार (एमएनआईटी जयपुर), डॉ. फ़ैज़ अहमद सी (एसपीए विजयवाड़ा) तथा यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन, यूके के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का सहयोग शामिल है, जो राष्ट्रीय एवं वैश्विक अकादमिक सहयोग को दर्शाता है।

इस अवसर पर प्रो. एचएम सूर्यवंशी, निदेशक, एनआईटी हमीरपुर, ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की सतत विकास एवं उच्च प्रभाव वाले अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वहीं डॉ. अर्चना संतोष नानोटी, कुलसचिव, एनआईटी हमीरपुर, ने इसे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि इससे एनआईटी हमीरपुर की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को और मजबूती मिलेगी। दो वर्ष की यह परियोजना जी-20 के तहत भारत की स्थिरता, हरित परिवर्तन और अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग की प्राथमिकताओं के अनुरूप है और शहरी आवास के लिए ऊर्जा-कुशल समाधान विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# विदेशों में भी रोजगार दे रही प्रदेश सरकार : सुरेश

## विदेश मंत्रालय के नियमों के अनुसार की जा रही है युवाओं की प्लेसमेंट

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

प्रदेश सरकार की एक विशेष पहल के तहत युवाओं को विदेश में नौकरी उपलब्ध करवाने हेतु बुधवार को यहां जिला रोजगार कार्यालय में साक्षात्कार लिए गए। हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) द्वारा भर्ती प्रतिनिधि कंपनी जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज के माध्यम से आयोजित इस साक्षात्कार में संयुक्त अरब अमीरात में नौकरी हेतु 33 पात्र युवाओं का चयन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अब विदेश मंत्रालय के नियमों के अनुसार एचपीएसईडीसी के माध्यम से युवाओं को विदेशों में रोजगार उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के युवाओं को विदेश में अच्छी नौकरी प्राप्त करने के लिए फर्जी एजेंटों के जाल में फंसने की आवश्यकता नहीं है। एचपीएसईडीसी के माध्यम से विदेश में नौकरी मिलने के बाद उन्हें अपने कार्यस्थलों पर कोई दिक्कत नहीं आएगी और वहां किसी भी तरह की आपात परिस्थिति उत्पन्न होने पर वे तुरंत भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकेंगे।

सुरेश कुमार ने बताया कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां देने के साथ-साथ प्रदेश सरकार ने कॉरपोरेट सेक्टर में भी रोजगार दिलाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। कॉरपोरेट सेक्टर में कर्मचारियों एवं श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए भी प्रदेश सरकार विशेष प्रबंध कर रही है। प्रदेश में बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, कालाअंब और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए हॉस्टल तथा अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनजीत डोगरा, कौशल विकास निगम की जिला समन्वयक निशा कटोच और आईटीआई हमीरपुर के प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा ने भी अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया तथा उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और सभी अभ्यर्थियों का स्वागत किया तथा एचपीएसईडीसी के माध्यम से करवाई जा रही प्लेसमेंट की प्रक्रिया की जानकारी दी।



हमीरपुर में संयुक्त अरब अमीरात के लिए 33 युवाओं का चयन किया गया।

# भवन निर्माण में टीसीपी के नियमों का रखें ध्यान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** नगर एवं ग्राम योजना (टीसीपी) विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर ने बुधवार को भोरंज में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें क्षेत्र के पंचायत जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों और अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर एवं ग्राम योजनाकार हरजिंदर सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम 1977 के तहत अधिसूचित योजना क्षेत्रों और विशेष क्षेत्रों में किसी भी निर्माण कार्य के लिए टीसीपी विभाग की पूर्व अनुमति अनिवार्य होती है। अब इन क्षेत्रों से बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 वर्गमीटर से अधिक के एरिया वाले प्लॉट पर निर्माण के लिए भी टीसीपी विभाग की पूर्व अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। उन्होंने बताया कि भोरंज में अभी टीसीपी एक्ट के प्रावधान लागू नहीं हैं, लेकिन अगर कोई व्यक्ति 1000 वर्गमीटर से अधिक के प्लॉट पर निर्माण करना चाहता है तो उसे भी टीसीपी एक्ट के तहत विभाग की अनुमति लेनी होगी।

# पंचायत चुनाव में देरी पर हाईकोर्ट सख्त सरकार व चुनाव आयोग से जवाबतलब

## हिमाचल में पंचायत चुनाव टालने पर न्यायिक हस्तक्षेप, 22 दिसंबर तक मांगा स्पष्टीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज चुनाव समय पर न करवाए जाने को लेकर दायर याचिका पर हिमाचल उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायमूर्ति जियालाल भारद्वाज की खंडपीठ ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को पूरे मामले में 22 दिसंबर तक जवाब दायर करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े संवैधानिक दायित्वों में अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं है। इस मामले की अगली सुनवाई 22 दिसंबर को तय की गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो रहा है, जबकि नियमों के अनुसार चुनाव की तैयारियां कम से कम छह महीने पहले शुरू हो जानी चाहिए थीं। इसके बावजूद अभी तक चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता ने अदालत से अंतरिम आदेश जारी करने की मांग भी की थी। इस पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और चुनाव आयोग ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने निर्धारित तिथि तक सभी जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए।

- **संवैधानिक दायित्वों में देरी बर्दाश्त नहीं: पंचायत चुनाव मामले में हाईकोर्ट की टिप्पणी**
- **आपदा का हवाला देकर टाले गए पंचायत चुनाव**

गौरतलब है कि 8 अक्टूबर को प्रदेश सरकार ने आपदा और खराब कनेक्टिविटी का हवाला देते हुए पंचायत चुनाव टालने के आदेश जारी किए थे। सरकार का कहना था कि मानसून 2025 के दौरान भारी नुकसान हुआ, कई क्षेत्रों में सड़क संपर्क बाधित है और ऐसे हालात में चुनाव कराना व्यावहारिक नहीं होगा। ये आदेश डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट 2005 के तहत जारी किए गए थे।

## राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी 18 से 24 तक किन्नौर जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 18 से 24 दिसंबर तक किन्नौर जिला के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास के साथ विभागीय बैठकों में भाग लेंगे। प्रवास के दौरान मंत्री स्कूल भवनों, पशु चिकित्सालय, जल आपूर्ति योजनाओं, सामुदायिक भवनों और अन्य विकास परियोजनाओं के उद्घाटन करेंगे। वे विभिन्न पंचायतों में जनसमस्याएं भी सुनेंगे। 24 दिसंबर को रिकांगपिओ में आयोजित एंटी चिट्टा वॉकथॉन का नेतृत्व कर नशा मुक्ति का संदेश देंगे।

## खरीदारी के दौरान महिला का पर्स चोरी, 14 हजार रुपए ले उड़ा चोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में दिनदहाड़े खरीदारी करने आई एक महिला का पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला स्थानीय निवासी है और वह शहर में शॉपिंग के लिए आई थी। घटना बुधवार दोपहर की है, जब महिला पंचायत भवन के समीप खरीदारी कर रही थी। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर उसका पर्स चुरा लिया।

शिकायतकर्ता महिला के अनुसार उसने अपना पर्स एक थैले के अंदर रखा हुआ था। खरीदारी के दौरान चोर ने थैले से पर्स निकाल लिया। कुछ देर बाद जब महिला को पर्स न होने का अहसास हुआ तो वह घबरा गई। उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन पर्स का कहीं भी पता नहीं चल पाया।

पर्स में करीब 14 हजार रुपये नकद रखे होने की बात महिला ने पुलिस को बताई है। महिला ने सदर थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और मामले की जांच शुरू कर दी गई।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह चोरी का मामला है और अज्ञात चोर की तलाश की जा रही है। घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## राजीव बिंदल ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से की भेंट



भजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नडडा से शिष्टाचार भेंट करते हुए डॉ. राजीव बिंदल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बुधवार को अपने दिल्ली प्रवास के दौरान संसद भवन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर डॉ. बिंदल ने शिमला में प्रदेश स्तरीय भाजपा कार्यालय के शिलान्यास व भूमि पूजन समारोह में सहभागिता तथा ऐतिहासिक अभिनंदन समारोह में शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए प्रदेश भाजपा परिवार की ओर से श्री नड्डा का आभार व्यक्त किया।

बिंदल ने बताया कि भेंट के दौरान प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों के साथ-साथ संगठनात्मक मुद्दों पर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष से अनौपचारिक बातचीत हुई। इस चर्चा में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

## नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा की राजनीति बेनकाब: विनय कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में आज सिरमौर जिला के ददाहू में 'सत्यमेव जयते' के प्ले कार्ड्स के साथ आयोजित सम्मेलन में भाजपा की बदले और बदनाम करने की राजनीति को खुली चुनौती दी गई। विनय कुमार ने कहा कि भाजपा अब राजनीतिक दल नहीं, बल्कि बदले की भावना से चलने वाली मशीन बन चुकी है। सवाल पूछने वालों पर ईडी और सच बोलने वालों पर सीबीआई लगाने का मॉडल लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।



नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार के प्रथम आगमन पर बुधवार को ददाहू बाजार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और नारों के साथ भव्य स्वागत किया।

विनय कुमार ने कहा कि नेशनल हेराल्ड के नाम पर भाजपा की पूरी राजनीति अब बेनकाब हो चुकी है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट स्वीकार करने योग्य नहीं है। यह फैसला भाजपा के झूठ, नफरत और राजनीतिक प्रतिशोध पर करारा प्रहार है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को डराने की हर कोशिश पहले भी नाकाम हुई है और आगे भी होगी। कांग्रेस न झुकने वाली है, न बिकने वाली और न डरने वाली। विनय कुमार ने भाजपा से जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और लोकतंत्र का गला घोंटना बंद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 'सत्यमेव जयते' कांग्रेस का संकल्प है और भाजपा की हर साजिश का अंत भी इसी संकल्प से होगा।

### आईटीआई जुब्बल में चार श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

## नए श्रम कानून बने युवाओं के लिए सुरक्षा कवच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो और पीआईबी शिमला द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल में चार नई श्रम संहिताओं पर दो दिवसीय जनसूचना एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आईटीआई जुब्बल के प्राचार्य इंजीनियर जय किशन चौहान, अधिवक्ता निखिल राल्टा और पीआईबी शिमला के सहायक निदेशक संजीव कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। मुख्य वक्ता अधिवक्ता निखिल राल्टा ने कहा कि नई श्रम संहिताएं श्रमिकों की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करती हैं और विशेष रूप से आईटीआई से जुड़े युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने बताया कि इन कानूनों से महिलाओं को समान वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल और रात में भी सुरक्षित माहौल में काम करने के अवसर मिलेंगे।




आईटीआई जुब्बल में चार श्रम संहिताओं पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि एवं अधिकारी, साथ में उपस्थित हैं प्रशिक्षु छात्र।

मुख्य अतिथि इंजीनियर जय किशन चौहान ने नई श्रम संहिताओं को रोजगार की तलाश में जुटे युवाओं के लिए 'सुरक्षा कवच' बताया। उन्होंने कहा कि ये कानून तकनीकी दक्ष युवाओं को सम्मानजनक और सुरक्षित रोजगार दिलाने में सहायक होंगे तथा श्रमिक शोषण पर प्रभावी रोक लगाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें सोनाक्षी ने प्रथम, पीयूष ने द्वितीय और हिना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को उपहार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 29 पुराने श्रम कानूनों के स्थान पर चार श्रम संहिताओं को 21 नवंबर 2025 से लागू करने की घोषणा की है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

## रामपुर में स्कूली छात्रा से कार में बिठाकर की छेड़छाड़, एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला ज़िले के रामपुर उपमंडल में एक नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ और जबरन कार में बैठाने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार की है, जब पीड़ित छात्रा अपने घर के पास स्कूल बस का इंतज़ार कर रही थी।

पीड़िता के पिता द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार सुबह के समय जब बच्ची बस का इंतज़ार कर रही थी, तभी उसी क्षेत्र का एक युवक अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में वहां पहुंचा। आरोप है कि उसने बच्ची को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाया और दत्तनगर की ओर ले गया। रास्ते में आरोपी ने कथित तौर पर बच्ची के साथ शारीरिक छेड़छाड़ की। इसमें आरोपी ने उसके गालों को छूना और हाथ पकड़ना शामिल बताया गया है। इस दौरान वह डरी हुई थी और खुद को असहाय महसूस कर रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन बच्ची को लेकर पुलिस के पास पहुंचे और पूरे मामले की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी की भूमिका, घटनास्थल के आसपास के हालात और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

- **बस का इंतजार कर रही नाबालिग को आरोपी ने बनाया निशाना**
- **पोक्सो एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज**

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में थाना रामपुर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 और पॉक्सो अधिनियम की धारा 8 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच थाना प्रभारी स्वयं कर रहे हैं और सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। अरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नबीन का राजनीतिक व संगठनात्मक सफर अनुशासन और परिश्रम का प्रतीक: कर्ण नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का राजनीतिक एवं संगठनात्मक सफर अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है। संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए उन्होंने पार्टी को मजबूती प्रदान की है और उनका अनुभव राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के संगठन को और सशक्त करेगा। कर्ण नंदा ने कहा कि नितिन नबीन ने विधायक से लेकर मंत्री और संगठनात्मक दायित्वों तक सुशासन व प्रभावी नेतृत्व की मिसाल पेश की है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में भाजपा युवाओं को जोड़ते हुए राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ आगे बढ़ेगी और देशभर में संगठन को नई दिशा व गति मिलेगी।

### सैनिकों के सम्मान से खिलवाड़ कर रही प्रदेश की कांग्रेस सरकार: राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता राजिंदर राणा ने कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में शहीद सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के साथ घोर अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के बलिदान को सम्मान देने के नाम पर शुरू की गई 'सम्मान भुगतान' नीति केवल कागज़ों तक सिमट कर रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर वीर नारियों और शहीदों के परिजनों को अपने हक के लिए भटकना पड़ रहा है। राजिंदर राणा ने शिमला से जारी बयान में कहा कि पिछले दो वर्षों से शहीद सैनिकों के परिवारों, वीर नारियों और वीरता पुरस्कार विजेताओं को मिलने वाली देय राशि और पेंशन में लगातार देरी हो रही है। बीते वर्ष भी बार-बार आग्रह और तय तिथियों के बाद मजबूरी में भुगतान किया गया, जबकि इस वर्ष अब तक एक भी रुपया जारी नहीं किया गया है। जिला सैनिक बोर्ड और संबंधित बोर्डों के प्रयासों के बावजूद भुगतान लंबित रहना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

### शिवरात्रि मेले की साधारण सभा की बैठक 23 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर मेला समिति की साधारण सभा की बैठक 23 दिसंबर को प्रातः 11 बजे संस्कृति सदन, कांगनीधार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष एवं धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर करेंगे। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि बैठक में मेला की तैयारियों, आवश्यक व्यवस्थाओं और विभिन्न विभागों की भूमिकाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। यह जिला का प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है। उन्होंने संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें।

### साक्षी वर्मा टेबल टेनिस स्पर्धा के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** साक्षी वर्मा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिला मंडी टीम का उपविजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसके बेहतर प्रदर्शन के कारण साक्षी वर्मा का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है, जिसके लिए यह 18 दिसंबर कोचिंग कैंप के लिए मंडी जाएगी तथा राष्ट्रीय स्तर की खेल के लिए 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक तमिलनाडु में होना सुनिश्चित हुई है। बुधवार को विद्यालय में भारी उत्साह देखा गया, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार तथा डीपीई रमेश कुमार व अन्य सहयोगी स्टाफ विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान जयपाल द्वारा साक्षी वर्मा को शुभकामनाएं देते हुए साक्षी वर्मा को प्रोत्साहन राशि भी दी गई।

### 12 छात्र राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे मुकाबला

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के 12 छात्र 23 से 28 दिसंबर तक मध्य प्रदेश के जबलपुर में होने वाली 14वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तर की प्रतियोगिताओं के बाद चयनित ये छात्र वर्तमान में मंडी के बिजय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं, जो 13 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। बुधवार को पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने शिविर का दौरा कर खिलाड़ियों को जरूरी टिप्स दिए और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम खेल भावना से खेलते हुए प्रदेश का नाम रौशन करेगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जय श्री कपूर, कोच चंदन कटोच और अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस पर समान पेंशन की मांग फिर हुई तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सतरह दिसंबर को मनाए जाने वाले अखिल भारतीय पेंशनर दिवस के अवसर पर पेंशनरों से जुड़े अधिकारों और उनकी मांगों को लेकर एक बार फिर आवाज उठी है। इस दिन का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसी तारीख को सर्वोच्च न्यायालय ने पेंशनरों के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। पेंशन को दया नहीं बल्कि संवैधानिक अधिकार मानते हुए अदालत ने सभी पेंशनरों को समानता के आधार पर पेंशन देने की बात कही थी। इसी संदर्भ में मौजूदा पेंशन व्यवस्था और केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए गए हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने डीएस नकरा मामले में स्पष्ट किया था कि सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन सामाजिक सुरक्षा का अहम हिस्सा है और इसमें भेदभाव नहीं किया जा सकता। अदालत के अनुसार समान सेवा और समान पद पर कार्य करने वाले सभी पेंशनरों को बराबर पेंशन मिलनी चाहिए। यह व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप है, जो समानता के अधिकार की गारंटी देता है।

- **पेंशनरों के अधिकारों से जुड़ा मामला गूंजा**

### केंद्र सरकार से फैसले की अपेक्षा

**पेंशनरों** की ओर से मांग की गई है कि 25 मार्च 2025 की अधिसूचना के तहत लागू प्रावधान को समाप्त किया जाए और सभी पेंशनरों को समान पेंशन दी जाए। साथ ही 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ 2026 से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देने और इसे 1 जनवरी 2026 से लागू करने की मांग रखी गई है। पेंशनर संगठनों का कहना है कि यदि इन मांगों पर समय रहते निर्णय नहीं हुआ तो देशभर के लाखों पेंशनरों में असंतोष बढ़ सकता है।

## हिमाचल में शिक्षकों के अवकाश नियमों पर बड़ा फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वर्तमान शैक्षणिक सत्र के बीच स्थानांतरित हुए उन शिक्षकों को शीतकालीन अवकाश का लाभ नहीं मिलेगा, जो पहले ही ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ उठा चुके हैं। स्कूल शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि एक ही शैक्षणिक सत्र में दोनों प्रकार के अवकाश मान्य नहीं होंगे। निदेशालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसे शिक्षकों से अवकाश अवधि के दौरान भी सेवाएं ली जाएंगी। इसके लिए उन्हें ग्रीष्मकालीन स्कूलों से हटाकर शीतकालीन स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया जाएगा, ताकि शैक्षणिक कार्य प्रभावित न हो और विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रूप से जारी रह सके। इस फैसले को लेकर स्कूल शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा उपनिदेशकों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। शिक्षा निदेशालय का कहना है कि यह निर्णय नियमों के अनुरूप है और इससे शिक्षण व्यवस्था में संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## चमियाना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में छह महीनों में लगेगी थ्री-टेस्ला एमआरआई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चमियाना में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। एआईएमएसएस के प्रिंसिपल डॉ. ब्रिज शर्मा ने बताया कि अस्पताल में रोजाना लगभग एक हजार मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। नवंबर माह में कुल 12,327 ओपीडी मरीजों का इलाज किया गया, जबकि 591 मरीजों को आईपीडी में भर्ती किया गया। अस्पताल में न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी सहित कई सुपर स्पेशियलिटी विभाग सक्रिय हैं। अब तक 298 बड़ी और 787 छोटी सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं।

डॉ. शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर अस्पताल में 29 करोड़ रुपये की लागत से रोबोटिक सर्जरी सुविधा शुरू की गई, जिसका उद्घाटन 11 अगस्त 2025 को हुआ। अब तक 100 से अधिक रोबोटिक सर्जरी की जा चुकी हैं। इसके अलावा अस्पताल में 256-स्लाइस सीटी स्कैन, आधुनिक कार्डियक कैथ लैब और पूर्ण रूप से सुसज्जित इंडोर लैब संचालित है। रेडियोलॉजी विभाग द्वारा अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एक्स-रे और ईसीजी जैसी हजारों जांचें की जा चुकी हैं।



एआईएमएसएस चमियाना में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते प्रिंसिपल डॉ. ब्रिज शर्मा और मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सुधीर शर्मा।

### जल्द शुरू होंगी बड़ी स्वास्थ्य सुविधाएं

**अस्पताल** में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से थ्री-टेस्ला एमआरआई मशीन को मंजूरी मिल चुकी है, जिसे अगले छह माह में स्थापित किए जाने की संभावना है। इसके साथ ही 25 करोड़ से ट्रैक-आधारित स्वचालित प्रयोगशाला व 10 करोड़ की डिजिटल सबट्रैक्शन एंजियोग्राफी मशीन भी स्थापित होगी। क्रिटिकल केयर ब्लॉक व अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। मरीजों की सुविधा के लिए 1000 वाहनों की पार्किंग, सराय निर्माण और सड़क चौड़ीकरण की योजना भी प्रस्तावित है।

### सौगात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बोले-14.35 करोड़ रुपए की महात्वाकांक्षी सिंचाई योजना जल्द धरातल पर उतरेगी

# सरहाना में सामुदायिक भवन की दूसरी मंजिल का लोकार्पण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बुधवार को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र जुब्बल-कोटखाई के प्रवास के दौरान विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। उन्होंने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए, बल्कि स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। विकास की इस कड़ी में जुब्बल उपमंडल की सबसे बड़ी पंचायत बढ़ाल के सरहाना गांव में नवनिर्मित सामुदायिक भवन की दूसरी मंजिल का लोकार्पण मुख्य आकर्षण रहा, जिसे लगभग 13 लाख 50 हजार रुपए की लागत से तैयार किया गया है।

सरहाना में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने बढ़ाल पंचायत के साथ अपने गहरे और पारिवारिक संबंधों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बढ़ाल पंचायत का विकास उनकी प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है और पिछले तीन वर्षों में यहां के हर गांव को पक्की सड़कों से जोड़कर कनेक्टिविटी की समस्या का समाधान किया गया है। कृषि और बागवानी प्रधान इस क्षेत्र के लिए उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि 14.35 करोड़ रुपए की लागत वाली एक महात्वाकांक्षी सिंचाई योजना को जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा। इस योजना के पूर्ण होने से न केवल पेयजल आपूर्ति सुचारु होगी, बल्कि क्षेत्र के किसानों की आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे।



होनहार बेटियों को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ।

अपने दौरे के दूसरे चरण में शिक्षा मंत्री ने सिविल अस्पताल जुब्बल का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों के साथ संवाद करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े, इसके लिए सरकार विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने अस्पताल में हाल ही में स्थापित ईसीजी मशीन और दुरुस्त की गई एक्स-रे मशीन का जायजा लिया। सर्दियों के कड़े मौसम को देखते हुए उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों के लिए हीटर, कंबल और स्वच्छ पानी की उपलब्धता में कोई कोताही न बरती जाए। साथ ही, उन्होंने अस्पताल में स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए चतुर्थ श्रेणी और नर्सों के खाली पदों को शीघ्र भरने का भरोसा भी दिया।

### बेटियों की अंतरराष्ट्रीय उड़ान को मिला सम्मान

**जुब्बल** प्रवास का अंतिम और सबसे गौरवशाली क्षण ठाकुर रामलाल स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिला। यहां शिक्षा मंत्री ने उन बेटियों को सम्मानित किया जिन्होंने चीन में आयोजित 'आईएसएफ अंडर-15 वर्ल्ड स्कूल वॉलीबाल चैंपियनशिप' में तिरंगा लहराया था। ख्याति धान्टा, प्रीति और रिया जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि ठाकुर रामलाल कन्या खेल छात्रावास शिमला जिले का गौरव बन चुका है। इस संस्थान ने वर्ष 2025 में ही 33 राष्ट्रीय और 3 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देश को दिए हैं, जो क्षेत्र की खेल प्रतिभा का जीवंत प्रमाण है।

### शिक्षा के क्षेत्र में सीबीएसई के साथ नया सवेरा

**संस्थान** की भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए रोहित ने साझा किया कि ठाकुर रामलाल उत्कृष्ट विद्यालय को अब सीबीएसई की मान्यता मिल गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पाठ्यक्रम व शिक्षण पद्धति में होने वाला यह बड़ा बदलाव जुब्बल क्षेत्र के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। इस अवसर पर एसडीएम गुरमीत नेगी, सीएमओ डॉ. यशपाल रांटा सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी व पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने विकास की इन परियोजनाओं को क्षेत्र के स्वर्णिम भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### सचिन ठाकुर जिला चंबा के युकां इंचार्ज नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सचिन ठाकुर को जिला चंबा का युवा कांग्रेस इंचार्ज नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके निरंतर संघर्ष, संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रिय भूमिका का प्रमाण है। सचिन ठाकुर ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी शेष नारायण ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं देहरा की विधायक कमलेश ठाकु का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### घराणा स्कूल में चेस खिलाड़ी साक्षी राणा का स्वागत



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घराणा की छात्रा साक्षी राणा पुत्री सुभाष चंद ने राष्ट्रीय स्तर की चेस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, गांव और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर साक्षी का जोरदार स्वागत किया गया। साक्षी का चयन पहले जिला स्तरीय प्रतियोगिता धर्मशाला से हुआ, जिसके बाद उन्होंने ऊना में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में कांगड़ा का प्रतिनिधित्व किया। इसके पश्चात हिमाचल प्रदेश की टीम से उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ, जिसका आयोजन बेंगलुरु में किया गया। प्रधानाचार्य मनोज जरियाल ने साक्षी, उनके अभिभावकों और गुरुओं को बधाई दी। इसी अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवी भाग्य राणा ने भी राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस कैंप में भाग लेकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### पालमपुर की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में 9 से 14 दिसंबर तक आयोजित राज्यस्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप में पालमपुर महाविद्यालय की आठ रेंजर्स ने भाग लिया और सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण कर निपुण बैज अर्जित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने इस उपलब्धि पर रेंजर्स को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कैंप विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, नेतृत्व कौशल और समाज सेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रेंजर लीडर प्रोफेसर किरण ने बताया कि यह दक्षता स्तर का प्रशिक्षण कैंप था, जिसमें व्यक्तित्व विकास, प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक जिम्मेदारी, अग्रणी कौशल, आउटडोर सर्वाइवल स्किल्स तथा विभिन्न प्रकार की गांठें बांधने और उनके उपयोग से संबंधित गतिविधियां शामिल थीं। प्रोफेसर किरण एवं डॉ. रविंदर ठाकुर के मार्गदर्शन में छात्राओं ने सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# सरकार ने मांगें नहीं मानी तो होगा सचिवालय का घेराव

## सीएम के वादे के मुताबिक पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति को वार्ता के लिए न बुलाने पर रोष

- पेंशनर्स ने संघर्ष को निरंतर जारी रखने का किया आह्वान
- कहा-सरकार से मांगे जा रहे अपने अधिकार, न जाने क्यों रोक रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पेंशनर्स दिवस पर धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते पेंशनर्स।

**प्रदेश** पेंशनर्स संघर्ष समिति को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के वादे के मुताबिक वार्ता को न बुलाने पर आक्रोश देखने को मिल रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि मांगें अभी भी लंबित चल रही हैं। ऐसे में समिति ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दे दी है। पेंशनर्ज दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय धर्मशाला में आयोजित समारोह में लंबित हकों को लेकर आक्रोश भी देखने को मिला।

पेंशनर्स का कहना है कि यदि सरकार ने अभी भी पेंशनर्स की मांगों को पूरा नहीं किया तो बजट सत्र के दौरान शिमला में सचिवालय का घेराव किया जाएगा। इससे भी बात न बनी तो आंदोलन उग्र किया जाएगा। संयुक्त संघर्ष समिति एवं राज्य पेंशनर्ज संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 28 नवंबर को विधानसभा तवोवन धर्मशाला में किए गए वादे से मुकरते व पलटते हुए पेंशनर्ज-डे 17 दिसंबर से पूर्व पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति को वार्तालाप के लिए नहीं बुलाया है। धर्मशाला में पेंशनर्स दिवस पर ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा की गई और चिर लंबित देनदारियों, वित्तिय लाभों को प्राप्त करने के लिए पुन: लामबंद होने पर मंथन किया गया है। यही नहीं पेंशनर्स ने अपने संघर्ष को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया गया। प्रदेशाध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि पहली जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक के पेंशनरों को अभी तक संशोधित ग्रैच्युटी, कम्युटेशन व लीव इनकैशमेंट का लाभ नहीं मिला है। दूसरा छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार केवल 50 हजार की एक किस्त पिछली सरकार द्वारा 2022 में दी गई थी, शेष राशि जो चार-पांच लाख से ऊपर है, अभी लंबित है। हिमाचल पथ परिवहन को तो 50 हजार की किस्त भी नहीं मिली है। तीसरा महंगाई राहत भत्ते की 142 माह की शेष राशि लंबित है। चौथा महंगाई राहत भत्ता 13 प्रतिशत भी लंबित है और जुलाई 2023 से केंद्र की तर्ज पर 4 फीसदी की किस्त देय थी, जो एक प्रतिशत घटाकर 3 प्रतिशत दी गई है। इसके लिए पेंशनरों में भारी रोष है। पांचवां पिछले पांच वर्षों से चिकित्सा भत्ता बिल लंबित है और कई पेंशनर्स गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अर्बन लोकल बॉडी को पेंशन एक जनवरी 2006 के वेतनमान के हिसाब से मिलती है, जबकि यह पेंशन अन्य विभागों की तर्ज पर 1 जनवरी 2016 के वेतनमान के हिसाब से मिलनी चाहिए। उन्होंने उक्त मांगों पर जल्द उचित कदम न उठाए जाने पर फिर से शिमला सचिवालय व प्रदेश सरकार का बजट सत्र के दौरान घेराव करने को चेताया है।

## शिक्षा से सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव: पठानिया



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रजोल स्कूल में मेधावी किए सम्मानित।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** शिक्षा से ही सशक्त व्यक्ति, सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति और समाज दोनों के समग्र विकास का सबसे सशक्त माध्यम है।

यह विचार शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रजोल में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि 5.77 करोड़ रुपए की लागत से थोला बस्ती से भोई सड़क तथा 2.50 करोड़ रुपए की लागत से धनोटु वाया बड बस्ती सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इनके पूर्ण होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ सब-सेंटर अनसुई के जीर्णोद्धार पर 6 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने रजोल सेंटर के अंतर्गत 75 प्राथमिक स्कूल के बच्चों को अपनी ओर से स्कूल बैग भेंट किए। उन्होंने स्कूल के लिए कबड्डी मैट देने की भी घोषणा की।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य नीना पुंज ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने वर्ष भर विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## गढ़ जमूला स्कूल के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण पर किया जागरूक



गढ़ जमूला स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरुकता रैली आयोजित।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**द** हंस फाउंडेशन द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ जमूला में वनाग्नि रोकथाम एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य बच्चों एवं स्थानीय समुदाय को जंगलों में आग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना था। रैली में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ लगभग 210 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने नारे लगाकर लोगों से जंगलों में आग न लगाने, वन संपदा की रक्षा करने तथा आग लगने की स्थिति में तुरंत संबंधित विभाग को सूचना देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू सूद ने द हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियां विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है।

## 6.55 ग्राम चिट्टा मामले का मुख्य आरोपी चंडीगढ़ से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

चिट्टे के एक मामले में पुलिस ने अब मुख्य आरोपी को चंडीगढ़ के खरड़ से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताते चलें कि जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम द्वारा 13 दिसंबर को गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर 21 वर्षीय प्रियन राणा निवासी गदियाडा, पालमपुर, 22 वर्षीय आदित्य निवासी जलेहड़, पालमपुर को 6.55 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों के खिलाफ पुलिस थाना भवारना में मामला दर्ज किया गया था। दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ, तकनीकी विश्लेषण व ट्रांजक्शन हिस्ट्री से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस को सुराग मिला कि खरड़, चंडीगढ़ में प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले मुख्य सप्लायर ने उक्त आरोपियों को चिट्टा उपलब्ध करवाया था। इसके उपरांत तुरंत तीसरे आरोपी जो मुख्य सप्लायर था, को पकड़ने के लिए एक विशेष गुप्त टीम का गठन करके खरड़, चंडीगढ़ भेजा गया और प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले एक सप्लायर आरोपी 27 वर्षीय अंकुश निवासी योल को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि कांगड़ा पुलिस निरंतर नशा माफिया के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है। हमारी प्राथमिकता नशे की जड़ों तक पहुंचकर उसके स्रोतों को समाप्त करना है। आमजन से अपील है कि नशे के सौदागरों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, आपकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। यह लड़ाई तभी जीती जा सकती है, जब पुलिस और समाज मिलकर इन अपराधियों के खिलाफ एकजुट हों।

## धनोटू बल्ला और सूरजपुर में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जनसाधारण को सूचित किया जाता है 19 दिसंबर को विद्युत उपमंडल ढलियारा के तहत 11केवी विद्युत फीडर धनोट बल्ला के उचित रखरखाव व मरम्मत के चलते गांव धनोटू बल्ला, सूरजपुर, टिन्डी, मचकुंड महादेव तथा जल शक्ति विभाग स्कीमें इत्यादि में सुबह 9 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बंद रहेंगी। अत: जनता से सहयोग की अपील की जाती हैं। यह सूचना सहायक अभियंता ई मनीष कुमार संधू, विद्युत उपमंडल ढलियारा द्वारा दी गई है।

## एसडीएम संकल्प ने किया बच्चों के स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने आंगनबाड़ी केंद्र उस्तेहड़ स्थित समलोटू में 1 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए आयोजित किए गए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से शिविर की व्यवस्थाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वस्थ होना समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है, इसलिए प्रारंभिक आयु में नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें और कोई भी बच्चा स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे ऐसे स्वास्थ्य शिविरों में अपने बच्चों की नियमित जांच अवश्य करवाएं। चिकित्सक डॉ. विकास ठाकुर द्वारा क्षेत्र के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें उनके वजन, लंबाई, पोषण स्तर, सामान्य शारीरिक परीक्षण तथा आवश्यक स्वास्थ्य मानकों का आकलन किया गया एवं अभिभावकों को बच्चों के पोषण, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां भी दी। उन्होंने जानकारी दी कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर वर्ष में दो बार आयोजित किए जाते हैं, ताकि बच्चों में किसी भी संभावित बीमारी या पोषण संबंधी कमी का समय रहते पता लगाया जा सके।

## पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल लाइन को ब्रॉडगेज करने का सर्व पूरा: अश्वनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**केंद्रीय** रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कांगड़ा लोकसभा सदस्य डॉक्टर राजीव भरद्वाज को सदन में बताया कि 200 किलोमीटर पठानकोट-जोगिंद्रनगर नैरो गेज लाइन को ब्रॉडगेज लाइन में कन्वर्ट करने का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि 57 किलो मीटर लंबी जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन का सर्वे करवाया गया है, लेकिन इसमें ट्रैफिक कम आंकी गई है। उन्होंने लोकसभा सदस्य डॉक्टर राजीव भरद्वाज को सदन में बताया कि बिलासपुर-मनाली-लेह रेलवे लाइन को रक्षा मंत्रालय ने सामरिक महत्व की परियोजना के रूप में चिह्नित किया है। उन्होंने बताया कि इस रेल लाइन का सर्वे पूरा कर लिया गया है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 1,31,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत की इस परियोजना के तहत 489 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन निर्मित होगी, जिसमें 270 किलोमीटर लंबी लाइन टनलों के बीच से गुजरेगी।

### जगाधरी-पांवटा साहिब के बीच कम ट्रैफिक की वजह से नई रेल लाइन को मंजूरी नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को सदन में बताया कि जगाधरी और पांवटा साहिब के बीच नई रेल लाइन बिछाने का सर्वे पूरा कर लिया गया है। 62 किलोमीटर लंबी रेल लाइन की परियोजना का निर्माण कार्य कम ट्रैफिक के आकलन की वजह से शुरू नहीं किया गया। नई रेल परियोजना ट्रैफिक के आकलन और रूट के लाभकारी, कंजेस्टेड लाइन और रेलवे की अपनी जरूरतों के आधार पर की जाती है।

### स्ट्रीट वेंडर्स को 242 करोड़ रुपए का कैश बैक प्रदान

**केंद्रीय** आवास और शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को सदन में बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत जून 2020 से अब तक स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा डिजिटल तरीके से ऋण चुकाने के लिए ट्रीट वेंडर्स रेहड़ी पटड़ी वालों को 242 करोड़ रुपए का कैश बैक प्रदान किया गया है। जून 2020 में शुरू की गई इस योजना में अब तक कुल 1.27 करोड़ स्ट्रीट वेंडर्स के ऋण के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 68.89 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को 99.07 लाख रुपए के ऋण प्रदान किए गए हैं।

### 22वीं जिलास्तरीय यू-20 महिला एवं पुरुष तलवारबाजी प्रतियोगिता 21 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** कांगड़ा तलवारबाजी संघ की ओर से 22वीं जूनियर जिलास्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता (यू-20 महिला एवं पुरुष वर्ग ईपी, सैबर एवं फॉइल) का आयोजन 21 दिसंबर को न्यूगल पब्लिक स्कूल भवारना के प्रांगण में किया जाएगा। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता तलवारबाजों का चयन 22वीं जूनियर राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता 2025-26 के लिए किया जाएगा। राज्यस्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 24 दिसंबर को जिला ऊना के माडर्न आईटीआई मैड़ी (अंब) में निर्धारित है। इस प्रतियोगिता में विजेता तलवारबाजों का चयन 5 से 10 जनवरी तक कटक (ओडिशा) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। सभी प्रतिभागी तलवारबाज प्रतियोगिता के दिन अपने साथ आधार कार्ड की फोटो कॉपी, जन्म प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से लेकर आएं। न्यूगल पब्लिक स्कूल भवारना के चेयरमैन अंकुर कटोच ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले तलवारबाजों को आयु एवं चयन मानकों के अनुसार ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अनुशंसित किया जाएगा।

### गोयल ने दी नवीनतम आयकर अधिनियम पर विस्तृत जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद (एनआईआरसी) के तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश शाखा द्वारा धर्मशाला स्थित एक निजी होटल में उप क्षेत्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन की मेजबानी हिमाचल प्रदेश शाखा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत शाखा अध्यक्ष सीए पंकज रत्तन के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। एनआईआरसी के चेयरमैन सीए जगजीत सिंह जग्स ने उपस्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों को संबोधित करते हुए पेशेवर चुनौतियों और अवसरों पर अपने विचार साझा किए।

एनआईआरसी के उपाध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता सीए हितेश गोयल ने जीएसटीआर-9 एवं जीएसटीआर-9सी जैसे महत्वपूर्ण जीएसटी विषयों पर विशेषज्ञ जानकारी दी, जिसे सदस्यों ने अत्यंत सराहा। अतिथि वक्ता सीए निखिल गोयल ने नवीनतम आयकर अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं एनआईसीएएसए सदस्य सीए रत्तन सिंह यादव ने अपने अनुभव साझा कर युवाओं को प्रेरित किया। सम्मेलन में सचिव सीए नरेश डोगरा, एनआईसीएएसए चेयरमैन सीए गौरव ठाकुर, कोषाध्यक्ष सीए होमी चटर्जी, उपाध्यक्ष सीए चेतन कुमार व सीए खुशमित सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश में यूथ कांग्रेस का 90 दिनों का एजेंडा तय

## केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन के साथ होगा धर्मशाला शिमला में जॉब फेयर का आयोजन: ज्योतिष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी ज्योतिष एचएम बुधवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता के दौरान।

**प्रदेश** में युवा कांग्रेस ने 90 दिनों का एजेंडा सेट किया है, जिसके तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। यह जानकारी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी ज्योतिष एचएम ने बुधवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि वोट चोरी पर कांग्रेस का राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चल रहा है, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश में भी यूथ कांग्रेस इस अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाएगी।

90 दिन के एजेंडे में धरना प्रदर्शन व जॉब फेयर आयोजित करने का पूरा खाका तैयार किया गया है। धर्मशाला और शिमला में जॉब फेयर आयोजित किए जाएंगे, साथ ही स्टूडेंटस के लिए खेलकूद गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा का नाम बदलने जा रही है, इसको लेकर भी यूथ कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। वहीं, प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में भी यूथ कांग्रेस आगे बढ़ रही है। देश के अन्य राज्यों में आयोजित जॉब फेयर में हजारों युवाओं को रोजगार मिला है। इसी कड़ी में अब हिमाचल प्रदेश में 497 कंपनियों के माध्यम से जॉब फेयर का आयोजन कर युवाओं को रोजगार जोड़ा जाएगा। जिला कांगड़ा यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंकज कुमार पंकु ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भी विभिन्न भर्तियां निकाली जा रही हैं। युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

आपदा के चलते प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, जैसे ही प्रदेश की स्थिति सुधरेगी, सरकार की ओर से अन्य पदों पर भी भर्तियां निकाली जाएंगी, जैसा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू कह चुके हैं। इस अवसर पर जिला व ब्लाक यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कुलपति बंसल ने देहरा में किया सीयू के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने देहरा स्थित विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का तथ्यात्मक अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने अवगत कराया कि परिसर का निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लिए जाएंगे।

कुलपति ने जल सुविधा को लेकर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यू) के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और निर्देश दिए कि जलापूर्ति से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूर्ण होते ही आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित की जाएं, ताकि परिसर के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके साथ ही विद्युत सुविधा के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति के लिए प्रदेश सरकार के समक्ष आवश्यक सभी औपचारिक एवं लेखकीय प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं और यह कार्य शीघ्र ही अंतिम चरण में पहुंचेगा। कुलपति ने सीपीडब्ल्यू के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विभागों को मार्च 2026 तक चरणबद्ध रूप से नवनिर्मित परिसर में स्थानांतरित करने की तैयारी सुनिश्चित की जाए। यह परिसर विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों को नई दिशा देगा तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण गुणवत्ता, आधारभूत सुविधाओं और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्यों को समयबद्ध व मानकों के अनुरूप पूर्ण करने पर बल दिया। इस अवसर पर सीपीडब्ल्यू के वरिष्ठ अधिकारी, विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रतिनिधि तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नैतिक पशु चिकित्सा पद्धतियां एवं पशु कल्याण अत्यंत आवश्यक: डॉ. एके पांडा

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न।

पालमपुर। चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में पशु चिकित्सा इंटर्न विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। अश्व कल्याण, व्यवहार एवं करुणामय हैंडलिंग, अश्व पालन प्रबंधन एवं फेरियरी विषय पर यह प्रशिक्षण विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एके पांडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि पशु कल्याण, नैतिक पशु चिकित्सा पद्धतियां एवं करुणामय व्यवहार पेशेवर उत्कृष्टता के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने क्षेत्र-उन्मुख ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को व्यावहारिक पशु चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने में अत्यंत उपयोगी बताया। प्रशिक्षण के दौरान घोड़ों के स्वास्थ्य प्रबंधन से जुड़े प्रमुख विषयों जैसे कोलिक, सुर्रा (ट्राइपैनोसोमायसिस), अश्व व्यवहार के पहलू, खुर संक्रमण, लंगड़ापन तथा फेरियरी पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें निवारक एवं उपचारात्मक दोनों दृष्टिकोणों पर विशेष बल दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्रूक इंडिया, जो घोड़ा कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत एक अग्रणी संस्था है, के सहयोग से आयोजित किया गया। ब्रूक इंडिया के डॉ. वीरेंद्र वर्मा एवं डॉ. सौरव भारती ने घोड़ों के मानवीय प्रबंधन, वैज्ञानिक पालन पद्धतियों, व्यवहार तथा नालबंदी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। पशु चिकित्सा इंटर्न विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को जानकारीपूर्ण, व्यावहारिक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुरूप बताया। समापन अवसर पर कुलपति द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जिससे प्रशिक्षण का औपचारिक समापन हुआ। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. देवेश ठाकुर एवं डॉ. अंकुर शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन, ब्रूक इंडिया, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### चार श्रम कानूनों के खिलाफ 19 जनवरी को होगा राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम कानून मजदूर वर्ग के अधिकारों पर सीधा हमला है। इन जनविरोधी कानूनों के विरोध में मजदूर संगठनों के आह्वान पर 19 जनवरी को देशभर में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह बात बैजनाथ में सीटू के जिला सचिव एवं सीपीआई(एम) जिला सचिवालय सदस्य रविंदर कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि इन कानूनों से स्थायी रोजगार समाप्त होगा, ठेका प्रथा को बढ़ावा मिलेगा और मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम वेतन, आठ घंटे का कार्यदिवस तथा पेंशन जैसे बुनियादी अधिकार खत्म किए जा रहे हैं। रविंदर कुमार ने बताया कि कांगड़ा जिले में टांडा, धर्मशाला और नगरोटा बगवां में मजदूर यूनियनों द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कॉरपोरेट हितों को बढ़ावा देने के लिए मजदूरों के दशकों के संघर्ष से प्राप्त अधिकारों को समाप्त करना चाहती है।

## 10.49 ग्राम हेरोइन के साथ पंजाब की महिला गिरफ्तार



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के तहत थाना डमटाल में एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत नशा माफिया पर शिकंजा कसा जा रहा है।

इसी कड़ी में एसआईयू यूनिट द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर पठानकोट जालंधर मार्ग पर हिल टॉप मंदिर डमटाल के पास नाका लगाया हुआ था। इस दौरान एक महिला जो संदिग्ध हालत में खड़ी थी, उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 10.49 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। आरोपी महिला के खिलाफ थाना डमटाल में मादक पदार्थ अधिनियम 21/61/85 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान गुरप्रीत कौर उर्फ गोगा पत्नी मलकित निवासी संगवाल तहसील फ्लोर जिला जालंधर के रूप में हुई है। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया के सरकार द्वारा दिए गए निर्देशानुसार चिट्टे पर लगाम लगाने के लिए लगातार प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

# युवाओं को खेलों से जोड़ना ही चिट्टे के खिलाफ सबसे प्रभावी उपाय : मलेंद्र

## इंदौरा उत्सव : पुरुष खेल प्रतियोगिताएं संपन्न, मुख्यमंत्री कल करेंगे विजेता टीमों को सम्मानित


इंदौरा उत्सव के उपलक्ष्य पर आयोजित पुरुष खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले संपन्न हो गए।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में 18–19 दिसंबर को आयोजित हो रहे इंदौरा उत्सव के उपलक्ष्य पर युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित पुरुष खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले आज संपन्न हुए। विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम हैं। प्रदेश सरकार युवाओं को चिट्टे जैसे खतरनाक नशे से बचाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है और खेल गतिविधियां इस अभियान को मजबूती प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का नारा 'चिट्टे को भगाना है, युवाओं को बचाना है' आज पूरे प्रदेश में जनआंदोलन का रूप ले चुका है। विधायक ने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ना ही चिट्टे के खिलाफ सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। विधायक ने जानकारी दी कि इन सभी खेल प्रतियोगिताओं की विजेता और उपविजेता टीमों को 19 दिसंबर को इंदौरा उत्सव के समापन दिवस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके पश्चात विधायक ने आयोजन स्थल का दौरा कर प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

### कंदरोड़ी टीम बनी वॉलीबाल विजेता

**फाइनल** मुकाबलों में वॉलीबाल प्रतियोगिता में कंदरोड़ी की टीम ने विजेता व काठगढ़ की टीम ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में तोकी 11 की टीम विजेता रही, जबकि इंदौरा 11 की टीम उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में भोगरवां की टीम ने विजेता और बसंतपुर की टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया।

# नूरपुर में आम आदमी पार्टी को मजबूत करने पर किया मंथन

## पंचायत से बूथ स्तर तक संगठन विस्तार पर जोर


'आप' के प्रदेश प्रभारी ऋतुराज ने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**जिला** कांगड़ा में आम आदमी पार्टी ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा ने नूरपुर लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में एक सशक्त, सक्रिय और जन–आधारित संगठन खड़ा करना रहा। इस दौरान पंचायत और बूथ स्तर पर पार्टी की इकाइयों के गठन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में युवाओं, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति पर भी विचार–विमर्श किया गया। साथ ही आगामी दिनों में जनसभाएं, जनसंवाद कार्यक्रम और सेवा से जुड़ी गतिविधियां आयोजित करने की योजना तैयार की गई, ताकि आम आदमी पार्टी का संदेश प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचाया जा सके। बैठक में जिला पर्यवेक्षक पूर्णचंद, जिला अध्यक्ष सुशील बहल, जिला संगठन मंत्री सतपाल सिंह संधू, कैप्टन बलदेव राज सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा ने कहा कि आम आदमी पार्टी संगठन को पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। हम 'काम की राजनीति' के अपने मूल सिद्धांतों के साथ जनता के बीच जाएंगे। युवाओं, महिलाओं और हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित कर आम आदमी पार्टी नूरपुर की जनता की सशक्त आवाज बनेगी।

## हैप्पी बर्थडे


परोला की काशवी सूद को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


डाडासीबा की सिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# दिल्ली से चार्टर विमान से महिला मरीज पहुंचाई कांगड़ा एयरपोर्ट



अनंत ज्ञान, गगल

**कांगड़ा** हवाई अड्डे पर बुधवार दोपहर 1:30 बजे दिल्ली से एक मेडिकल फ्लाइट पहुंची, जिसमें दिल्ली से एक मरीज को कांगड़ा एयरपोर्ट लाया गया।

कांगड़ा एयरपोर्ट पर मेडिकल फ्लाइट को कांगड़ा एयरपोर्ट द्वारा हर सुविधा उपलब्ध करवाई गई। गगल एयरपोर्ट एटीसी सीनियर मैनेजर सोनू कुमार ने बताया कि दिल्ली से एक चार्टर एंबुलेंस विमान एक महिला पेशेंट को लेकर डेढ बजे पहुंचा था। बीमार महिला को सिटी हॉस्पिटल की एंबुलेंस से धर्मशाला ले जाया गया।

# फ्रेंचाइजी के नाम पर 31 लाख की ठगी की शिकायत, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी पिता–पुत्र ने फ्रेंचाइजी के नाम पर यह धोखाधड़ी की। बैजनाथ क्षेत्र की महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि साल 2022 को आरोपी उसके बेटे से महाकाल में मिला और उससे कहा कि उसने सैमसंग और वन प्लस की फ्रेंचाइजी ली है, जिसमें वह उसे 50 प्रतिशत की पार्टनरशिप देना चाहता है। इसके बाद महिला के बेटे ने गूगल पे के जरिए आरोपी के अकाउंट में कुल 31,51000 रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में आरोपी टालमटोल करने लगे तो शिकायतकर्ता ने आरोपी युवक के पिता से भी पैसे वापस करने के लिए कहा, लेकिन उसने दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया और हमें धमकी दी और पैसे वापस करने से इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता ने पिता पुत्र पर इस धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाते हुए लाखों रुपए फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना बैजनाथ में भारतीय न्याय संहिता की धारा 420, 34 के तहत आरोपी पिता पुत्र पर मामला दर्ज करवाया है। उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस थाना बैजनाथ में महिला की शिकायत के आधार पर फ्रेंचाइजी के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# धर्मशाला कॉलेज की छात्रा मेघना का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला राजकीय महाविद्यालय की बीकॉम की छात्रा मेघना का 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत चयन हुआ है।



इस उपलब्धि से पूरे कांगड़ा जिले में खुशी की लहर है। मेघना मूल रूप से कांगड़ा जिले के प्रागपुर की निवासी हैं और वर्तमान में निफा हिमाचल प्रदेश की कार्यालय सचिव के रूप में भी कार्यरत हैं। समाज सेवा के प्रति उनकी गहरी रुचि और निरंतर मेहनत के चलते यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण बन गई है। मेघना रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेती रही हैं और युवाओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा प्रागपुर से प्राप्त की तथा वर्तमान में धर्मशाला राजकीय महाविद्यालय में बीकॉम की पढ़ाई कर रही हैं। मेघना ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से ही यह संभव हो सका। उन्होंने भविष्य में भी अपने कॉलेज, राज्य और देश का नाम रोशन करने का संकल्प व्यक्त किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार और महाविद्यालय, बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ा है और यह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# सकड़ी स्कूल की छात्रा वैष्णवी रिपब्लिक परेड के लिए चयनित


प्रधानाचार्य डॉ. संदीप आचार्य ने वैष्णवी की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

**राजकीय** उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकड़ी के दो एनएसएस वालंटियर राहुल और वैष्णवी ने स्टेट लेवल यूथ लीडरशिप कैंप में भाग लिया, जो कि जीएसएस बड़ोह में आयोजित हुआ। इस कैंप में लगभग 390 एनएसएस वालंटियर ने भाग लिया। इसमें लगभग 100 लड़कें और लड़कियां प्री रिपब्लिक–डे कैंप के लिए चयनित हुए।

इसमें छात्रा वैष्णवी भी चयनित हुई। राज्यस्तरीय प्री रिपब्लिक–डे कैंप 11 दिसंबर से 15 दिसंबर को गवर्नमेंट ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल उना में आयोजित किया गया। इसमें पूरे प्रदेश के लगभग 500 एनएसएस वालंटियर ने भाग लिया। इस कैंप से 45 गर्ल्स वॉलिंटियर व 45 ब्वॉयज वॉलिंटियर का चयन रिपब्लिक डे परेड– 2026 के लिए हुआ, जो कि 26 जनवरी को रिज मैदान शिमला में आयोजित होगी। सकड़ी स्कूल की छात्रा वैष्णवी की इस सफलता का श्रेय एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर भूपेंद्र सिंह व अंजना राणा को जाता है। प्रधानाचार्य डॉ. संदीप आचार्य ने वैष्णवी की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# लोकगीत प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बिखेरा हिमाचली लोक संस्कृति का रंग


शाहपुर कॉलेज में हिंदी विभाग की ओर से आयोजित लोकगीत प्रतियोगिता संपन्न।

कोहली, अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित लोकगीत प्रतियोगिता संपन्न हो गई। यह कार्यक्रम हिंदी विभाग की प्रो. आशा शर्मा के दिशा–निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन हिताक्षी ने किया।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा लोक एवं प्रणय गीतों की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। कुंजू चन्चलो, झंझोरोटी उड्डी ज्यां काली कोयले, अम्मा पूछदी सुण धीये मेरिये, माये नई मेरिये शिमले दी राहे, शिमला कितनी की दूर जैसे गीतों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। प्रथम स्थान शिवनी, आंचल, राजिया एवं अंशिका ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पल्लवी, निधि, हिताक्षी एवं ईशा के नाम रहा, जबकि तृतीय स्थान काजल, मुस्कान, पारूल, नेहा, संचिता, कुसुम, सोनाली, खुशबू एवं स्नेहा ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि लोकगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत की आत्मा है और इनके संरक्षण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सतीश ठाकुर ने कहा कि लोकगीत समाज की संवेदनाओं, परंपराओं और लोकजीवन को जीवंत रूप में अभिव्यक्त करते हैं। कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# मनरेगा का नाम बदलने का विरोध डाडासीबा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** मनरेगा का नाम बदलने की प्रस्तावित पहल के विरोध में डाडासीबा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मनरेगा में कार्यरत महिलाओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के फैसले को गरीबों और महिलाओं के अधिकार पर हमला करार दिया। मनरेगा बचाओ, मनरेगा बहनें जिंदाबाद और केंद्र सरकार तानाशाही नहीं चलेगी के नारे पूरे क्षेत्र में गूंजे।

महिलाओं ने कहा कि यह योजना उनके लिए सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि परिवार के भरण–पोषण और आत्मसम्मान का सहारा है, जिसे कोई छेड़छाड़ स्वीकार नहीं कर सकती। इस मौके पर जसवां–परागपुर के दिग्गज कांग्रेस नेता एवं पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक देन है, जिसने ग्रामीण भारत में रोजगार की गारंटी दी।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी के नाम से असहज होकर इतिहास मिटाने की कोशिश कर रही है। मनकोटिया ने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा के नाम या स्वरूप से छेड़छाड़ की गई, तो ग्रामीण स्तर पर आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने भी दोहराया कि यह लड़ाई अब सिर्फ योजना की नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के अधिकारों और अस्तित्व की लड़ाई बन चुकी है।

# धर्मशाला में सड़क सुरक्षा जागरुकता पर निकाली रैली


धर्मशाला कॉलेज परिसर में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**राजकीय** महाविद्यालय धर्मशाला के सड़क सुरक्षा क्लब के सौजन्य से कॉलेज परिसर में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से सड़क नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया।

सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक डॉ. प्रवेश गिल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर हम दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम कर सकते हैं और युवाओं को इसमें अहम भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में क्लब सदस्य डॉ. स्नेहलता, डॉ. आशीष रंजन, डॉ. बिट्टू देवी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे जागरुकता अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं।

# नागनी पेट्रोल पंप के पास कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के तहत 16 दिसंबर को नागनी पेट्रोल पंप के पास कार एचपी 54ए–1734 की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। चालक गाड़ी को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चला रहा था कि मोटरसाइकिल (एचपी 37जे–4483) को टक्कर मार दी व मौके से भाग गया। इस हादसे में प्रिंस राणा निवासी खजुरनु डाकघर मूंढी तहसील पालमपुर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवारना ले जाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# जयसिंहपुर कॉलेज में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

**कंवर** दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में बुधवार से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना एवं राष्ट्र निर्माण के मूल्यों का विकास करना है। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हरजिंदर सिंह और डॉ. शिवानी के नेतृत्व में किया जा रहा है।

प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि के रूप के मौजूद रहे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा मौजूदा प्राचार्य के विभिन्न महाविद्यालयों में स्वच्छता एवं सफाई अभियान के तहत श्रमदान संबंधित वीडियो दिखाई गई, जोकि बैजनाथ, पालमपुर और नगरोटा सूरियां महाविद्यालयों में किए गए। विभिन्न महाविद्यालयों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया व उनके साथ शिक्षक व गैर–शिक्षक वर्ग और छात्रों ने भी उनका सहयोग देकर इस अभियान को सफल बनाया। सात दिवसीय शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरुकता रैली, श्रमदान एवं विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम अधिकारियों ने बताया कि यह सात दिवसीय शिविर विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं से जोड़ने तथा उनके समाधान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। शिविर के माध्यम से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य ने शुभारंभ समारोह के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवियों को बधाई दी।

**कार्यक्रम** भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों ने बांधा समां

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे नवाजे

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ की प्राइमरी विंग का बुधवार को स्कूल कैंपस में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जूनियर विंग के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। बच्चों ने हिंदी, पहाड़ी, नाटी व पंजाबी तथा योगा की प्रस्तुतियां दी गई, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा।

मुख्यतिथि एवं स्कूल के निदेशक नवनीत डोगरा ने स्कूल की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि 2024–25 सत्र मे इस स्कूल के जमा दो तथा दसवीं में पूरे प्रदेश मे 19 विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि इस स्कूल के बच्चे आज देश–विदेश में ऊंचे पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि वे निकट भविष्य में लगन और मेहनत से पढ़ाई करके ऊंचे पदों पर आसीन हो। उन्होंने कहा कि जो बच्चे बोर्ड परीक्षा में मेरिट में आते हैं, उन्हें स्कूल की ओर से आरके डोगरा स्मृति स्कॉलरशिप के तौर पर इस वर्ष 2 लाख 10 हजार रुपए नकद राशि जमा दो परीक्षा व दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में मेरिट भी आए बच्चों को बांटे जाएंगे। इस स्कॉलरशिप में जमा दो व दसवीं कक्षा की प्रथम मेरिट में आने वाले मेधावी को 20–20 हजार तथा अन्य सभी मेरिट होल्डरस को 10–10 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। प्राइमरी और सेकेंडरी सेक्शन शामिल है। उन्होंने बताया कि सेकेंडरी विंग का वार्षिक समारोह 24 दिसंबर में आयोजित किया जाएगा। इस वार्षिक समारोह के दौरान शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो वितरित किए गए।


भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ में वार्षिक समारोह का आयोजन किया।

# धर्मशाला में 24 से बढ़ेगी चहलकदमी हफ्तेभर लग रहेगा आगुंतकों का मेला

- कांगड़ा वैली कार्निवल की तैयारियां शुरू
- क्रिसमस से न्यू ईयर तक जुटी रहेगी भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला में 24 दिसंबर से चहलकदमी बढ़ने वाली है। 24 से 31 दिसंबर तक धर्मशाला व मैक्लोडगंज में आगुंतकों व पर्यटकों का मेला लगा रहेगा। धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में कांगड़ा वैली कार्निवल की तैयारियां शुरू हो गई हैं। ऐसे में क्रिसमस से न्यू ईयर तक पर्यटकों की भीड़ जुटेगी। 24 दिसंबर से शुरू होने वाले कांगड़ा घाटी कार्निवल को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। पुलिस मैदान धर्मशाला में आयोजित होने वाले इस आयोजन को लेकर बुधवार को आयोजन का सामान मैदान में पहुंचना शुरू हो गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच तैयार करने की प्रक्रिया में श्रमिक जुट गए हैं।

24 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन को पर्यटन की दृष्टि से भी काफी हद तक महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि 24 से शुरू होने वाला यह कार्यक्रम क्रिसमस व नववर्ष तक चलेगा। इन दिनों काफी संख्या में बाहरी राज्यों के पर्यटक पर्यटन नगरी का रुख करते हैं। ऐसे में यहां की सुंदर वादियों में घूमने के साथ प्रदेश की कला संस्कृति से परिचित होने के लिए पर्यटकों को एक स्थल मिलेगा। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार की ओर से हर साल 24 से 31 दिसंबर तक धर्मशाला में कांगड़ा वैली कार्निवल आयोजित करने की अधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। ऐसे में हर साल यह आयोजन यहां के पर्यटन कारोबार को बूस्ट मिलेगा।

# घुमारवीं को 69 करोड़ के विकास की सौगात

## राजेश धर्माणी की सशक्त पैरवी लाई रंग, सीएम सुक्खू ने किए उद्घाटन व शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बिलासपुर जिले से एकमात्र कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी की प्रभावी मांगों और निरंतर प्रयासों को स्वीकार करते हुए घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र को ऐतिहासिक विकास सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में लगभग 69 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, जिससे घुमारवीं के बुनियादी ढांचे, यातायात, खेल, सुरक्षा और जल संरक्षण को नई मजबूती मिलेगी।

घुमारवीं के समग्र विकास को लेकर राजेश धर्माणी की स्पष्ट दृष्टि, जमीनी समझ और सरकार के समक्ष सशक्त प्रस्तुति का ही परिणाम है कि मुख्यमंत्री ने एक साथ इतने बड़े पैमाने पर परियोजनाओं को स्वीकृति दी। धर्माणी ने हमेशा क्षेत्र की जनभावनाओं को प्राथमिकता देते हुए विकास को राजनीति से ऊपर रखा है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ आज घुमारवीं की जनता को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने 6.08 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय खेल परिसर की आधारशिला रखी, जिससे क्षेत्र के युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने के लिए आधुनिक



विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, साथ हैं धर्माणी, गोमा व अन्य।

सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही 4.82 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नए पुलिस थाना घुमारवीं का उद्घाटन किया गया, जो क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा। इसके अतिरिक्त 6 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले फैमिली क्वार्टरों की आधारशिला भी रखी गई, जिससे सरकारी कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधा मिलेगी।

यातायात और सड़क संपर्क को मजबूत करने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए गए। 6.13 करोड़ रुपए की लागत से अमरपुर-हड़सर-डाहड-जमन-घुमारवीं सड़क (लगभग 7 किलोमीटर) के उन्नयन की आधारशिला रखी गई। वहीं, 34.95 करोड़ रुपए की लागत से 31 किलोमीटर लंबी घुमारवीं-बरठीं-शाहतलाई सड़क के उच्चीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया, जिससे क्षेत्र के दूरदराज इलाकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। जल संरक्षण के क्षेत्र में राजेश धर्मानी की सोच को साकार करते हुए 3.67 करोड़ रुपये की लागत से सीर खड्डु में निर्मित वर्षा जल संग्रहण (चेक डैम) का उद्घाटन किया गया। इससे न केवल जल स्तर सुधरेगा, बल्कि किसानों को भी लाभ मिलेगा।

इसी कड़ी में बाड़ी मझेड़वां में 6.80 करोड़ रुपए की लागत से सीर खड्डु पर 68 मीटर लंबे जीप योग्य स्पैन पुल की आधारशिला रखी गई। यह पुल बाड़ी मझेड़वां-डाहड-पनोल सड़क को मजबूती देगा और स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने राजेश धर्माणी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने घुमारवीं की आवाज को सरकार तक मजबूती से पहुंचाया है। जनता का मानना है कि धर्माणी के नेतृत्व में घुमारवीं विकास के नए युग में प्रवेश कर रही है। यह पूरा विकास पैकेज इस बात का प्रमाण है कि जब जनप्रतिनिधि ईमानदारी, प्रतिबद्धता और दूरदृष्टि के साथ काम करता है, तो क्षेत्र का भाग्य बदलना तय होता है। राजेश धर्माणी आज घुमारवीं ही नहीं, बल्कि पूरे बिलासपुर जिले में विकास के मजबूत स्तंभ के रूप में उभर कर सामने आए हैं।

### दिल्ली-बागा बस सेवा जल्द होगी बहाल

**दिल्ली**-बागा (कंधर) बस सेवा को चंडीगढ़ तक सीमित किए जाने के निर्णय को लेकर अर्की क्षेत्र का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला। प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री ने बस सेवा को पुनः सीधे दिल्ली तक या वैकल्पिक मार्ग से बहाल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बस सेवा के सीमित होने से बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और किसानों को भारी परेशानी हो रही थी। दिल्ली स्थित मंडियों पर निर्भर किसान, बागवान और पॉलीहाउस संचालक भी इससे प्रभावित हो रहे थे। जनहित को देखते हुए मुख्यमंत्री ने समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया, जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल संतुष्ट नजर आया।

## साहसिक फैसलों से पेंशनरों को राहत दे रही सरकार : धर्माणी



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में प्रदेश संयुक्त पेंशनर संघ फ्रंट द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पेंशनर दिवस समारोह में नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पेंशनरों की लंबित देनदारियों के समाधान के लिए नीतिगत और साहसिक निर्णय ले रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार को सत्ता संभालते समय भारी आर्थिक बोझ और वर्षों से लंबित पेंशन व चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बकाया मिले, बावजूद इसके 75 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों की देनदारियों को प्राथमिकता के आधार पर चुकाया जा रहा है। यह निर्णय मानवीय संवेदनाओं और नैतिक जिम्मेदारी को दर्शाता है।

राजेश धर्माणी ने कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद सरकार ने राजस्व बढ़ाने के लिए पारदर्शी कदम उठाए हैं। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, किसानों को बेहतर समर्थन मूल्य देने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## सम्मान की पेंशन, सिर्फ भुगतान नहीं-भरोसे की बहाली की कहानी

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** पेंशन केवल एक मासिक राशि नहीं होती, यह उस जीवन की मान्यता होती है जो किसी कर्मचारी ने ईमानदारी, अनुशासन और सेवा-भाव के साथ राज्य को समर्पित किया होता है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी और सीमित संसाधनों वाले राज्य में पेंशनरों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण रही है, क्योंकि यहां प्रशासनिक ढांचे को खड़ा करने और चलाने में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का अनुभव सबसे बड़ा आधार रहा है।

पेंशनर्स दिवस के अवसर पर घुमारवीं से दिया गया मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का संदेश इसी भाव को रेखांकित करता है। यह संदेश केवल आंकड़ों और घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उस भरोसे की पुनर्स्थापना का प्रयास है, जो वर्षों से लंबित देनदारियों और अनिश्चितताओं के कारण डगमगा गया था। ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली इसी दिशा में पहला बड़ा कदम माना जाता है, जिसने कार्यरत कर्मचारियों के साथ-साथ भविष्य के पेंशनरों को भी मानसिक सुरक्षा प्रदान की।

राज्य सरकार द्वारा विभिन्न आयु वर्गों के पेंशनरों को प्राथमिकता के आधार पर एरियर भुगतान की नीति यह दर्शाती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद संवेदनशीलता को नजरअंदाज नहीं किया गया। 75 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों को पहले पूरा भुगतान, फिर 70 वर्ष और उससे कम आयु वर्ग के पेंशनरों को चरणबद्ध राहत, यह केवल वित्तीय प्रबंधन नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का संकेत है।

महत्वपूर्ण यह भी है कि सरकार ने केवल पेंशन तक ही अपने प्रयास सीमित नहीं रखे। ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट, वेतन एरियर और चिकित्सा प्रतिपूर्ति जैसे मुद्दे, जो वर्षों से पेंशनरों और कर्मचारियों के लिए चिंता का कारण बने हुए थे, अब स्पष्ट समय-सीमा और चरणबद्ध नीति के साथ आगे बढ़ रहे हैं। चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के 30 दिन में भुगतान का आश्वासन बुजुर्ग पेंशनरों के लिए विशेष राहत देने वाला है।

पेंशनरों के हितों से जुड़ी यह पूरी प्रक्रिया यह संकेत देती है कि सरकार विकास और वित्तीय अनुशासन के साथ-साथ सामाजिक न्याय को भी समान महत्व देना चाहती है। पेंशनरों को दिया गया सम्मान दरअसल उस प्रशासनिक विरासत का सम्मान है, जिस पर आज की सरकार और व्यवस्था खड़ी है। आने वाले समय में जब प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और केंद्र से वित्तीय सहयोग मिलेगा, तब यह अपेक्षा और मजबूत होती है कि पेंशनरों की शेष देनदारियों का समाधान और तेज़ी से होगा। फिलहाल, घुमारवीं से उठी यह आवाज पेंशनरों के लिए एक भरोसे का संकेत है कि उनका योगदान भुलाया नहीं गया है।

## भाकपा सौ साल पूरे होने पर 25 दिसंबर को बिलासपुर में मनाएगी शताब्दी पर्व : प्रवेश चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला परिषद की बैठक स्थानीय सर्किट हाउस बिलासपुर में कामरेड वासुदेव वसु की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व जिला कोषाध्यक्ष कामरेड गंगाराम शर्मा, प्रख्यात शिक्षाविद एवं बीपीएस स्कूल के संस्थापक चंद्रशेखर पंत तथा कामरेड अनन्य चंबा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके बाद पार्टी के जिला सचिव ने संगठन के पिछले कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और पार्टी की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर को नगर परिषद हॉल, बिलासपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में शताब्दी समारोह के सफल आयोजन के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पूर्व शिक्षाविद कामरेड वासुदेव वसु बनाए गए, जबकि प्रो. केएस धीर, पूर्व विधायक केके कौशल, श्यामलाल ठाकुर और एडवोकेट प्रवेश चंदेल को सदस्य नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड दीवाना राम चौधरी करेंगे, जबकि मुख्यातिथि भाकपा के पूर्व राज्य सचिव कामरेड देशराज शर्मा और मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी ने मजदूरों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है। प्रदेश में मुजारा आंदोलन, हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने और मजदूरों के नियमितीकरण में पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पार्टी अपने राष्ट्रीय लक्ष्य के तहत प्रदेश में 5,000 नए सदस्यों की भर्ती करेगी।

## कल्याण कला मंच ने रणजीत वर्धन को बनाया मीडिया प्रभारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया है। जिसके तहत उपप्रधान लश्करी राम और बीना वर्धन, सह सचिव धर्म चंद धीमान, मीडिया प्रभारी रणजीत वर्धन और प्रैस सचिव कर्मवीर कंडेरा को बनाया गया। संरक्षक मंडल में बुद्धि सिंह चंदेल, सुख राम आजाद, रविंद्रनाथ भट्टा और शीला सिंह को शामिल किया गया है। सलाहकार सुषमा खजूरिया, सुशील कुमार पुंडीर, डॉ. अनेक राम संख्यान, ललिता कश्यप और जगदीश सहोता, प्रबंधक डॉ. लेखराम शर्मा, कर्नल जसवंत सिंह चंदेल, वीएसएम रूप शर्मा, जीत राम सुमन और भीम सिंह नेगी को स्थान दिया गया है।

विभिन्न विभागों के सचिव देविंद्र सिंह राजपूत, आशा कुमारी, बीना चैधरी, सुमन चड्ढा, आशा लाल, कविता सिसोदिया, विजय सहगल, रचना चंदेल और रविंद्र कमल चंदेल नियुक्त हुए, जबकि विभिन्न विधाओं के प्रभारियों में नरेंद्र दत्त शर्मा, बीर सिंह चंदेल, डॉ. हेमा ठाकुर, परमजीत सिंह कहलूरी, हुसैन अली, बृज लाल लखनपाल, चिंता देवी भारद्वाज, राकेश मिन्हास और गोरखू राम शास्त्री को स्थान दिया गया है।। सभी कार्यकारिणी के सदस्यों को कोर कमेटी के सदस्यों ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि सभी अपने अपने दायित्वों का पालन करते हुए मंच को समर्पित रह कर काले बाबा जी का आशीर्वाद सदा प्राप्त करते रहेंगे।

## नयना देवी में मास्टर सलीम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**



मंदिर न्यास श्री नयना देवी जी के स्थापना के गौरवशाली 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम की पहली भजन संध्या श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगी नजर आई। पंजाब के प्रसिद्ध पार्श्व गायक मास्टर सलीम ने अपनी सुरीली आवाज से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

गुफा के साथ बने स्टेडियम में आयोजित भजन संध्या का आनंद लेने के लिए श्रद्धालु समय से पहले ही पंडाल में पहुंच गए थे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि एसडीएम धर्मपाल ने उनका तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। भजन संध्या में मास्टर सलीम ने 'मैं भगवान राम का सेवक हूं, हर धर्म से पहले मैं सनातनी हूं' जैसे भजनों को प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा का संचार किया। उनके भजनों को सुनने के लिए पंडाल छोटा पड़ गया, बावजूद इसके श्रद्धालुओं ने पूरे अनुशासन और प्रेम के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय भजन गायक अभिषेक सोनी ने की। उन्होंने पहाड़ी भेंटों सहित 'मैनू रख लै सेवादार तूं अपने चरणां दा', 'चलो दरबार मां दे', 'तेरे नाम दा सहारा है' सहित कई भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मंदिर न्यास की ओर से श्रद्धालुओं में प्रसाद भी वितरित किया गया।

## पेंशनरों को बांटने की बजाय उनकी देनदारियों का भुगतान करे सरकार : चेतराम वर्मा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति जिला बिलासपुर द्वारा अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस जिला संयोजक चेतराम वर्मा की अध्यक्षता में विश्वकर्मा मंदिर डियारा सेक्टर बिलासपुर में धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में अशोक कुमार चंदेल सामाजिक कार्यकर्ता व ट्रांसपोर्टर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मंच संचालन करते हुए सुशील पुंडीर ने जिलाभर से आए हुए पेंशनरों का स्वागत किया। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यातिथि का शॉल, टोपी व मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। पेंशन दिवस पर जिला के विभिन्न विभागों के लगभग 18 संगठनों के पदाधिकारियों, सदस्यों ने भाग लिया। मुख्यातिथि द्वारा जिला के 80 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनरों को सम्मानित किया गया। बैठक में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन शहरी इकाई के प्रधान रविंद्र नाथ भट्टा, सचिव देवेश्वर गौतम, सदर खंड प्रधान जय कृष्ण शर्मा, सचिव राम प्रकाश वर्मा आदि ने अपने विचार रखते हुए कहा है कि सरकार पेंशनरों को बांटने की बजाय उनकी जो देनदारियां हैं उनके भुगतान के लिए वित्त का प्रबंध करे और आर्थिक संकट का रोना बंद करे। सरकार ने पेंशनरों को अपने हकों के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया है जो सरकार के लिए अच्छे संकेत नहीं है क्योंकि पेंशनरों का सरकार के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है।

## टिप्पर ऑपरेटरों को फोरलेन में दिलवाया जाए काम : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** निर्माणाधीन शिमला-मटौर फोरलेन में ढुलान कार्य देने की मांग को लेकर टिप्पर आपरेटर यूनियन बिलासपुर का धरना-प्रदर्शन जारी है। बुधवार को दसवें दिन सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल भी नौणी के पास धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने टिप्पर ऑपरेटरों की मांग को जायज करार देते हुए कहा कि वे फोरलेन का निर्माण कर रही गाबर कंपनी से भीख नहीं, बल्कि काम मांग रहे हैं। यह उनका हक भी है। उन्होंने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से मांग की कि टिप्पर ऑपरेटरों के आंदोलन को गंभीरता से लेकर उन्हें फोरलेन में काम दिलवाया जाए।

त्रिलोक जमवाल ने कहा कि शिमला-मटौर फोरलेन का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस फोरलेन का नौणी से नम्होल तक का हिस्सा बिलासपुर जिला में आता है। ऐसे में रोजगार के लिहाज से पहला हक प्रभावित और स्थानीय लोगों का है। केंद्र और प्रदेश सरकार की पॉलिसी भी यही है कि किसी भी प्रोजेक्ट में 70 फीसदी रोजगार या काम स्थानीय लोगों को मिलना चाहिए। ऐसे में ढुलान कार्य को लेकर टिप्पर ऑपरेटरों की मांग पूरी तरह से जायज है। उन्होंने कहा कि ढुलान कार्य देने की मांग को लेकर टिप्पर ऑपरेटर पिछले 10 दिनों से धरने पर बैठे हैं, लेकिन गाबर कंपनी उनसे वार्ता करने की जहमत तक नहीं उठा रही है। इस मौके पर टिप्पर ऑपरेटर यूनियन के पदाधिकारी सतदेव शर्मा व चंदन चंदेल समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## मिनर्वा स्कूल के पूर्व छात्र शिव मंथन का टेक्निकल एंट्री स्कीम में चयन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**




शिव मंथन को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व अन्य।

मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं के पूर्व छात्र शिव मंथन ने भारतीय सशस्त्र बलों की टेक्निकल एंट्री स्कीम के तहत चयनित होकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

शिव मंथन ने नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक की शिक्षा मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की। वह पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहे। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उनका चयन एनआईटी हमीरपुर में इंजीनियरिंग के लिए हुआ, लेकिन उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा के अपने लक्ष्य को प्राथमिकता दी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल, स्टडी सर्कल के सीएमडी राकेश चंदेल एवं एमडी स्वदेश चंदेल ने शिव मंथन को बधाई देते हुए इसे वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी माता शशि शर्मा और पिता चमन लाल को भी इस सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिव मंथन की सफलता संस्था की उस शैक्षिक परंपरा का परिणाम है, जिसमें शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा की भावना को विशेष महत्व दिया जाता है। उन्होंने शिव मंथन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पत्रकार को पितृ शोक, जिला प्रशासन और मंत्री राजेश धर्माणी ने जताई संवेदनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला मुख्यालय में कार्यरत एमएचवन न्यूज चैनल के जिला ब्यूरो प्रमुख/संवाददाता सुनील ठाकुर के पिता स्वर्गीय इंद्र सिंह (69 वर्ष) के निधन पर जिला प्रशासन, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा राज्य सरकार की ओर से गहरा शोक व्यक्त किया गया है।

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, सहायक आयुक्त राजकुमार एवं एसडीएम डॉ. राजदीप सिंह ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की तथा पत्रकार सुनील ठाकुर एवं उनके परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इसी क्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार सहित जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय बिलासपुर के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी शोक व्यक्त किया है। विभाग की ओर से जारी शोक संदेश में दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने की कामना की गई है।

## कोलवैली नर्सिंग में विदाई समारोह शालिनी-रेखा बनीं मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कोलवैली इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, हरनोड़ा में बीएससी नर्सिंग फाइनल और जीएनएम नर्सिंग थर्ड ईयर की छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में जूनियर छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सीनियर्स को यादगार विदाई दी। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा सदर मंडल की अध्यक्षा एवं हिमाचल प्रदेश कामगार संघ की महासचिव सरोज लता ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। संस्थान के प्रबंध निदेशक प्रकाश ठाकुर और निदेशिका अंजना ठाकुर ने मुख्यातिथि का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

अपने संबोधन में सरोज लता ठाकुर ने नर्सिंग प्रोफेशन को मानव सेवा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान शालिनी और रेखा को मिस फेयरवेल, जबकि प्रिया और यक्षिता को मिस पर्सनैलिटी के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम का समापन कोलवैली प्रबंधन द्वारा आयोजित कहलूरी धाम के साथ हुआ।

## झंडूता में प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर छात्र किए जागरूक

**अनंत ज्ञान झंडूता**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण खंड झंडूता के कार्यकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश गौतम के आदेशानुसार सूचना एवं संप्रेषण ब्यूरो द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस का आयोजन राजकीय हाई स्कूल अमरोहा में प्रधानाचार्य पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार उपस्थित हुए छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस हर साल प्रदूषण के खतरों और हमारे पर्यावरण को बचाने को लेकर जागरूक किया जाता है यह दिन 2 दिसंबर 1984 की भोपाल गैस ट्रेजेडी में मारे गए हजारो लोगों की याद में भी मनाया जाता है । भोपाल गैस त्रासदी के कारण लगभग 5 लाख लोगों की मौत व हजारों लोग प्रभावित हो गए थे। बड़े-बड़े शहरों का वायु प्रदूषण इतना हानिकारक हो गया है कि लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। दिल्ली एनसीआर का वायु प्रदूषण इतना हो गया है कि आसमान में धुआं ही धुआं नजर आता है। प्रदूषण के कारण लोगों को कई प्रकार के रोग प्रभावित कर रहे हैं जैसे आंखों में जलन, फेफड़ों के रोग, गले का रोग, खांसी अन्य समस्याएं हो रही है। आज के समय में हवा, पानी और धूल मिट्टी के कणो और ईकोसिस्टम पर होने वाले खतरनाक असर से निपटे के लिए जागरुकता जरूरी है, क्योंकि कई शहरों में प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा है जहरीली हवा और इंडस्ट्रियल एमिशन की वजह से कुछ जगह गैस चैंबर जैसी बन गई है ।ऐसे में इस दिन का महत्व और बढ़ जाता है प्रतिवर्ष इस दिवस की एक अलग थीम तय की जाती है इस वर्ष की थीम' हरित भविष्य के लिए सतत जीवन' है।

**पहल** जीपीएस आधारित सर्वे से किसानों को समय पर मिल रहा मुआवजा

## डिजिटल फसल सर्वे से बदली बिलासपुर की खेती

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में कृषि को अधिक पारदर्शी, वैज्ञानिक और किसान-हितैषी बनाने की दिशा में डिजिटल फसल सर्वे एक प्रभावी पहल बनकर उभरा है। पहाड़ी भू-भाग, छोटे जोत वाले किसान और मौसम की अनिश्चितताओं से जूझ रहे जिले के लिए यह सर्वे कृषि व्यवस्था को सशक्त करने का मजबूत माध्यम साबित हो रहा है।

डिजिटल फसल सर्वे के तहत गांवों में फील्ड स्तर पर सर्वे कर्मी मोबाइल ऐप और जीपीएस तकनीक से खेतों का विवरण दर्ज कर रहे हैं। इसमें गेहूं, मक्की, धान, सब्जियां, दालें और नकदी फसलों के साथ बोआई क्षेत्र, फसल की स्थिति और उत्पादन का अनुमान शामिल है। जियो-टैगिंग से प्रत्येक खेत का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार हो रहा है, जिससे आंकड़ों की विश्वसनीयता बढ़ी है।

प्राकृतिक आपदाओं और मौसम जनित नुकसान की स्थिति में यह सर्वे फसल क्षति के आकलन में अहम भूमिका निभा रहा है। अतिवृष्टि, ओलावृष्टि या सूखे की स्थिति में वास्तविक नुकसान का त्वरित और सटीक आकलन संभव हो रहा है, जिससे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और राज्य सरकार की राहत योजनाओं के तहत किसानों को समय पर मुआवजा मिल पा रहा है।

डिजिटल फसल सर्वे से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी पारदर्शिता आई है। डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर किसानों को फसल बीमा, अनुदान और अन्य कृषि सहायता योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इससे पात्र किसानों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो रहा है।

सर्वे से प्राप्त आंकड़ों से जिला प्रशासन और कृषि विभाग को फसल उत्पादन का सटीक अनुमान मिल रहा है, जिससे भंडारण, विपणन और मूल्य प्रबंधन से जुड़े निर्णय बेहतर हो रहे हैं। कुल-मिलाकर, बिलासपुर जिले में डिजिटल फसल सर्वे कृषि को आधुनिक, पारदर्शी और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो किसानों को आर्थिक सुरक्षा और बेहतर भविष्य की ओर ले जा रहा है।



### फसलों की जानकारी का पंजीकरण करवाएं

**उपनिदेशक** कृषि डॉ. प्रेम चंद ठाकुर ने बताया कि कृषि विभाग जिला बिलासपुर में फसलों का डिजिटल सर्वे मैसर्ज एग्री बाजार टेक्नॉलोजी प्राइवेट लि. के माध्यम से कर रहा है। उन्होंने जिला के किसानों से अनुरोध किया है कि वह अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र में जाकर अपनी फसलों की जानकारी का पंजीकरण करवाएं। उन्होंने बताया कि इस बारे अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग के खंड स्तर के अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

## एनसीसी इकाई ने करवाई चित्रकला प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गेहड़वीं में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई द्वारा 'परिपत्र अर्थव्यवस्था के सात सिद्धांत' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के पुनः उपयोग तथा सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक कला के माध्यम से सात सिद्धांतों को प्रभावशाली ढंग से चित्रों में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चमन लाल पुरी ने कहा कि परिपत्र अर्थव्यवस्था वर्तमान समय की आवश्यकता है और इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी तथा जागरूक नागरिक बनने की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में अश्वनी गौतम, प्रेम कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मानवीय लापरवाही से बढ़ती जंगलों की आग

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिनका मुख्य कारण मानवीय लापरवाही मानी जा रही है। शिविरों में आग को ठीक से न बुझाना, जानबूझकर आग लगाना और चारे के लिए चारागाहों (स्थानीय भाषा में फाट) को जलाना आम हो गया है। पशुओं के लिए नई घास उगाने की जल्दबाजी में लगाई गई आग कई बार विकराल रूप धारण कर जंगलों तक फैल जाती है। इससे पेड़-पौधों के साथ-साथ वन्य जीवों और पक्षियों को भारी नुकसान होता है। विशेषज्ञों के अनुसार जंगलों के विनाश का सीधा असर ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और समय पर बारिश न होने के रूप में दिखाई दे रहा है। खेतों में आवश्यक नमी की कमी से कृषि भी प्रभावित हो रही है।

### विश्वकर्मा योजना से कारीगर बनें आत्मनिर्भर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को इसका पूर्ण लाभ उठाने और व्यक्तिगत कार्य से आगे बढ़कर समूह आधारित लघु उद्योग स्थापित करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को एक लाख तक का बिना गारंटी ऋण मात्र 5 प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध है, जिससे वे आधुनिक उपकरण खरीदकर उद्यम स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने पारंपरिक कलाओं के संरक्षण और बाजार से जोड़ने के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष नीलम नैय्यर, बैंक व एमएसएमई के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने लाभार्थियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ स्थायी रोजगार और पारंपरिक कलाओं के पुनरुत्थान पर ध्यान देने की सलाह दी।

### वरिष्ठ पेंशनर्स को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिमाचल राज्य विद्युत परिषद पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन डल्हौजी ने पेंशन दिवस के अवसर पर विद्युत बोर्ड के विश्राम गृह में बैठक आयोजित की। इसमें 25 पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक का शुभारंभ संघ के प्रधान एच.एस. चौहान ने सदस्यों का स्वागत करते हुए पेंशनर्स दिवस के महत्व पर प्रकाश डालकर किया। इकाई के महासचिव मलिक राज ने सरकार और मैनेजमेंट से बकाया भत्ते और एरियर तुरंत रिलीज करने की मांग की। 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ पेंशनर्स–ज्ञान सिंह, रत्न चंद, बिशन दास, बिहारी लाल और मदन लाल–को सम्मानित किया गया। बैठक में संघ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### गोशाला जाते समय महिला पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट में गाली गलौज व धमकी का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला उर्मिला पत्नी दौलत राम, निवासी तहसील सरकाघाट, जिला मंडी जब वह अपने गौशाला की ओर जा रही थी, तो उसके पड़ोसी शीतल ने उसके साथ गाली-गलौच की तथा जान से मारने की धमकी दी तथा अचानक ईंट उठाकर उसकी ओर फेंक दी, जिससे उसके सिर पर चोट आई। जिस पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत थाना किया गया। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बुधवार को नागचला-नेरचौक बाइफरकेशन के पास एक सड़क दुर्घटना घटित हुई। मोटरसाइकिल जिस पर नीरज कुमार निवासी गांव भंतरेहड़ तथा उनका चचेरा भाई ईशांत निवासी गांव भंतरेहड़ सवार थे, मनाली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कार जिसे दीपक कुमार निवासी गांव रती, तहसील बल्ह, जिला मंडी चला रहा था, ने सड़क पार करते समय मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों मोटरसाइकिल सवारों को चोटें आईं, जिन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से मेडिकल कॉलेज नेरचौक पहुंचाया गया। इस घटना में ईशांत उपरोक्त की मृत्यु हो गई है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण कार चालक द्वारा तेज रफ्तारी व लापरवाही से वाहन चलाना पाया गया है। इस आधार पर यातायात पुलिस थाना नेरचौक में मामला दर्ज किया गया। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

### बाइक व पिकअप जीप में टक्कर, एक घायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** गत शाम अप्पर भाम्बला (ध्वाली) के पास सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें मोटरसाइकिल और पिकअप जीप की टक्कर हो गई। मोटरसाइकिल पर सवार प्रवीण कुमार निवासी ढलवान हमीरपुर जा रहे थे, तभी भोलूघाट की ओर से आ रही पिकअप जीप ने ओवरटेक के दौरान उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में प्रवीण सड़क पर गिर गए और उन्हें चोटें आईं। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्हड़ा में उपचार के लिए पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना पिकअप चालक कर्म सिंह (63 वर्ष) की तेज रफ्तार व लापरवाही से हुई बताई जा रही है। दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा। पुलिस थाना हटली में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

### बीएसएल परियोजना के कर्मचारी ने लगाया फंदा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल परियोजना में कार्यरत एक कर्मचारी ने फंदा लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। सूचना मिलने पर पुलिस थाना कालोनी ने मृतक के शव का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार गौरव कुमार पुत्र पवन कुमार क्वार्टर नम्बर-एस-2/184 ने मंगलवार रात घर पर कहा कि उसे कोल्ड हो गया है वह आज बच्चों के साथ नहीं सोएगा और वह अपने भाई के क्वार्टर में सोने चला गया और कह गया कि उसकी कुछ दिनों ने नींद पूरी नहीं हो रही है, इसलिए इसे सुबह जल्दी न उठाए। सुबह जब गौरव का भाई अपने क्वार्टर में भाई को जगाने पहुंचा तो उसे फंदा से लटका पाया, जिसके बाद उसने मृतक के गले की रस्सी काट कर उसे बी.बी.एम.बी. अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत करार दे दिया। सूचना मिलने पर बी.एस.एल. थाना का दल अस्पताल पहुंचा। वहां मौजूद परिवार के सदस्यों ने पुलिस को दिए बयान में गौरव की मौत को लेकर कोई शक शुबा नहीं जताया है। जिस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल में कराया है।

### अंतरिक्ष ठाकुर का ऑल इंडिया में 121वां रैंक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के अंतरिक्ष ठाकुर ने गेट (एयर-121) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर ऑल इंडिया स्तर पर 121वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ अंतरिक्ष ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंतरिक्ष ठाकुर ने बताया कि उन्होंने देशभर के हजारों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ इस प्रतिष्ठित परीक्षा में भाग लिया और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच यह मुकाम हासिल किया। गेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अब उन्होंने आईआईटी मुंबई में वीएलएसआई डिजाइन विषय में एमटेक की पढ़ाई शुरू कर दी है। अंतरिक्ष की प्रारंभिक शिक्षा नर्सरी से जमा दो तक दयानंद स्कूल जोगिंद्रनगर से हुई। इसके उपरांत उन्होंने एनआईटी हमीरपुर से बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई पूरी की। क्षेत्र के लोगों ने अंतरिक्ष की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

# लापता युवती मामले में चंबा में उबाल

## ग्रामीणों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर किया धरना-प्रदर्शन, बाजार में चक्का जाम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पिछले तीन महीनों से लापता 23 वर्षीय युवती के मामले ने चम्बा में गंभीर रूप ले लिया है। युवती चम्बा में कंप्यूटर ट्रेनिंग कर रही थी, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। इसी को लेकर आज युवती के परिजन और डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भड़ेला, उपमंडल सलूणी के ग्रामीणों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और मुख्य मार्ग बंद कर चंबा बाजार में चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान जिला व पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की गई।

प्रदर्शनकारी सड़क के बीचों-बीच बैठकर न्याय की मांग करते रहे। धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। महिलाओं का कहना था कि जब तक उनकी बेटी का पता नहीं चल जाता, वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। हालात उस समय और तनावपूर्ण हो गए जब पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की गई, लेकिन महिलाएं अपनी मांगों पर डटी रहीं और किसी भी कीमत पर कार्रवाई की मांग करती रहीं। प्रदर्शन के बाद उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने मामले को लेकर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि यह मामला सलूणी क्षेत्र की एक युवती से जुड़ा है, जिसकी जांच पुलिस के माध्यम से लगातार की जा रही है। आज परिजन उनसे मिले थे और जांच प्रक्रिया को और तेज करने का अनुरोध किया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उन्हें जांच की प्रगति से अवगत कराया गया है और पूरे प्रयास किए जा रहे हैं कि मामले को शीघ्र सुलझाया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकरण में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

उपायुक्त ने आगे बताया कि परिजनों की मांग पर चमेरा झील में सर्च ऑपरेशन चलाने का भी निर्णय लिया गया है। इसके लिए एनएचपीसी की मदद से गोताखोर उपलब्ध करवा दिए गए हैं, जबकि एनडीआरएफ और निजी गोताखोरों को भी बुलाया गया है। आगामी दिनों में सर्च अभियान को और तेज किया जाएगा ताकि जल्द से जल्द सच्चाई सामने लाई जा सके।

फिलहाल प्रशासन ने परिजनों को निष्पक्ष और तेज जांच का आश्वासन दिया है, वहीं लापता युवती का मामला पूरे जिले में चर्चा और चिंता का विषय बना हुआ है।



लापता युवती के मामले को लेकर ग्रामीण डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करते हुए।

# पंचपुला में पर्यटकों का वाहन सड़क से लुढ़का, पेड़ ने बचाई जिंदगियां



पंचपुला में पर्यटकों का वाहन सड़क से लुढ़का, सीसीटीवी में कैद हुआ दृश्य।

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पंचपुला में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पर्यटकों से भरा एक वाहन सवारियां बैठते ही अचानक पीछे की ओर लुढ़क गया और सड़क से नीचे की ओर जा फिसला। गनीमत यह रही कि रास्ते में पेड़ आ जाने से वाहन गहरी खाई में गिरने से बच गया, जिससे कई जिंदगियां बच गईं।

हादसे के दौरान वाहन में सवार पर्यटकों में दहशत फैल गई। जान बचाने के लिए कुछ पर्यटक वाहन से छलांग लगाते हुए सड़क पर गिर पड़े, जबकि कुछ संतुलन बिगड़ने से सड़क से नीचे की ओर जा गिरे। इस घटना में कई पर्यटक घायल हुए हैं, जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार दिलाया गया।

घटना का पूरा दृश्य पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें हादसे के दौरान पर्यटकों की चीख-पुकार और जान बचाने की कोशिशें साफ देखी जा सकती हैं। यह फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और अन्य पर्यटक मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। समय रहते स्थिति संभल जाने से कोई बड़ा जानलेवा हादसा टल गया, जिससे सभी ने राहत की सांस ली।

### सलूणी कॉलेज में समस्याओं को लेकर फूटा छात्राओं का गुस्सा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सलूणी कॉलेज में लंबे समय से चली आ रही मूलभूत समस्याओं को लेकर अब छात्राओं का सब्र जवाब देने लगा है। कॉलेज की छात्राओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कॉलेज प्रशासन और सरकार के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोलते हुए अपनी गंभीर परेशानियों को सामने रखा। छात्राओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि जल्द उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगी। प्रेसवार्ता के दौरान छात्राओं ने बताया कि कॉलेज तक आने-जाने के लिए पर्याप्त बस सुविधा न होना उनकी सबसे बड़ी समस्या है। दूरदराज़ के गांवों से पढ़ने आने वाली छात्राओं को रोजाना भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। छात्राओं ने यह भी बताया कि सलूणी कॉलेज में साइंस स्ट्रीम की सुविधा न होने से क्षेत्र की छात्राओं को मजबूरी में अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे न केवल उनका कीमती समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। इसके साथ ही कॉलेज में अध्यापकों के रिक्त पदों के चलते न तो नियमित कक्षाएं लग पा रही हैं और न ही सिलेबस समय पर पूरा हो रहा है, जिससे उनके भविष्य पर सीधा असर पड़ रहा है।

# धरवाला–सुनारा–कुंडी सड़क 4 महीने से बंद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** धरवाला–सुनारा–कुंडी सड़क मार्ग को बड़े वाहनों के लिए शीघ्र खोलने की मांग को लेकर ग्राम सुधार सभा कमेटी चूड़ी धरवाला के अध्यक्ष एवं पूर्व वार्ड सदस्य संजय राजपूत ने बुधवार को जिला उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि यह महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पिछले चार महीनों से बसों सहित बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़ा है। अगस्त 2025 में आई भारी आपदा के दौरान यह मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। उस समय मार्ग को केवल छोटी गाड़ियों के लिए खोला गया, लेकिन वर्तमान में सड़क की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि छोटी गाड़ियों का चलना भी जान जोखिम में डालने जैसा साबित हो रहा है। संजय राजपूत ने बताया कि यह सड़क मार्ग ग्राम पंचायत लोथल, सुनारा और ब्रेही की लगभग दो दर्जन गांवों की जीवनरेखा है। बस सेवा बंद होने से पिछले चार महीनों से ग्रामीणों, छात्रों, कर्मचारियों और मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए सड़क मार्ग को शीघ्र बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल करने के आदेश दिए हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन की पहल के बाद जल्द ही धरवाला–सुनारा–कुण्डी मार्ग पर बस सेवा शुरू होगी और क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी।

### मांगों पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के अवसर पर भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ चम्बा परिवार ने हिमाचल प्रदेश पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें विभिन्न विभागों, निगमों, बोर्डों और विश्वविद्यालयों से जुड़े लगभग 150 पेंशनरों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. डी. के. सोनी ने की, जबकि मुख्य अतिथि घनश्याम शर्मा रहे। शुभारंभ वंदे मातरम् से हुआ और दिवंगत पेंशनरों को दो मिनट का मौन अर्पित किया गया। वक्ताओं ने लंबित पेंशन, डीए एरियर और पे रिवीजन में देरी जैसी समस्याओं को उठाया। वरिष्ठतम पेंशनरों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने चेतावनी दी कि यदि 30 दिसंबर तक ज्वाइंट कंसल्टेटिव कमेटी का गठन नहीं हुआ तो पेंशनर सचिवालय शिमला का घेराव करेंगे।

### पोलियो खुराक से वंचित न रहे कोई बच्चा: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में 21 दिसंबर को पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान की तैयारियों के लिए जिला टास्क फोर्स फॉर इम्यूनाइजेशन कमेटी की बैठक उपाध्यक्ष मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अभियान के दौरान कोई बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने जन-जागरूकता बढ़ाने, अंतर-विभागीय समन्वय, आईईसी गतिविधियों और दूरस्थ क्षेत्रों में बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया।

### हिमालयन स्कूल साहो का वार्षिकोत्सव संपन्न



**अनतं ज्ञान, चंबा।** हिमालयन पब्लिक स्कूल साहो के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे सदर चंबा के पूर्व विधायक पवन नैय्यर एवं उनकी धर्म पत्नी ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर छात्रों से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा गया कि नशा न केवल भविष्य को अंधकारमय करता है, बल्कि समाज और परिवार को भी नुकसान पहुँचाता है। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि शिक्षा चरित्र निर्माण की नींव है, जबकि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकों और अभिभावकों की सहभागिता से समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### बच्चों ने नृत्य और गायन से बांधा समां

**अनंत ज्ञान, बाड़ी।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाड़ी में बुधवार को उत्साहपूर्ण फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने भाग लिया और नृत्य व गायन की आकर्षक प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत बना दिया। मुख्य अध्यापक मनोज गुप्ता ने बच्चों को पढ़ाई और खेलकूद के साथ-साथ स्वस्थ मनोरंजन का महत्व समझाया और नशे से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष बेबी देवी भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार अपनाने और बड़ों का आदर करने की सीख दी। रिया, निखिल, धीरज, अरमान, आराध्य और साक्षी सहित अन्य बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का समापन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

## चंज्यार में कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता रजत का मनाया जन्मदिन, उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

धर्मपुर भाजपा के युवा नेता एवं पूर्व भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर का जन्मदिन उनके पैतृक गांव चंज्यार में बड़े ही उत्साह, आत्मीयता और व्यापक जनसमर्थन के साथ मनाया गया, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर धर्मपुर भाजपा के दोनों मंडलों के मंडल अध्यक्ष, मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारी, महिला मंडल, युवा मोर्चा तथा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने रजत ठाकुर को जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा जोश और उमंग देखने को मिली और समर्थकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित अनौपचारिक बैठक में वक्ताओं ने रजत ठाकुर को एक कर्मठ, जमीनी सोच रखने वाला तथा युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने वाला नेता बताया। इससे पूर्व रजत ठाकुर ने माता सकरैण मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित हिन्दू जागो सम्मेलन में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जन्मदिन के अवसर पर मंदिर परिसर में धाम का भव्य आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अपने संक्षिप्त संबोधन में रजत ठाकुर ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं, मातृशक्ति और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का प्रेम और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है तथा उन्होंने क्षेत्र के विकास, युवाओं के हित और समाजसेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया। जन्मदिन समारोह के दौरान चंज्यार गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और देर शाम तक बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।



भाजपा नेता रजत ठाकुर के जन्मदिन के दौरान उपस्थित लोग।

## नेशनल स्ट्रीट फूड फेस्टिवल में मंडी की अंजू शर्मा को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** मंडी की पारंपरिक संस्कृति और रसोई की खुशबू अब केवल पहाड़ों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसने देश की राजधानी दिल्ली में भी अपनी अलग पहचान बना ली है। मंडी की बेटी अंजू शर्मा ने अपने हुनर और मेहनत के बल पर राष्ट्रीय मंच पर मंडी के पारंपरिक व्यंजनों को प्रस्तुत कर जिले को गौरवान्वित किया है। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित नेशनल स्ट्रीट फूड फेस्टिवल 2025 में मंडी की अंजू शर्मा ने मंडी के पारंपरिक व्यंजनों को प्रस्तुत कर पूरे देश में जिला मंडी का नाम रोशन किया है। अंजू शर्मा ने फेस्टिवल में कचौरी, सीरा और छाछा जैसे पारंपरिक पकवान तैयार कर हजारों लोगों के बीच प्रस्तुत किए, जिन्हें लोगों ने बेहद पसंद किया। खास बात यह रही कि यह पहली बार हुआ जब किसी महिला ने हिमाचल प्रदेश से फेस्टिवल में भाग लेकर सिड्डू से हटकर मंडी के इन पारंपरिक व्यंजनों को राष्ट्रीय मंच पर उतारा और इनकी जबरदस्त मांग देखने को मिली। लोगों ने पहली बार इस तरह की अनोखी, स्वादिष्ट और लजीज कचौरी का स्वाद चखा, वहीं सीरा की मिठास और छाछा के पारंपरिक स्वाद ने लोगों को खासा आकर्षित किया। छाछा को लोगों ने सबसे अधिक पसंद किया और बार-बार इसकी मांग की। अंजू शर्मा ने अनंत ज्ञान से बातचीत में बताया कि इससे पहले वह चंडीगढ़ और गुड़गांव में भी अपने स्टॉल लगा चुकी हैं, लेकिन यह पहली बार था जब कचौरी, सीरा और छाछा का स्टॉल लगाया गया, जिसे लोगों ने हाथोंहाथ लिया। फेस्टिवल के दौरान देर रात तक भी लोग इन पारंपरिक व्यंजनों की मांग करते रहे, जिससे उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। अंजू शर्मा के स्टॉल पर दिनभर भीड़ लगी रही और देश के विभिन्न राज्यों से आए लोगों ने मंडी के पारंपरिक स्वाद की जमकर सराहना की। मंडी की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देने और उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए अंजू शर्मा को नेशनल स्ट्रीट फूड फेस्टिवल दिल्ली 2025 में अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल मंडी बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है।



### हर्ष महाजन ने उठाई हिमाचल की उड़ानों की बहाली की आवाज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्यसभा में सांसद हर्ष महाजन ने बुधवार को शून्यकाल में हिमाचल प्रदेश की बाधित हवाई सेवाओं को बहाल करने की गंभीर आवश्यकता पर जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने बताया कि उडान योजना के तहत संचालित दिल्ली-शिमला, शिमला-धर्मशाला व शिमला-अमृतसर मार्ग बंद होने के कारण हिमाचल की हवाई कनेक्टिविटी लगभग ठप हो गई है। महाजन ने सदन में बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 2016 में शुरू की गई उडान योजना ने हिमाचल जैसे दुर्गम पर्वतीय राज्यों में आम नागरिकों की यात्रा सुगम बनाई है और पर्यटन, व्यापार तथा आम जनजीवन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सांसद ने कहा कि हवाई सेवाओं के ठप होने से न केवल पर्यटन और व्यापार प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि मरीज और आपातकालीन सेवाओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शिमला एयरपोर्ट के संसाधन और स्टाफ भी पूरी तरह उपयोग में नहीं आ पा रहे हैं।

## युवाओं की भूमिका संगठन की रीढ़, 'वन बूथ टेन यूथ' अभियान से हर बूथ पर बढ़त का लक्ष्य: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर संगठनात्मक जिला सुंदरनगर में आयोजित भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में शामिल हुए। औपचारिक परिचय के साथ ही उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी के कार्यकलापों के साथ-साथ भावी चुनाव से जुड़ी तैयारियों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने वन बूथ टेन यूथ अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि यह अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। बूथ पर काम कर रहा कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी होता है।

चुनाव में प्रचंड जनादेश की नींव 'अपना बूथ सबसे मजबूत' के लक्ष्य से ही हासिल होती है। सुक्खू सरकार की नाकामियों के खिलाफ आवाज मुखर करनी हो या पूर्व सरकार की उपलब्धियां तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का प्रचार प्रसार सभी कामों में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी ही किसी भी संगठन की सबसे बड़ी शक्ति होती है और भाजपा युवा मोर्चा इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने बैठक में उपस्थित युवा कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और संगठन विस्तार में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता विचारधारा के वाहक बनकर गांव-गांव और बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा मोर्चा आने वाले समय में नई ऊर्जा, प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ संगठन के कार्यों को और गति देगा तथा भाजपा को और अधिक मजबूत करेगा। इस मौके पर उनके साथ नाचन विधायक विनोद कुमार, भाजपा की महामंत्री पायल वैद्य, संजीव कटवाल, भाजयुमो हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला, प्रदेश युवा मोर्चा महामंत्री सुशील कटसोली, शाश्वत कपूर, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, अजय ठाकुर और युवा मोर्चा के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।




भाजयुमो की प्रदेश कार्य समिति बैठक में जयराम ठाकुर का सम्मान करते हुए।

## यूको बैंक जोगिंद्रनगर शाखा के नवीकृत परिसर का उद्घाटन

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** यूको बैंक की जोगिंद्रनगर शाखा के नवीकृत परिसर का भव्य उद्घाटन मंगलवार को भारतीय रिज़र्व बैंक, शिमला हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर यूको बैंक धर्मशाला अंचल के अंचल प्रमुख कमल कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जोगिंद्रनगर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने कहा कि यूको बैंक की जोगिंद्रनगर शाखा का नवीकृत परिसर जनसेवा को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह शाखा भविष्य में क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सशक्त बैंकिंग ढांचा आर्थिक विकास की रीढ़ होता है और यूको बैंक का यह प्रयास ग्रामीण विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर विशेष बल दिया कि आज के समय में आर्थिक रूप से सक्षम होने के साथ-साथ वित्तीय रूप से जागरूक होना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने वित्तीय जागरूकता, वित्तीय समावेशन तथा बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही ग्राहकों को सतर्क रहने, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि से दूर रहने की सलाह दी।

इस अवसर पर यूको बैंक धर्मशाला अंचल के अंचल प्रमुख कमल कुमार शर्मा ने बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी आमजन को दी। उन्होंने बताया कि यूको बैंक गृह ऋण, कार ऋण, शिक्षा ऋण, पर्सनल लोन, कृषि ऋण, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) ऋण सहित अनेक प्रकार की बचत एवं ऋण सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है।

एच डी एफ सी बैंक
हम समझते आपकी दुनिया

रजिस्टर्ड ऑफिसः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापत मार्ग, लोअर परेल, वेस्ट मुंबई।
बी.ओ.: साहिब कॉम्प्लेक्स, जी.एफ. मौसा 59/82 एवं 61/85, सेरी बाजार, नजदीक इंदिरा मार्केट, मंडी, हिमाचल प्रदेश-175001

**कब्ज़ा नोटिस**

**सरफेसी एक्ट की धारा 13(4) (अचल संपत्ति के लिए)**

चूंकि, मैं, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (दूसरा) अध्यादेश, 2002 (अध्यादेश 3 ऑफ 2002) के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी हूं और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 9 के साथ पढ़ी गई धारा 13 (2) के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 23.07.2025 को एक डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें कर्जदार(रों) से कहा गया हैः **1. योगेंद्र उपाध्याय पुत्र उर्वी चंद (आवेदक) पताः- निवासी गांव सिधवन, डाकघर बंजार, तहसील बंजार, जिला कुल्लू हि.प्र. 175123, 2. सुलक्षणा उपाध्याय, पत्नी योगेंद्र उपाध्याय (सह-आवेदक) पताः- निवासी गांव सिधवन, डाकघर बंजार, तहसील बंजार, जिला कुल्लू हि.प्र. 175123, 3. हीरा लाल, पुत्र प्रेम चंद (गारंटर) पताः- निवासी गांव एवं डाकघर नगवाईं, तहसील औट, जिला कुल्लू हि.प्र. 175121**

कि वे नोटिस में बताई गई कुल **राशि 62,05,547.00/- रुपये (बासठ लाख पांच हजार पांच सौ सैंतालीस रुपये मात्र)** जो 23.07.2025 तक देय है, उक्त नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुका दें। कर्ज़दार द्वारा रकम चुकाने में नाकाम रहने पर, इसके द्वारा कर्ज़दार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे बताए गए व्यक्ति ने **12 दिसंबर 2025** को उक्त अध्यादेश की धारा 13(4) के तहत और उक्त नियम के नियम 8 और 9 के साथ पढ़े जाने वाले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए, नीचे बताई गई प्रॉपर्टी पर कब्ज़ा कर लिया है।

खास तौर पर कर्ज़दार और आम जनता को इसके द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे प्रॉपर्टी के साथ कोई लेन-देन न करें और प्रॉपर्टी के साथ कोई भी लेन-देन एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा, जिसकी रकम 12.12.2025 तक 63,44,400/- रुपये और उस पर ब्याज के साथ-साथ खर्च और शुल्क आदि होंगे।

**अचल संपत्ति का विवरण संपत्ति** 1: विलेख के अनुसार सीमाएँ: मुहाल-तरगली, आसपास-आवासीय, पूर्व - श्री देव राज का घर। उत्तर- श्री नरेश कुमार का घर। पश्चिम- रास्ता और मालिक की ज़मीन। दक्षिण- फतेह चंद का घर। खाता/खतौनी नंबर 408/458, खसरा नंबर 953/64, ज़मीन का माप 03 बिस्वा 2 बिस्वांशी -1349 वर्ग फुट, गाँव तरगली तहसील बंजार, जिला कुल्लू (हि.प्र.) में स्थित। ग्राउंड फ्लोर का निर्मित क्षेत्र 1000 वर्ग फुट, पहली मंजिल 1000 वर्ग फुट, दूसरी मंजिल 1000 वर्ग फुट और तीसरी मंजिल 1000 वर्ग फुट = 1000 X 4 = कुल = 4000 वर्ग फुट।

इमारतों और सभी ऊपरी ढाँचों, फिटिंग और सड़कों, रास्तों और पगडंडियों के सभी अधिकारों के साथ।

**दिनांकः 18.12.2025 स्थानः कुल्लू, हि.प्र.**

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड।**

**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**

**In the matter of :-** 1. Sh. Sandeep Kumar aged about 40 years (DOB 20-09-1985) S/O Sh. Sadhu Ram R/o Village Chhatri, P.O. Makreri, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi H.P.
2. Smt. Survi aged about 27 years (DOB 01-01-1998) D/O Sh. Jayveer Singh R/o Village Faridpur, Saini, Budaun, Uttar Pradesh. *...Applicants.*

**Versus** **General Public** *....Respondents*

**Subject:** Proclamation for the registration of Marriage under section 15, Chapter-III of the special Marriage Act, 1954.

In the above noted Sh. Sandeep Kumar and Smt. Survi have filed an application on dated 10-12-2025 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 06-11-2025 according to the custom & ritual of Hindu religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.

Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 15/01/2026 The objection received after 15/01/2026 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 10/12/2025 under my hand and seal of this court.

**Marriage Officer cum, Sub Divisional Magistrate Joginder Nagar, District Mandi Himachal Pradesh. Phone No. 01908 223895.**

**अन्याय** और अत्याचार करने वाला, उतना दोषी नहीं माना जा सकता, जितना कि उसे सहन करने वाला।

– बाल गंगाधर तिलक

## संपादकीय

# आजीविका को संरक्षण

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सेब की खेती का योगदान अतुलनीय है। राज्य की आर्थिक रीढ़ मानी जाने वाली सेब बागवानी न केवल बागवानों के लिए आय का प्रमुख स्रोत है, बल्कि सरकार के राजस्व में भी महत्वपूर्ण बढ़ोतरी करती है। सालभर के एक सीजन में करोड़ों रुपए का कारोबार होता है, जिससे बागवानों की रोजी-रोटी तो सुनिश्चित होती ही है, साथ ही राज्य की आय में भी इजाफा होता है। ऐसे में अगर किसी कारणवश इस आमदनी को नष्ट कर दिया जाए तो केवल किसानों का ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों और मजदूरों का भी जीवन कठिनाई में फंस जाता है।

सेब की खेती में किसान दिन-रात मेहनत करते हैं। बागों की देखभाल, समय पर सिंचाई, कीट नियंत्रण और फसल की कटाई तक का काम उनके और मजदूरों के पसीने की वजह से संभव होता है लेकिन जैसे ही फसल तैयार होती है और उसे बाजार में बेचने का समय आता है, कुछ कानूनी और प्रशासनिक अड़चनें किसानों के लिए कठिनाई का कारण बन जाती हैं। पिछले कुछ वर्षों में इस तरह के मामलों में हिमाचल हाईकोर्ट के आदेश ने कई किसानों को हताश कर दिया।

ऐसी ही स्थिति में सुप्रीम कोर्ट ने अब सेब बागवानों को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि हिमाचल में वन भूमि पर सेब के बगीचों को काटा नहीं जाएगा। जैसे ही यह फैसला सुनाया गया, किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्हें राहत की सांस मिली।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट के फैसले में गंभीर त्रुटि थी, जिसके परिणाम बहुत गंभीर हो सकते थे। हाईकोर्ट के आदेश से न केवल सेब बागवान प्रभावित होने वाले थे, बल्कि भूमिहीन और हाशिए पर पड़े वर्ग भी सीधे प्रभावित होने वाले थे। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह हाशिए पर पड़े लोगों और भूमिहीन वर्ग की मदद के लिए केंद्र सरकार के सामने एक स्पष्ट प्रस्ताव रखें।

यह फैसला न केवल बागवानों की आजीविका को संरक्षित करता है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी स्थिरता प्रदान करता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं कि वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को संरक्षण मिल गया है, बल्कि राज्य सरकार के पास अब यह अधिकार है कि वह अतिक्रमण के मामलों में आवश्यक कार्रवाई कर सकती है। इसके लिए सरकार को एक ऐसा प्रस्ताव तैयार करना चाहिए, जिसमें सभी हितधारकों का कल्याण सुनिश्चित हो सके।


वन भूमि पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में सही नहीं है, लेकिन पीक सीजन के दौरान हरे-भरे फलदार बगीचों को नष्ट करना भी अनुचित है। सेब के बाग मिट्टी की स्थिरता बनाए रखने में योगदान करते हैं, साथ ही वन्यजीवों के लिए आवास भी प्रदान करते हैं। इन बागों की वजह से स्थानीय ईको सिस्टम संतुलित रहता है। इसलिए हजारों किसानों की आजीविका का सीधा संबंध इन बागों से है और इन्हें नष्ट करना उनकी आजीविका के अधिकार का उल्लंघन है।

हिमाचल में पिछले तीन वर्षों से मानसून ने व्यापक स्तर पर तबाही मचाई है। बारिश और भूस्खलन के कारण पेड़ों का कटान और भी जोखिमपूर्ण हो जाता है। बड़े पैमाने पर फलदार वृक्षों को काटना न केवल मिट्टी कटाव को बढ़ाता है, बल्कि भू-धसनों का खतरा भी बढ़ाता है। पर्यावरण प्रभाव आकलन के बिना बागों को हटाने का आदेश न केवल मनमाना और असंवैधानिक है, बल्कि यह किसानों के जीवन और सामाजिक ढांचे पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। राज्य की पारिस्थितिकीय स्थिरता और सामाजिक कल्याण जरूरी है। राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, लेकिन इसके लिए समयबद्ध और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाए। इससे न केवल किसानों की आजीविका सुरक्षित रहेगी, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह स्पष्ट हो गया कि न्यायालय ने न केवल बागवानों की आजीविका की रक्षा की है, बल्कि राज्य के सामाजिक और आर्थिक हितों को भी सुरक्षित रखा है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

## भारतीय क्रिकेट के महान शिल्पकार


**विजय** हजारे भारतीय क्रिकेट के प्रारंभिक युग के महान खिलाड़ियों में से एक थे। उनका जन्म 11 मार्च 1915 को महाराष्ट्र के सांगली नगर में हुआ था तथा 18 दिसंबर 2004 को बड़ोदरा में उनका निधन हुआ। वे न केवल एक उत्कृष्ट बल्लेबाज थे, बल्कि उपयोगी गेंदबाज और कुशल कप्तान भी थे। उन्होंने 1951 से 1953 तक भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की और उनके नेतृत्व में भारत ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली ऐतिहासिक जीत दर्ज की।



विजय हजारे
जन्म : 11 मार्च, 1915
मृत्यु : 18 दिसंबर, 2004

विजय हजारे को एक सुरक्षात्मक, धैर्यवान और तकनीकी रूप से सशक्त बल्लेबाज माना जाता था। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 2000 से अधिक रन बनाए और साथ ही 20 विकेट भी प्राप्त किए। उन्होंने मात्र 18 वर्ष की आयु में महाराष्ट्र की ओर से रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया। द्वितीय विश्व युद्ध के कारण उनका क्रिकेट करियर कुछ वर्षों तक प्रभावित रहा, फिर भी 1946 में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया।

1946-47 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध एडीलेड टेस्ट में दोनों पारियों में शतक (116 और 145 रन) बनाना उनकी सबसे स्मरणीय उपलब्धियों में से एक है। वे दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने। अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 59 शतक बनाए और कई विश्व व राष्ट्रीय रिकॉर्ड साझेदारियां कीं। वर्ष 1960 में भारत सरकार ने उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें 'पद्म श्री' से सम्मानित किया। शांत, सरल और अनुशासित व्यक्तित्व वाले विजय हजारे को भारतीय क्रिकेट के सच्चे शिल्पकारों में सदैव गिना जाएगा। ■



कविता

## अपनों के ही बीच

शिव राज सन्याल, मकड़ाहन ज्वाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**अपनों** के ही बीच में, छुपे हुए गद्दार।
पहन मुखौटा प्यार का, भीतर करते वार।
अपनों के ही बीच में, दुश्मन बन के यार।
फूट डाल के प्यार में, खड़ी करें दीवार।
अपनों के ही बीच में, वैर कपट के लोग।
दूजे का हक छीन के, रहे जिंदगी भोग।
अपनों के ही बीच में, छुपे कहीं भगवान।
ढूंढ सके तो ढूंढ ले, ओ भोले इंसान।
अपनों के ही बीच में, सदा मिले हैं प्यार।
यह जीवन दिन चार का, मत करना तकरार।
कोई करता प्यार, बीच में ही अपनों के।
होते सच्चे मीत, कभी सुंदर सपनों के।
करना कभी न भूल, नहीं है उनको खोना।
समझो पाकर साथ, सफल जीवन का होना।
अपनों के ही बीच, खुशी का आलम होता।
प्रेम करे संचार, मैल मन की है धोता।
सुनो मीत का संग, सदा होता सुखदाई।
रहे बसा मन प्यार, सुखी रहते मिल भाई।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# गरीबी की गोद में हो रहा भारतीय भाषाओं का पालन-पोषण

चौंकिए मत... यह कड़वी सच्चाई है। भारतीय भाषाओं का पालन-पोषण आज उन घरों में हो रहा है जहां गैस सिलेंडर खत्म होने पर चूल्हे पर खाना पकता है, जहां भीषण सर्दी में भी बच्चे नंगे पांव स्कूल जाते हैं। इन्हीं घरों में सैकड़ों भाषाएं और हजारों बोलियां अभी भी जीवित हैं।



डॉ. अवधेश कुमार
(लेखक राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में पत्रकारिता एवं जनसंचार के सहायक प्रोफेसर)

ये घर शहरों की चमचमाती कोठियां या गगनचुंबी अपार्टमेंट नहीं, बल्कि गांव की गलियों, आदिवासी बाहुल्य जंगलों, बिहार के सूखे खेतों, राजस्थान की ढाणियों, पूर्वोत्तर के बांस के मचानों और हिमाचल प्रदेश की ऊंची ढलानों पर बसी छोटी-छोटी बस्तियां हैं। यहां के लोगों की गरीबी और भारतीय भाषाओं के बीच चोली-दामन का संबंध है। भारत में 22 अनुसूचित भाषाएं, 122 प्रमुख भाषाएं, 780 भाषाएं और 1600 से अधिक मातृभाषाएं-बोलियां हैं।

ये आंकड़े किसी भी सरकारी फाइल में मिल जाएंगे, लेकिन इनकी असली जान उन माताओं के गले में बसी लोरियों में है, उन बुजुर्गों की जीभ पर है जो चौपाल पर पुरानी लोक-कथाएं सुनाते हैं, उन बच्चों के मुंह पर है जो खेल-खेल में नई गालियां गढ़ते हैं। इनमें से अधिकांश लोग सिर्फ गरीब नहीं, अत्यंत गरीब होते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बिहार की भोजपुरी विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में 11वीं-12वीं स्थान पर है। इसे 15-18 करोड़ लोग बोलते-समझते हैं, पर यह आज तक आठवीं अनुसूची में जगह नहीं बना पाई, क्योंकि इसके अधिकांश वक्ता गरीब हैं।

मुंबई में टैक्सी चलाने वाले, दिल्ली में ठेला लगाने वाले, कोलकाता में कुली, सूरत में पावरलूम पर काम करने वाले गरीब हैं और भोजपुरी बोलते हैं। गांवों में विवाह के समय बन्ना-बन्नी के गीत, गारी, निर्गुन, सोहर सब भोजपुरी में ही गूंजते हैं। भिखारी ठाकुर के नाटकों का सबसे जीवंत मंच आज भी गरीब बस्तियां हैं। इन बस्तियों से कोई व्यक्ति शहर आता है तो अपनी गरीबी और भोजपुरी बोली साथ में लाता है, लेकिन जैसे ही वह थोड़ा सक्षम हो जाता है, उसका बच्चा अंग्रेजी माध्यम स्कूल जाने लगता है। घर में सामान्य बातचीत हिंदी-अंग्रेजी में होने लगती है। यह देख भोजपुरी अपने उसी गरीब टोले में लौट जाती है, जहां से आई होती है।

यही दास्तान अन्य भाषाओं-बोलियों की भी है। बिहार के मगध क्षेत्र की मगही, गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नालंदा के गांवों में आज भी जीवित है। ये जिले देश के सबसे गरीब जिलों में गिने जाते हैं। मगही में न अखबार छपता है, न टीवी चैनल दिखता है, न किसी विश्वविद्यालय में कोर्स उपलब्ध है। फिर भी, यह जीवित है क्योंकि यहां की माताएं अपने बच्चों को मगही में डांटती हैं, दादियां मगही में कहानियां सुनाती हैं, औरतें चौता-फाग गाती हैं। मैथिली थोड़ी अलग है, क्योंकि 2003 में इसे आठवीं अनुसूची में शामिल कर लिया गया, पर इसका असली साहित्य आज भी गांव की औरतों के मुंह पर है।




मिथिला के गरीब घरों में विदेशिया, समदौन, झिझिया, डोमकच, जत्सार अभी भी मैथिली में गाये जाते हैं। दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सहरसा के गांवों में बेटी की विदाई पर मां का गाया 'उठि ना बाबू सखीया, हम नजीप दं...' आज भी मैथिली को जिंदा रखता है। आदिवासी और क्षेत्रीय भाषाओं की स्थिति आज लगभग एक जैसी है। संथाली विश्व की सबसे बड़ी आदिवासी भाषाओं में से एक है, जिसे झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम में लगभग 75-80 लाख लोग बोलते हैं।

अपनी स्वतंत्र 'ओल चिकी' लिपि होने के बावजूद संथाली में लिखित साहित्य अत्यंत सीमित है। फिर भी यह भाषा आज जीवित है, क्योंकि संथाल समुदाय का बड़ा हिस्सा अब भी आर्थिक रूप से कमजोर है। सोहराय, बाहा, करम जैसे पर्वों के गीत, दादी-नानी की कहानियां और पारंपरिक मंत्र आज भी संथाली में ही जीवित हैं। बच्चा स्कूल में हिंदी पढ़ता है, लेकिन घर में मां से संथाली में ही संवाद करता है। जैसे ही परिवार आर्थिक रूप से समृद्ध होता है, अगली पीढ़ी यह भाषा छोड़ देती है। यही कहानी गोंडी, कुड़ुख, मुंडारी जैसी भाषाओं की भी है। आधुनिक लिपि और लिखित साहित्य के अभाव में ये भाषाएं केवल मौखिक परंपराओं के सहारे जीवित हैं। जैसे ही गोंड या उरांव समुदाय शहरों की ओर पलायन करता है और बच्चे हिंदी या अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने लगते हैं, मातृभाषा पीछे छूट जाती है। राजस्थान की मेवाड़ी, मारवाड़ी, ढूंढाड़ी, बागड़ी, मध्य प्रदेश की मालवी, निमाड़ी, बुंदेली तथा उत्तर-पूर्व की बोडो, गारो, मिजो, कोकबोरक—सबकी स्थिति कमोबेश यही है।

हिमाचल प्रदेश की कुल्लवी, कांगड़ी, मंडयाली जैसी पहाड़ी बोलियां आज भी दूरस्थ और गरीब गांवों में जीवित हैं, जबकि शहरी और समृद्ध परिवारों में हिंदी या अंग्रेजी का बोलबाला है। कड़वा सच यह है कि गरीबी भाषा की संरक्षक बन जाती है। समृद्धि आते ही भाषा को 'पिछड़ेपन' का प्रतीक मान लिया जाता है। हालांकि समाधान गरीबी को बनाए रखना नहीं है।

आवश्यकता इस बात की है कि गरीबी उन्मूलन के साथ-साथ भाषाओं के संरक्षण के ठोस प्रयास किए जाएं-मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा, डिजिटल कंटेंट का विस्तार, मौखिक साहित्य का दस्तावेजीकरण और स्थानीय भाषाओं में रोजगार के अवसर सृजित करना। तभी भाषाएं विकास के साथ जीवित रह पाएंगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# तार-तार होते मानवीय रिश्ते और शर्मसार देवभूमि हिमाचल

उत्तर भारत में स्थित देवभूमि हिमाचल प्रदेश का नाम जब बाहरी लोगों की जुबां पर आता है तो उनके जहन में यहां की सादगी, शांत वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था से परिपूर्ण भूमि की छवि उभरती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से ऐसा प्रतीत होता है मानो इस देवभूमि को किसी की नजर लग गई हो।



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

ड्रग्स माफिया, खनन माफिया, गोली कांड, एसिड अटैक, हत्याएं, बलात्कार और महिलाओं के विरुद्ध जघन्य अपराध आए-दिन प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सुर्खियां बनते जा रहे हैं। आज सबसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दा महिलाओं की सुरक्षा का है, जिसने इस देवभूमि को भी असुरक्षा के घेरे में ला खड़ा किया है।

यूं तो देश के महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक महिलाओं के साथ बलात्कार, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और निर्मम हत्याओं की घटनाएं आम हो चुकी हैं, लेकिन यह अत्यंत पीड़ादायक है कि हिमाचल प्रदेश भी अब इससे अछूता नहीं रहा। कहा जाता है कि महिलाओं का सबसे बड़ा संघर्ष आज सामाजिक सोच से है। नारी का संघर्ष केवल उसका निजी संघर्ष नहीं, बल्कि पूरे समाज को बदलने की जंग है। जब एक औरत जागती है, तो घर, समाज और देश जागते हैं, लेकिन वर्तमान समय में देवभूमि में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के बढ़ते आंकड़े हर संवेदनशील मन को झकझोर देते हैं। हालांकि यह भी सत्य है कि केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं।

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', पंचायतों व शहरी निकायों में आरक्षण, संसद में महिला आरक्षण जैसे कदम इसी दिशा में उठाए गए हैं, लेकिन दूसरी ओर महिलाओं के साथ दुराचार और घिनौने अपराधों में लगातार वृद्धि चिंता का विषय है। मंडी जिले के सराज क्षेत्र में मंदबुद्धि युवती के साथ उसके पिता द्वारा किया गया दुष्कर्म, कुल्लू-मनाली क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से बार-बार दुष्कर्म, चंबा, शिमला, धर्मशाला और मंडी जैसे क्षेत्रों से सामने आए मामले यह दर्शाते हैं कि महिलाएं अब अपने ही घर और परिचितों के बीच सुरक्षित नहीं हैं।



मंडी शहर में पति द्वारा पत्नी पर तेजाब डालकर उसे मौत के घाट उतार देना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। ऐसे कृत्यों की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। इन अपराधों का खामियाजा केवल पीड़िता ही नहीं, बल्कि उसके मासूम बच्चों और पूरे समाज को भुगतना पड़ता है। इन घटनाओं से प्रतीत होता है कि मानवीय संवेदनाओं का क्षरण हो रहा है। अधिकांश मामलों में अपराधी कोई अजनबी नहीं, बल्कि परिचित या परिवार का सदस्य ही होता है। यह स्थिति अत्यंत भयावह है।

महिलाओं को भी कुछ मामलों में सजग रहने की आवश्यकता है कि भावनात्मक या आर्थिक प्रलोभनों में आकर अपने भविष्य को दांव पर न लगाएं। बलात्कार और घरेलू हिंसा से निपटने के लिए कानूनों में संशोधन किए गए, जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिशें लागू की गईं, लेकिन यदि कानूनों का सख्ती से पालन न हो तो वे कागजों तक सीमित रह जाते हैं। सरकार की जिम्मेदारी केवल कानून बनाना नहीं, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करना भी है। पुलिस, प्रशासन और न्यायिक व्यवस्था को संवेदनशीलता और दृढ़ता के साथ कार्य करना होगा। महात्मा गांधी ने आजादी के आंदोलन में महिलाओं की शक्ति को पहचाना था। आज भी यदि महिलाओं को सुरक्षा, अवसर और स्वतंत्रता मिले, तो वे समाज को नई दिशा दे सकती हैं। आजादी के 75 वर्षों बाद भी यदि महिलाएं असुरक्षित हैं, तो यह हमारे सामाजिक और नैतिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। हालांकि, यह भी सकारात्मक संकेत है कि आज महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही हैं। अब समय आ गया है कि महिलाएं संगठित होकर अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं, आत्मविश्वास के साथ खड़ी हों और अपने साथ हो रहे अपराधों का न केवल सामना करें, बल्कि उनका पर्दाफाश भी करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पर सबसे बड़ा संकट

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारतवर्ष में दुनिया की सबसे जटिल समझी जाने वाली चुनावी प्रक्रिया को अपनाने व इसे पूरा कराने को लेकर जिस केंद्रीय चुनाव आयोग की पीठ पूरी दुनिया थपथपाया करती थी व दुनिया के विभिन्न देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडल व चुनाव विशेषज्ञ जिस भारतीय चुनाव संचालन को देखने व समझने के लिए अब भी भारत आते रहते हैं वही चुनाव व चुनाव आयोग इन दिनों विपक्षी दलों के अति गंभीर आरोपों से जूझ रहा है।



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

चुनाव आयोग व इस तरह के कई अन्य केंद्रीय संस्थानों पर सत्ता का पक्षपात करने के आरोप तो पहले भी लगते रहे हैं, परंतु वर्तमान चुनाव आयोग जिस तरह सत्ता को फायदा पहुंचाने वाले नए नए चुनावी नियम बना रहा है, विपक्ष की प्रमाण सहित दी जाने वाली शिकायतों की अनसुनी कर रहा है, सत्ता द्वारा चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने के बावजूद आंखें मूंदे बैठा रहता है, और अब एसआईआर के बहाने कथित तौर पर जहां करोड़ों फर्जी मतों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है वहीं, संभावित रूप से विपक्ष की ओर जाने वाले मतों को चिन्हित कर उन्हें किसी न किसी बहाने से मतदाता सूची से काटने का काम किया जा रहा है। यानी स्पष्ट रूप से लोकततंत्र में लोक के मताधिकार पर 'डाका' डाला जा रहा है।

वैसे तो पूरा विपक्ष ही चुनाव आयोग को केवल संदेह नहीं, बल्कि सत्ता से मिलकर संविधान के साथ विश्वासघात किए जाने की दृष्टि से देख रहा है। लोक सभा व राज्यसभा के सर्वोच्च सदनों में चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है, परंतु नेता विपक्ष राहुल गांधी ने तो चुनाव आयोग द्वारा की और करवाई जाने वाली धांधली पर तो बाकायदा 'शोध' कर डाला है। और वे अपने इस चुनाव धांधली संबंधी 'शोध परिणाम' को प्रेस कांफ्रेंस में प्रदर्शित करने से लेकर जनता जनार्दन के बीच सड़कों व गलियों तक पहुंच रहे हैं। इस संबंध वे अब तक 4 प्रेस कांफ्रेंस कर 'वोट चोरी' के पूरे सबूत पेश कर चुके हैं।




इसके अतिरिक्त वे अगस्त-सितंबर 2025 के बीच बिहार में 16 दिनों की 1,300 किमी लंबी वोटर अधिकार यात्रा भी एसआईआर के विरुद्ध निकाल चुके हैं।

इसके अलावा 200 से अधिक सांसदों व विधायकों के साथ वे 11 अगस्त 2025 को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त मुख्यालय तक एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन रूपी पैदल मार्च भी कर चुके हैं। एक ओर तो राहुल चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध करवाए गए डेटा के अनुसार ही आयोग द्वारा बरती गई अनियमितताओं संबंधी साक्ष्य पेश करते हैं तो दूसरी ओर चुनाव आयोग कभी इन आरोपों को 'बेबुनियाद' बताकर अपना पल्ला झाड़ लेता है तो कभी उल्टे राहुल से ही शपथ-पत्र मांगने लगता है, परंतु लगता है कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी ने तो गोया चुनाव आयोग को पूरी तरह बेनकाब करने का संकल्प ही कर लिया है। गत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली आयोजित की, जिसमें देशभर से लाखों कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली का मुख्य उद्देश्य हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों को उजागर करना था।

प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो अन्य आयुक्तों पर आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के पक्ष में काम कर रहा है और निष्पक्ष नहीं है। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुक्तों को कानूनी सुरक्षा देने वाला कानून बदलकर उन्हें जवाबदेही से बचाया है, जिसे कांग्रेस सत्ता में आने पर बदलेगी। राहुल ने हरियाणा, कर्नाटक व महाराष्ट्र में कथित चुनावी धांधलियों के उदाहरण दिए और बताया कि देशभर से 6 करोड़ हस्ताक्षर एकत्र किए गए हैं, जिन्हें राष्ट्रपति को सौंपने की योजना है। यह रैली चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठे सबसे गंभीर सार्वजनिक सवालों में से एक मानी जा रही है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# नशे के विरुद्ध सरकार की गंभीर पहल : हमीरपुर से उठा एक जरूरी संदेश

हिमाचल प्रदेश अपनी शांत पहाड़ियों, अनुशासित सामाजिक जीवन और सादगी के लिए पहचाना जाता रहा है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में नशे, विशेषकर चिट्टे जैसी घातक लत ने राज्य के सामाजिक ताने-बाने को गहरी चोट पहुंचाई है।



साहिल शर्मा
गांव बहाल अर्जुन (चकमोह) जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

यह समस्या केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं रही, बल्कि परिवारों की टूटन, युवाओं के भविष्य और सामाजिक असंतुलन का बड़ा कारण बन चुकी है। ऐसे समय में सरकार का नशे के मुद्दे को गंभीरता से उठाना न केवल आवश्यक है, बल्कि सराहनीय भी है। हमीरपुर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा नशे के खिलाफ आयोजित कार्यक्रम इसी गंभीरता को दर्शाता है। यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें स्पष्ट संदेश था कि सरकार इस लड़ाई को गंभीरता से ले रही है। मुख्यमंत्री का स्वयं जनता और युवाओं के बीच उपस्थित होना इस बात का संकेत है कि यह लड़ाई केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि ज़मीन पर भी लड़ी जा रही है। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस या प्रशासन के भरोसे नहीं जीती जा सकती। जब तक समाज स्वयं इसमें भागीदार नहीं बनता, सरकारी प्रयास अधूरे रहेंगे।

हमीरपुर का यह कार्यक्रम दिखाता है कि नशा उन्मूलन को जनांदोलन का रूप देना होगा। जब नेतृत्व सीधे संवाद करता है, तो प्रभाव कहीं अधिक गहरा होता है।

आज हिमाचल के कई ग्रामीण क्षेत्रों में नशा एक छिपी हुई सच्चाई बन चुका है। अक्सर यह माना जाता है कि 'समस्या बड़े शहरों की है', लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। गांवों में बेरोज़गारी, दिशाहीनता और सामाजिक संवाद की कमी ने युवाओं को इस दलदल की ओर धकेला है। ऐसे में सरकार का यह प्रयास कि युवाओं को सीधे जोड़कर उन्हें जागरूक किया जाए, सही दिशा में कदम है। मुख्यमंत्री सुक्खू की पहल की सबसे सकारात्मक बात यह रही कि इसमें युवाओं को केवल चेताया नहीं गया, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी का एहसास कराया गया। युवा केवल समस्या का हिस्सा नहीं, बल्कि समाधान की मजबूत कड़ी हैं। जब उन्हें भरोसे में लेकर आगे बढ़ाया जाता है, तो वे बदलाव के वाहक बन सकते हैं। हमीरपुर में युवाओं की सर्किय भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि समाज इस मुद्दे पर गंभीर है।



नशे के खिलाफ लड़ाई में सख्त कानून जरूरी हैं, लेकिन उससे भी ज्यादा आवश्यक मानवीय दृष्टिकोण है। हर नशा करने वाला व्यक्ति अपराधी नहीं होता; कई बार वह परिस्थितियों, बेरोजगारी या मानसिक दबाव का शिकार होता है। ऐसे में जागरूकता, काउंसलिंग और पुनर्वास कदम इस लड़ाई को प्रभावी और मानवीय बनाते हैं। सरकार की पहल इस संतुलन को समझती हुई दिखाई देती है।

राजनीति अक्सर आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रह जाती है, लेकिन नशे जैसा मुद्दा राजनीति से ऊपर उठकर देखने की मांग करता है। हमीरपुर का कार्यक्रम इस सोच को आगे बढ़ाता है। यह संदेश देता है कि कुछ मुद्दे ऐसे हैं, जहां सरकार और समाज को साथ खड़ा होना पड़ता है। ऐसे कार्यक्रम केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहकर जिलों और कस्बों में होने चाहिए।

किसी अभियान की असली परीक्षा उसकी निरंतरता में होती है। यदि यह पहल केवल एक दिन का कार्यक्रम बनकर रह जाती है, तो प्रभाव सीमित होगा। लेकिन शिक्षा संस्थानों में संवाद, पंचायत स्तर पर जागरूकता, पुनर्वास केंद्रों की मजबूती और रोजगार पर काम किया गया, तो यह लड़ाई ठोस नतीजे दे सकती है।

**( ये लेखिक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवियों ने सेवा व स्वच्छता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्रिफालघाट में 11 से 17 दिसंबर तक राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। समापन समारोह में एसएमसी प्रधान शंकर दास ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। शिविर के दौरान 21 स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर की सफाई की, आवागमन मार्गों को संवारा और गोद लिए गए गांव नवानी में बावड़ियों की सफाई तथा झाड़ियों की कटाई की। प्रधानाचार्य जयदेव ठाकुर और एनएसएस प्रभारी कुलदीप परमार ने स्वयंसेवियों के योगदान की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर ने क्षेत्र में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश फैलाया।

### लडभड़ोल कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में बुधवार को 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मनीष ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना और योगाभ्यास के साथ हुई, जिसमें एनएसएस के समाज में योगदान और सामाजिक दायित्वों पर चर्चा की गई। शिविर में 50 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। उन्होंने महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता अभियान, सड़कों और झाड़ियों की सफाई की। दोपहर सत्र में मनोवैज्ञानिक लीना मेहता ने मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन पर प्रबोधन दिया। स्किल डेवलपमेंट गतिविधियों के तहत स्वयंसेवकों को अचार निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और कौशल विकास में सहायक सिद्ध होगा।

### कुठेड़ में नए शाखा डाकघर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, करसोग।** भारतीय डाक विभाग दुनिया भर में बड़े शहरों से लेकर छोटे से गांव तक अपनी सेवाएं दे रहा है। डाक विभाग का यही उद्देश्य है कि छोटे से छोटे गांव के हर नागरिक तक अपनी सेवाएं दे सके। मंडी मंडल के करसोग क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुलभ एवं विश्वसनीय डाक सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कुठेड़ (करसोग) में नए शाखा डाकघर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस शाखा डाकघर के प्रारंभ होने से स्थानीय नागरिकों को डाक सेवाओं के साथ-साथ बचत योजनाएं, मनी ऑर्डर, पार्सल सेवा एवं अन्य डाक संबंधी सुविधाएं एक ही स्थान पर सहज रूप से उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि संजय कुमार अधीक्षक डाक मंडल मंडी, निरीक्षक सुंदरनगर बोधराज, प्रधान ग्राम पंचायत कुठेड़ पदमा ठाकुर और प्रधानाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक कुठेड़ पृथ्वी सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अधीक्षक संजय कुमार ने कहा कि नया शाखा डाकघर क्षेत्र के ग्रामीण/शहरी विकास को गति प्रदान करेगा।

**फोटो करसोग.1: कुठेड़ (करसोग) में नए शाखा डाकघर के उद्घाटन अवसर पर गणमान्य।**

### महिलाओं व बच्चों से जुड़ी योजनाओं पर मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला परिषद भवन मंडी में मिशन शक्ति और पोषण भी पढ़ाई भी पहल के अंतर्गत एक दिवसीय जिला-स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल ने की। कार्यशाला में महिलाओं और बच्चों से संबंधित योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जेंडर स्पेशलिस्ट सुनील कुमार ने महिलाओं के सशक्तिकरण और संरक्षण से जुड़े प्रावधानों पर चर्चा की। डीईओ जितेंद्र वर्मा ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर विचार साझा किए। जिला पोषण समन्वयक रजनीश शर्मा ने पोषण स्थिति और कुपोषण से निपटने के उपायों की जानकारी दी। प्रतिभागियों ने अनुभव और सुझाव साझा कर विभागीय समन्वय मजबूत करने पर बल दिया।

### बाहरी मजदूरों का पंजीकरण न होना खतरा

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर में गत सप्ताह नेपाल मूल के एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक पधर-हरड़गलू सड़क के अपग्रेडेशन कार्य में मजदूर के रूप में काम कर रहा था। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि मृतक की पहचान के संबंध में किसी के पास स्पष्ट जानकारी नहीं थी और ठेकेदार के पास भी कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। स्थानीय पंचायत और नागरिकों ने कहा कि पधर में हजारों बाहरी मजदूर बिना पंजीकरण और पहचान दस्तावेज के कार्यरत हैं। ऐसी स्थिति में दुर्घटना, अपराध या आपात स्थिति में पहचान और जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने प्रशासन और ठेकेदारों से पंजीकरण और पहचान सत्यापन व्यवस्था को अनिवार्य बनाने की मांग की है।

### वर्मा के निधन से मंडी जिले को अपूरणीय क्षति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले ने एक ऐसे व्यक्तित्व को खो दिया है, जिन्होंने वकालत, जनप्रतिनिधित्व और समाजसेवा के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में गहरी छाप छोड़ी। वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व बीडीसी चेयरमैन और वाम आंदोलन के समर्पित नेता स्वर्गीय अमर सिंह वर्मा के आकस्मिक निधन से राजनीतिक, सामाजिक और वैचारिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व बीडीसी चेयरमैन एवं जनसेवा को समर्पित व्यक्तित्व स्व. अमर सिंह वर्मा के आकस्मिक निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी मंडी के पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। जिला कांग्रेस कमेटी मंडी के पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि स्व. अमर सिंह वर्मा उनके गुरु समान थे और उनके निधन से न केवल उन्हें व्यक्तिगत रूप से बल्कि पूरे मंडी जिले और समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि स्व. वर्मा एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और आमजन से गहरे जुड़े हुए व्यक्तित्व थे, जो हर वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से सुनते और समाधान के लिए सदैव सक्रिय रहते थे। सदर विधानसभा क्षेत्र में आशीर्वाद यात्रा के दौरान उनका सक्रिय सहयोग और मार्गदर्शन उनके जमीनी जुड़ाव को दर्शाता है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपने वरिष्ठ नेता कामरेड अमर चंद वर्मा के निधन को वाम आंदोलन के लिए भारी क्षति बताया है। पार्टी के पूर्व राज्य सचिव देश राज, पूर्व जिला सचिव ललित ठाकुर तथा अध्यापक नेता धर्म पाल सरोच ने भाकपा की ओर से अंत्येष्टि में भाग लेकर दिवंगत नेता को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके पार्थिव शरीर पर लाल झंडा चढ़ाया।



स्व. अमर वर्मा के साथ दीपक शर्मा।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे महादेव पंचायत के धंसे व टूटे रास्ते

## राजनेताओं और पंचायत प्रतिनिधियों के झूठे आश्वासनों से आमजन में आक्रोश

**भीम बसेड़ु राजपूत, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान मुद्दा

**महादेव।** महादेव ग्राम पंचायत, जो राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं. 21 से सीधे जुड़ी है, लंबे समय से खराब रास्तों और मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार राजनेताओं और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सुधार के लिए झूठे आश्वासन दिए गए, लेकिन कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। इसी कारण ग्रामीण जनता में नाराजगी और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्राम पंचायत के कई मार्ग, विशेषकर राजकीय प्राथमिक पाठशाला धनोटू से रयांह क्षेत्र तक जाने वाले रास्ते, धंसे और ढह चुके हैं। यह स्थिति न केवल राहगीरों के लिए असुविधाजनक है, बल्कि दुर्घटना का बड़ा खतरा भी पैदा कर रही है। ग्रामीण बताते हैं कि इस मार्ग से निकलकर बीडीओ (विकास खंड अधिकारी) धनोटू का कार्यालय मात्र 200 मीटर दूर है, फिर भी इस मार्ग की सुध नहीं ली जा रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधि अपने दायित्वों को नजरअंदाज कर 'बगले झांकने' की नीति अपना रहे हैं। ऐसे में जनता का मन बन चुका है कि आगामी पंचायत चुनावों में इन प्रतिनिधियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाए। जनता की आम चर्चा है कि समय पर सड़क निर्माण और मरम्मत का काम नहीं होने के कारण यहां अफसोसजनक स्थिति उत्पन्न हुई है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि धंसा-ढहा रास्ता, जो खाइयों और गड्ढों में तब्दील हो चुका है, उसका शीघ्र और ठोस सुधार किया जाए। उनका कहना है कि यह केवल पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समय की भी मांग है।

इस स्थिति ने महादेव ग्राम पंचायत में विकास की उम्मीदों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। स्थानीय निवासी चाहते हैं कि प्रशासन और पंचायत मिलकर सड़क निर्माण और मरम्मत के लिए तत्काल कदम उठाए, ताकि बच्चों, बुजुर्गों और अन्य राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और ग्रामीण क्षेत्र का सामान्य जीवन सुचारु रूप से चल सके।



धंसे-ढहे रास्ते का दृश्य, जो स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

# पधर बाजार में गंदगी फैलाने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

**कविता, अनंत ज्ञान**

**शनिवार को चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान**

**पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर में बुधवार को खंड विकास अधिकारी विनय चौहान ने पधर बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाजार से सटे नाले में लोगों द्वारा कचरा फेंके जाने पर गहरी नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

खंड विकास अधिकारी ने कहा कि नालों व खुले स्थानों में कचरा फेंकना न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे क्षेत्र में बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपना घरेलू कूड़ा-कचरा सफाई कर्मचारियों को ही दें और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति खुले में कचरा फेंकता हुआ दिखाई दे तो उस पर नजर रखें और इसकी सूचना प्रशासन को दें। विनय चौहान ने स्पष्ट किया कि खुले में कचरा फेंकने वालों तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग न देने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाजार व आसपास के क्षेत्र में चार ऐसे हॉट स्पॉट स्थान भी चिन्हित किए, जहां बार-बार कचरा फेंका जा रहा है और विशेष सफाई की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि इन चिन्हित स्थानों सहित पूरे क्षेत्र में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता कमेटी द्वारा स्थानीय महिला मंडलों और आम जनता के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत नालों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की जाएगी ताकि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा सके। खंड विकास अधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें।

### रणनीति बनाकर राजस्व मामलों के निपटारे में लाई जा रही तेजी : डीसी

# जनवरी महीने तक दो माह से अधिक पुराने सभी इंतकाल के मामलों का होगा निपटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने डीआरडीए के सम्मेलन कक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले में लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र एवं निष्पक्ष निपटारे पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि छह माह से अधिक समय से लंबित निशानदेही और तकसीम के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, जबकि दो माह से अधिक समय से लंबित सभी इंतकाल के मामलों का निपटारा जनवरी माह तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने फेयर डिसपोजल पर फोकस करते हुए ठोस रणनीति बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में एक सितम्बर से 30 नवम्बर की अवधि से संबंधित पूर्व डाटा तथा नवीनतम स्थिति के आधार पर राजस्व न्यायालय मामलों, म्यूटेशन, दुरुस्त जमाबंदी, राहत मामलों, पटवारखानों की स्थिति, स्वामित्व योजना, स्टांप एवं पंजीकरण, माय डीड, देवी-देवता और भूमिहीनों को भूमि आवंटन से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही सीएम सेवा संकल्प, ई-समाधान पोर्टल व जिला लोक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ में लंबित शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निपटारे के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि आपदा के दौरान जिले के सभी राजस्व अधिकारियों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है और अब उसी प्रतिबद्धता के साथ नियमित राजस्व कार्यों में भी तेजी लाई जाए। उन्होंने बल्ह उपमंडल में अपेक्षाकृत कम प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि वे शीघ्र ही उपमंडल का दौरा करेंगे।

#### आधार और मोबाइल सीडिंग में लाएं तेजी

**उपायुक्त** ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 और 31 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राजस्व अदालतों के दौरान भूमि खातों की आधार और मोबाइल सीडिंग के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 9,81,445 भूमि खाते हैं जिनमें से अब तक 3,54,699 भूमि खातों की ही आधार सीडिंग हो पाई है, जिसे प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि 1955 से लेकर 1990 तक की लेगेसी प्रविष्टियों की स्कैनिंग और डिजिटाइजेशन का कार्य लगभग शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, जो राजस्व अधिकारियों की मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ मदन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी हरीश शर्मा सहित विभिन्न उपमंडलों के एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# देहवीं में गाड़ी से 90 पेटी अवैध शराब बरामद

## गाड़ी छोड़ फरार हुआ चालक, सुंदरनगर पुलिस ने शुरू की तलाश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी जिला के सुंदरनगर क्षेत्र में आबकारी विभाग ने बुधवार तड़के करीब 4 बजे देहवीं क्षेत्र में रूटीन चेकिंग के दौरान एक गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। इसके बाद जब्त गाड़ी को सुंदरनगर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया है। उसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई को अंजाम आबकारी विभाग के डिप्टी कमिश्नर मंडी अरविंद शर्मा की अगुवाई में दिया गया है। आबकारी विभाग सुंदरनगर के इंस्पेक्टर हंसराज वर्मा, मंडी के इंस्पेक्टर वरुण शर्मा, पुलिस कांस्टेबल आशीष गुलेरिया और अन्य टीम सदस्यों ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार टीम द्वारा डैहर से मंडी की ओर आ रही एक संदिग्ध गाड़ी को देहवीं में जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान चालक से शराब से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसी दौरान चालक ने मौके का फायदा उठाते हुए गाड़ी को भगाने का प्रयास किया और अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। बाद में टीम ने गाड़ी को कब्जे में लेकर तलाशी ली, जिसमें कुल 90 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। बरामद शराब में रॉयल स्टैग की 40 और वीआरवी देसी संतरा की 50 पेटियां शामिल हैं।

आबकारी विभाग ने गाड़ी को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई के बाद सुंदरनगर थाना पुलिस को आगामी कार्रवाई के लिए सौंप दिया है। पुलिस अब फरार चालक की तलाश में जुट गई है और मामले की जांच जारी है। सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा जब्त की गई अवैध शराब की सप्लाई नेरचौक में निर्धारित रेट से कम पर किया जाना था। वहीं इस कार्रवाई को आबकारी विभाग की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पुष्टि करते हुए आबकारी विभाग के डिप्टी कमिश्नर मंडी अरविंद शर्मा ने बताया कि जिला में अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



अवैध शराब की गाड़ी को सुंदरनगर थाने को सौंपने की कार्रवाई करते हुए।

# पंडोह में जयूणी खड्ड पर बने ब्रिज


## सराज विस क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों के लोगों को मिलेगा लाभ

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

पंडोह बाजार में समय के साथ-साथ लगातार भीड़ बढ़ने लगी है। वाहनों की लंबी-लंबी कतारें सड़क पर चलने वाले राहगीरों के साथ वाहनों को पास करना भी जोखिम भरा होता जा रहा है। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए पंडोह गोहर सड़क मार्ग पर पंडोह बाजार से 300 मीटर गोहर की ओर जयूणी खड्ड के पुराने रास्ते पर पुल का निर्माण किया जाए। इस पुल निर्माण से सदर और सराज विधानसभा क्षेत्र के लोगों में आवाजाही और अधिक सुगम और सस्ती हो जाएगी तथा पंडोह बाजार पर बड़ा वाहनों का बोझ कम होगा तथा स्थानीय लोगों विशेषकर स्कूली बच्चों और दिव्यांग जनों का पैदल चलना सुरक्षित हो जाएगा। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत तादी का सांवला गांव पूरी तरह से सड़क सुविधा से जुड़ जाएगा।

लोगों को एक और सुगम सड़क मार्ग उपलब्ध हो जाएगा। जिससे किसानों, बागवानों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा। विशेष रूप से मंडी सदर के सांवला गांव में रहने वाले दर्जनों परिवारों को उनके घर-द्वार तक सड़क सुविधा मिल सकेगी। बरसात में सांवला सरोआ, बाडा कुखलाह, कसोड और कलहणी क्षेत्र के उन परिवारों को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा जिन्होंने पंडोह में घर बनाए हैं।

सांवला गांव का जयूणी खड्ड के साथ सटटा क्षेत्र भी इस पुल से लाभान्वित होगा। स्थानीय लोगों हर भगवान दास, बीआर भाटिया, राम सिंह, राम चंद्र शर्मा, पूने राम, पूर्ण चंद और गोविंद ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम और सदर विधायक अनिल शर्मा से इस पुल निर्माण के लिए बजट की मांग की है, ताकि एक वैकल्पिक पुल का निर्माण हो सके।



पंडोह-गोहर सड़क मार्ग पर जयूणी खड्ड में पुल बनाने की उठी मांग।

# एनएसआईसी मंडी से 15 को मिली वर्धमान कंपनी में नौकरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) के ट्रेनिंग सेंटर, मंडी में युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। एनएसआईसी ट्रेनिंग सेंटर मंडी के प्रमुख लोकेश भाटिया ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैंप में देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह वर्धमान ग्रुप की इकाई वीएमटी स्पिनिंग कंपनी लिमिटेड बद्दी ने मशीन ऑपरेटर के पदों के लिए छात्रों के साक्षात्कार लिए और 15 छात्रों को नौकरी का अवसर प्रदान किया। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में फैशन डिजाइनिंग, टेलरिंग एवं संबंधित तकनीकी ट्रेड्स से प्रशिक्षण प्राप्त लगभग 70 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। रोजगार के इस अवसर को लेकर युवाओं में उत्साह देखने को मिला और सुबह से ही एनएसआईसी परिसर में अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही।

वीएमटी स्पिनिंग कंपनी की मानव संसाधन प्रमुख हेमा ठाकुर की टीम ने अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए। उन्होंने बताया कि चयनित युवाओं की भर्ती डायरेक्ट रोल पर की जाएगी, जिससे उन्हें स्थायी रोजगार के साथ ही भविष्य भी सुरक्षित होगा। कंपनी की ओर से उन्हें 14,368 रु मासिक वेतन के साथ पीएफ, ईएसआई, वार्षिक बोनस, ग्रेच्युटी, सवैतनिक छुट्टियां एवं दुर्घटना बीमा, रहने की सुविधा का ऑफर दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें वार्षिक वेतन वृद्धि एवं पदोन्नति के अवसर भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। लोकेश भाटिया ने बताया कि एनएसआईसी ट्रेनिंग सेंटर मंडी भविष्य में भी इसी प्रकार के प्लेसमेंट कैंप आयोजित करेगा, जिससे क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

# धनोटू पुल के समीप बना सार्वजनिक शौचालय बदहाल, पानी की आपूर्ति ठप

**भीम बसेड़ु राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महादेव ग्राम पंचायत स्वच्छता के मामले में कई पायदान पीछे सरक गई है जबकि इस पंचायत बारे बुद्धि जीवी लोगों का यह कहना है कि ग्राम पंचायत महादेव को स्वच्छता पुरस्कार प्राप्ति का गौरव हासिल हो चुका है।

ग्राम पंचायत का एक बड़ा भाग टूटे फूटे रास्तों आदि को देख कदाइ लगता है वहीं जगह-जगह फैली प्लास्टिक सहित अन्य कई किस्म की बास मारती गंदगी को हवा में जहर घोलने वाला नरक कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसी प्रकार समुचित सफाई व्यवस्था की राह देख रहा धनोटू नेशनल हाईवे के पुल के पास सब्जी मंडी धनोटू को जाते मार्ग से सटा सार्वजनिक शौचालय पानी की सुचारू सुविधा न मिलने से सड़ने की सी स्थिति में वातावरण दूषित कर रहा है। शौचालय के सामने के मार्ग दूर तक कूड़े-कचरे के अंबार लगे हैं जिनके कारण महामारी फैलने का अंदेशा है। लोगों का कहना है कि पुल के निकट पुलिस कक्ष खुलने के तदोपरांत यह शौचालय निर्मित हुआ तो जरूर और जनता को भी समर्पित किया गया मगर शौचालय की देखरेख में पीछे रहने की वजह से इस सुविधा को ग्रहण लग गया है और हालत बद से बदतर होती जा रही है। बीएसएल (बीएमबी) परियोजना की नहर के पास बना यह बदहाल शौचालय जिसकी बदबू मार्ग तक आती है से लोगों को प्रदूषण के चलते बड़ी परेशानी हो रही है। लोगों ने ग्राम पंचायत व स्थानीय प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही पानी की माकूल व्यवस्था कर बदहाल शौचालय की हालत सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।



**कूड़े-कचरे व बदबू से परेशान लोग, सुधार की मांग**

# जोगिंद्रनगर पुलिस ने लापता महिला को जम्मू-कश्मीर से सकुशल किया बरामद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के अंतर्गत कर्तव्यनिष्ठा, धैर्य और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कांस्टेबल सुरिंदर कुमार नं. 256, पुलिस चौकी लडभड़ोल तथा लेडी कांस्टेबल रेनू अख्तर नं. 804 ने लापता महिला को सकुशल तलाश कर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रशासन द्वारा दोनों कर्मियों के इस उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को लडभड़ोल क्षेत्र से अनु देवी 35 वर्ष के लापता होने की शिकायत उनके पति नंद लाल द्वारा पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में दर्ज करवाई गई थी। शिकायत प्राप्त होते ही दोनों पुलिस कर्मियों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की और लगातार प्रयास किए। पुलिस की सतत मेहनत, सूझबूझ और बेहतर समन्वय के परिणामस्वरूप 15 दिसंबर को गांव मुकंदपुर कोरे-पुनू, तहसील मेहरीन, जिला कठुआ जम्मू-कश्मीर से अनु देवी को सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके बाद मंगलवार को उन्हें पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां उनका बयान दर्ज किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत उन्हें उनके परिजनों से मिला दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के थाना प्रभारी ने दोनों पुलिस कर्मियों के कार्य को अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। पुलिस प्रशासन ने कांस्टेबल सुरिंदर कुमार एवं लेडी कांस्टेबल रेनू अख्तर को उनके सराहनीय योगदान के लिए बधाई दी है।



लापता महिला के साथ जोगिंद्रनगर की पुलिस टीम।

**हकीकत** सीएमओ बोलीं-सरकाघाट में पीलिया फैलने की खबरें निराधार, घबराएं नहीं लोग

# पीलिया फैलने से मचा हड़कंप, ग्राउंड रिपोर्ट संतोषजनक

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** उपमंडल में पीलिया फैलने की खबरों से आम जनता में हड़कंप मच गया है, लेकिन ग्राउंड रिपोर्ट संतोषजनक पाई गई है। बुधवार को पीलिया से एक महिला की मौत होने की सूचना बाद जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बीएमओ बल्दाड़ा डॉ. अनिल कुमार बीएमओ संधोल डॉ. धर्मपाल जोनल अस्पताल मंडी से डॉ. पवनेश और एसएमओ सरकाघाट डॉ. संजीव शर्मा की अगुवाई में कई जगह का दौरा कर पानी के सैंपल एकत्रित किए और मृतक महिला के परिवार के लोगों के बयान दर्ज कर वहां पर भी पानी के सैंपल एकत्रित किए गए।

इसी बीच जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपाली शर्मा ने सरकाघाट उपमंडल में पीलिया फैलने की सूचनाओं को निराधार करार देते कहा कि स्वास्थ्य विभाग तमाम स्थिति पर निगरानी बनाए रखे हुए हैं। उन्होंने कहा इतने बड़े उपमंडल में एक अस्पताल में रोजाना थोड़े बहुत पीलिया के मरीजों का आना स्वाभाविक प्रक्रिया है।

सरकाघाट नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने एक दिन में बीस पीलिया के रोगियों का आने की खबरों को निराधार करार देते कहा कि अभी तक 17 तारीख तक अस्पताल में 31 मरीज आए हैं। उन्होंने बताया कि यदा कदा अस्पताल में पीलिया के मरीज आते रहते हैं जिन्हें एक या दो दिन उपचार के बाद घर भेज दिया जाता है। अस्पताल प्रभारी ने कहा कि जो भी अब तक केस आए हैं वह दो से आठ हफ्ते पुराने संक्रमण के केस हैं, जिन्होंने पिछले महीने दूषित पानी पिया होगा उनमें अब संक्रमण फैल रहा है, क्योंकि इस केस में 6 से 8 हफ्ते बाद ही संक्रमण का पता चलता है। उन्होंने बताया कि लोग पैनिक न हों। पानी उबालकर पीएं खाना खाने से पहले हाथ अच्छी तरह धोकर खाना खाएं अस्पताल में पीलिया के उपचार की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों को ताजे फल और सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी है।



जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्र का निरीक्षण करने के दौरान।

#### मृतका का सरकाघाट में नहीं कोई रिकॉर्ड

**चौक** पंचायत की युवती शिवानी पत्नी संतोष कुमार की मौत गत शनिवार को हुई थी और उसका उपचार हमीरपुर जिला के सीएससी बस्सी में चल रहा था। वह अपने मायके सुलेवान में रह रही थी। मायके वाले 11 तारीख को उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे सीएचसी भोरंज ले गए थे, वहीं पता लगा कि उसके लीवर व किडनी डैमेज हो चुके हैं। डॉक्टरों ने उसे 13 को एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया, वहां से उसे लीवर ट्रांसप्लांट के लिए पीजीआई रेफर किया जा रहा था, तो परिजनों ने उसे घर ले जाना मुनासिब समझा व जाहू के पास उसकी मौत हो गई। रविवार को ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

#### समय पर होती पानी की जांच : विवेक हाजरी

**जलशक्ति** विभाग के अधिशाषी अभियंता विवेक हाजरी ने बताया कि उनकी कोई भी पेयजल योजना सीवरेज लाइन से नहीं मिलती है और सरकाघाट नगर को क्लोरीनेशन के बाद पानी कांडापतन योजना से फिल्टर हो कर आता है।

#### निराधार खबरों से बचना चाहिए : सीएमओ

**जिला** चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपाली शर्मा ने कहा कि हेपेटाइटिस ए का लक्षण पाए जाने में किसी को भी कोई भी बुखार या कोई भी अन्य तकलीफ हो, तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा मृतका का एम्स से पूरा रिकॉर्ड मांगा गया है। सरकाघाट के किसी भी अस्पताल में मृतका ने कोई भी ट्रीटमेंट नहीं ली है। निराधार खबरों से लोगों को बचना चाहिए।

#### पानी की टंकियों को करते हैं साफ : प्राचार्य

**रविंद्रनाथ** टैगोर महाविद्यालय के प्राचार्य आर आर कौंडल ने बताया कि वे नियमित रूप से कॉलेज की पेयजल टंकियों की सफाई करते हैं और इतनी संख्या में कॉलेज के छात्रों का पीलिया से संक्रमित होने की उन्हें कोई भी जानकारी नहीं है।

# साइबर फ्रॉड व मानव तस्करी से बचाव को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** युवाओं को बढ़ते साइबर अपराध, अवैध नौकरी रैकेट, नशा सेवन एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के उद्देश्य से पुलिस थाना धर्मपुर द्वारा आज डीपीएस स्कूल, धर्मपुर में एक विशेष जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी धर्मपुर विनोद कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने अपने वक्तव्य में बताया कि किस प्रकार शातिर गिरोह हिमाचल के भोले-भाले युवाओं को विदेशों में अच्छी नौकरी का झांसा देकर अवैध तरीके से साइबर फ्रॉड केंद्रों तक पहुंचा रहे हैं, जहां उन्हें मजबूरी में साइबर अपराध में धकेला जाता है। उन्होंने इसे मानव तस्करी का नया और खतरनाक रूप बताते हुए युवाओं से ऐसे फर्जी एजेंटों और सोशल मीडिया पर मिलने वाले प्रलोभनों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने नशा सेवन के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति भविष्य को अंधकार में धकेलता है, बल्कि पूरे समाज को खोखला करता है।

# घने कोहरे में वाहन धीमी गति से चलाएं व लाइट का करें उपयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला प्रशासन ऊना ने घने कोहरे व शीतलहर के दृष्टिगत जनहित में एडवाइजरी जारी की है। इसके जरिए प्रशासन ने बढ़ती ठंड व घने कोहरे के मद्देनजर लोगों से स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर कुछ आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष व डीसी ऊना जतिन लाल ने कहा कि तापमान में लगातार गिरावट के चलते आगामी दिनों में शीतलहर और धुंध का असर और बढ़ सकता है, ऐसे में सुरक्षा व बचाव की दृष्टि से आवश्यक सावधानियां बरतना जरूरी है। यातायात के लिए जरूरी सावधानियों की बात करते हुए डीसी ने सभी वाहन चालकों से गति नियंत्रित रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घने कोहरे में वाहन धीमी गति से चलाएं, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही लाइट का सही उपयोग करें। गाड़ी की लाइट को लो बीम पर रखें। यदि दृश्यता बहुत कम हो, तो फॉग लाइट का प्रयोग करें। वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी रखें, ताकि अचानक रुकने की स्थिति में दुर्घटना न हो। सड़क पर पेंट की गई लाइन का उपयोग एक गाइड के रूप में करें।

वाहन चलाते समय मोबाइल फोन और तेज आवाज में संगीत न सुनें। एडवाइजरी में जिला वासियों से यह भी आग्रह किया गया है कि शीतलहर के दौरान यथासंभव घर के अंदर ही रहें। बाहर निकलते समय सिर, कान, हाथ, पैर और नाक को अच्छी तरह ढक कर निकलें। रेडियो, टीवी और समाचार पत्रों से मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहें। कई स्तरों वाले ऊनी कपड़े पहनें, ताकि शरीर की गर्मी बरकरार रहे। शरीर को गर्म रखने के लिए पोषक आहार व गर्म पेय का सेवन करें। हीटर, कोयले की अंगीठी या केरोसिन के उपयोग के दौरान कमरे में वेंटिलेशन का उचित प्रबंध करें। अपने सिर को ढक कर रखें, क्योंकि ठण्ड में सिर के माध्यम से ऊष्मा का अभाव हो सकता है। अपने मुहं को भी ढक कर रखें, इससे आपके फेफड़ों को ठंड से सुरक्षा मिलेगी। कम तापमान में कठिन काम न करें, क्षमता से अधिक शारीरिक कार्य न करें, इससे हृदयघात का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

### स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां

**उपायुक्त** ने लोगों से स्वास्थ्य लेकर भी सजग रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि शरीर के अंगों का सुन्न होना, हाथ-पैर की उंगलियों, कान और नाक पर सफेद या पीले दाग दिखना शीतदंश के लक्षण हो सकते हैं। अत्यधिक ठिठुरना, सुस्ती, थकान, स्मृति कमजोर होना या तुतलाना हाइपोथर्मिया के संकेत हैं। यदि किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से मौसम की गंभीरता को समझने, सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सतर्कता बरतने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# 21 को 46,167 बच्चों को पिलाई जाएंगी पोलियो ड्रॉप्स

**एडीसी ने पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभागों को दिए दिशा-निर्देश**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अभियान की तैयारियों, कार्ययोजना और विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की।

एडीसी ने बताया कि आगामी 21 दिसंबर को जिलेभर में पल्स पोलियो अभियान मनाया जाएगा, जिसके तहत 5 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस बार पूरे जिले में 46,167 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए जिले में 362 बूथ स्थापित किए जाएंगे, जबकि 55 ट्रांजिट प्वाइंट्स पर भी पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त 22 मोबाइल टीमें भी सक्रिय रहेंगी, जो दूर-दराज और संवेदनशील क्षेत्रों में बच्चों तक पहुंचेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा प्लस पोलियो ड्रॉप्स से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से जिले में झुग्गी-झोपड़ियों, निर्माण स्थलों, अस्थायी बस्तियों तथा प्रवासी मजदूरों के बीच रहने वाले सभी बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोलियो ड्रॉप्स अवश्य पिलाने को लेकर निर्देश दिए। साथ ही जिले में बच्चों को पिलाई जाने वाले पोलियो ड्रॉप्स का पूर्ण रिकॉर्ड रखने को कहा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें, ताकि जिला ऊना को पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाए रखा जा सके। महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि आईएसबीटी ऊना, रेलवे स्टेशन, मुख्य बस अड्डों सहित जिले के अन्य प्रमुख स्थानों पर पोलियो ड्रॉप्स केंद्र स्थापित किए जाएंगे, ताकि यात्रा कर रहे बच्चों को भी पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जा सके। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पोलियो ड्रॉप्स सुबह 9 से शाम 4 बजे तक प्रत्येक बूथ पर पिलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश पोलियो ड्रॉप्स से छूट जाने वाले बच्चों को 22 व 23 दिसंबर को घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो ड्रॉप्स से वंचित न रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि यह अभियान सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों सहित अन्य चिन्हित स्थानों पर भी चलाया जाएगा, जहां आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाएगा।

एडीसी ने आम जनता से अपील की कि वे इस राष्ट्रीय अभियान में पूरा सहयोग दें और अपने 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स अवश्य पिलवाएं, ताकि भविष्य की पीढ़ी को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुखदीप सिंह, आईसीडीएस डीपीओ नरेंद्र कुमार, जिला श्रम अधिकारी अक्षय शर्मा, डीएसपी पदम अजय ठाकुर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी किरण शर्मा स्वास्थ्य विभाग से गोपाल कृष्ण और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में उठाया स्कूली बच्चों की आंखों की जांच का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



प्रदेश राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में स्कूली बच्चों की आंखों की जांच से जुड़े मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से प्रश्न करते हुए पूछा कि क्या सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों की आंखों की जांच के लिए 'मिशन दृष्टि' के अंतर्गत धनराशि बढ़ाने का कोई प्रावधान किया गया है। साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित स्कूलों तक पहुंचने में होने वाले अतिरिक्त खर्च का उल्लेख करते हुए पूछा कि इस कारण बढ़ रही इकाई लागत की समस्या का समाधान मंत्रालय किस प्रकार करने की योजना बना रहा है। डॉ. सिकंदर कुमार ने यह भी जानना चाहा कि क्या मंत्रालय ने लागत मानदंडों को संशोधित करने तथा विभिन्न राज्यों में मौजूद इस अंतर को पाटने के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराने के संबंध में कोई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना मैदानी क्षेत्रों की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण और खर्चीला होता है, ऐसे में विशेष प्रावधान किए जाने की आवश्यकता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने सदन को अवगत कराया कि 'मिशन दृष्टि' स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का कार्यक्रम नहीं है। हालांकि, इसके बावजूद मंत्रालय ने राष्ट्रीय अंधत्व और दृष्टिबाधित नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से देश के पहाड़ी, दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में नेत्र जांच से जुड़ी कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय अंधत्व और दृष्टिबाधित नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत पहाड़ी और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में नेत्र इकाइयों के माध्यम से नियमित जांच की जा रही है। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दृष्टि जांच केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां लोगों को बुनियादी नेत्र जांच और अपवर्तन सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।



समिति की ओर से कार्यक्रम की रूपरेखा को तैयार किया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हिंदू सम्मेलन का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समिति मंडल मोईन द्वारा 21 दिसंबर रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

इस सम्मेलन में सुबह 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम व बौद्धिक आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद दोपहर 1 बजे भोजन का आयोजन होगा। बुधवार को आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा को तैयार किया गया और जिम्मेवारियां दी गईं। इस मौके पर विभाग प्रचारक भगवती प्रसाद, प्रान्त सहसंघचालक अशोक शर्मा, स्वयंसेवक संजीव शर्मा, केशव रतन आदि उपस्थित रहे।

# टाहलीवाल का युवक कनाडा जेल पुलिस के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली क्षेत्र के युवक ने सात समंदर पार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नगर पंचायत टाहलीवाल वार्ड नंबर-4 निवासी बलविंदर सिंह पुत्र गुरभाग सिंह ने विदेश में अपनी मेहनत का परचम लहराते हुए कनाडा की जेल पुलिस में भर्ती होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बलविंदर सिंह ने 16 दिसंबर को कनाडा में जेल पुलिस के रूप में अपनी ड्यूटी ज्वॉइन कर ली है, जिससे हरोली विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। बलविंदर सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एसडी पब्लिक स्कूल पालकवाह से प्राप्त की और बारहवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्ष 2022 में उच्च शिक्षा के लिए कनाडा गए थे। कड़ी मेहनत व लगन के बल पर उन्होंने सितंबर 2025 में कनाडा की जेल पुलिस में चयन हासिल किया। अपनी इस सफलता का श्रेय बलविंदर सिंह ने एसडी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल, अपने माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। उनके पिता गुरभाग सिंह पिछले कई वर्षों से फायर सर्विसेज ऊना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि माता आशा देवी एक गृहिणी हैं। बलविंदर की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी का माहौल है और क्षेत्र के लोगों ने भी उन्हें बधाइयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## चौकीमन्यार कॉलेज में एनएसएस शिविर के तहत स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान आयोजित

# स्वयंसेवियों को व्यायाम व तनाव प्रबंधन अपनाने का संदेश

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



एनएसएस शिविर के तहत स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान में मौजूद लोग।

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. इंदु भारद्वाज ने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक संतुलन, तनाव प्रबंधन तथा सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अपने संबोधन में डॉ. इंदु भारद्वाज ने कहा कि अच्छा शारीरिक स्वास्थ्य और सुदृढ़ मानसिक स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर और सकारात्मक मानसिकता युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती है। व्याख्यान के दौरान उन्होंने दैनिक जीवन में योग, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच को अपनाने पर विशेष बल दिया। यह व्याख्यान ज्ञानवर्धक एवं संवादात्मक रहा, जिससे एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने अतिथि वक्ता का परिचय देते हुए एनएसएस शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से सामाजिक व व्यक्तिगत जीवन में स्वास्थ्य के महत्व को समझने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर कविता कौशल ने डॉ. इंदु भारद्वाज का हार्दिक धन्यवाद किया और प्रेरणादायक व्याख्यान के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एनएसएस स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारी के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, जिसमें प्रोफेसर कविता कौशल, डॉ. राम कुमार नेगी, डॉ. सगुन डोगरा, प्रोफेसर नवीन शर्मा, अधीक्षक श्री राकेश कुमार, सहायक लाइब्रेरियन नीलम शर्मा, लिपिक अमन कुमार तथा सहायक कर्मचारी निर्मला देवी शामिल रहे। यह व्याख्यान विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा अत्यंत सराहा गया और सभी के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# उपभोक्ता 26 दिसंबर से पहले जमा करें बकाया राशि

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** बिजली उपमंडल चौकीमन्यार के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं के लिए बिजली विभाग ने सख्त चेतावनी जारी की है। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जिन उपभोक्ताओं ने अब तक अपने बिजली बिल जमा नहीं करवाए हैं, वे 26 दिसंबर से पहले अनिवार्य रूप से अपना बकाया बिजली बिल जमा करवा दें निर्धारित तिथि तक बिजली बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दी जाएगी। विभाग ने यह भी साफ किया है कि बिजली कनेक्शन कटने की स्थिति में इसके लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे। बिजली विभाग का कहना है कि लगातार बकाया बढ़ने से विभागीय कार्यों व रखरखाव में दिक्कतें आती हैं। समय पर बिलों का भुगतान न होने से न केवल राजस्व प्रभावित होता है, बल्कि क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने में भी परेशानी होती है। इस संबंध में जानकारी सहायक अभियंता ई. जुगल धीमान द्वारा दी गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विभाग के साथ सहयोग करें और किसी भी असुविधा से बचने के लिए समय रहते अपने बिजली बिलों का भुगतान सुनिश्चित करें। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करवा कर अनावश्यक परेशानी से बचें।

# सब जूनियर थ्रो बॉल नेशनल के लिए अभ्यास शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** 33वीं सब जूनियर थ्रो बॉल नेशनल चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर हिमाचल प्रदेश टीम का अभ्यास शिविर विधिवत रूप से आरंभ हो गया है। जिला ऊना के चयनित खिलाड़ियों का अभ्यास शिविर बंगाणा में लगाया गया, जिसका शुभारंभ थ्रो बॉल एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से ही राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसी क्रम में जिला हमीरपुर के खिलाड़ियों का अभ्यास शिविर सेंट सोल्जर कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सदोह में शुरू हुआ। शिविर का उद्घाटन सदोह पंचायत की प्रधान आशा देवी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। जानकारी के अनुसार 33वीं सब जूनियर थ्रो बॉल नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 25 दिसंबर से 28 दिसंबर तक बनारस (वाराणसी) में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए चयनित हिमाचल प्रदेश की टीम के अभ्यास शिविर बंगाणा, सदोह और सोलन में आयोजित किए गए।

# पीएनबी आरसेटी ऊना में कंप्यूटर आधारित बुक-कीपिंग कोर्स शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**



ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में कंप्यूटर आधारित बुक-कीपिंग कोर्स शुरू किया।

पीएनबी आरसेटी ऊना में ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए कंप्यूटर आधारित बुक-कीपिंग कोर्स का नया प्रशिक्षण बैच शुरू किया गया।

इस अवसर पर निदेशक पीएनबी आरसेटी ऊना सुधीर कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएनबी आरसेटी ऊना जिले का एकमात्र ऐसा प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत तथा हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के साथ समन्वय में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य जिले में बेरोजगारी की समस्या को कम करना तथा ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। इसके अंतर्गत लघु अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें एक सफल उद्यमी बनने के लिए बैंकिंग ज्ञान, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी, बाजार सर्वेक्षण तथा एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है। निदेशक ने बताया कि (बुधवार) को एलडीएम ऊना संजीव सक्सेना की उपस्थिति में 38 दिवसीय बुक-कीपिंग (कंप्यूटर कोर्स) प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्राज डोगरा (एफएलसी) तथा आकाश भारद्वाज, सीनियर फैकल्टी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को स्वरोजगार आरंभ करने हेतु बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय सहयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 से 50 वर्ष की आयु के ग्रामीण युवाओं के लिए आयोजित किया जाता है, ताकि वे स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें। पीएनबी आरसेटी ऊना द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रतिभागियों को अगले दो वर्षों तक निरंतर सहयोग प्रदान किया जाता है, जिसमें कम ब्याज दर पर बैंकों से ऋण (क्रेडिट लिंकेज) प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन भी शामिल है। निदेशक ने बताया कि इस प्रकार के सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क होते हैं। संस्थान में आयोजित घरेलू प्रशिक्षण के दौरान आवास एवं भोजन की सुविधा भी निःशुल्क प्रदान की जाती है, जबकि ऑफ-साइट प्रशिक्षण के लिए डे-बोर्डिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। सफल प्रशिक्षणार्थियों को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि पीएनबी आरसेटी ऊना से प्रशिक्षण प्राप्त कर कई युवा अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर चुके हैं और आज वे न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि दूसरों को रोजगार प्रदान कर समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बन रहे हैं।

# युवाओं में सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने का सशक्त माध्यम एनएसएस

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**



बीटन कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर का मुख्य विषय निस्वार्थ सेवा रखा गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में समाज के प्रति समर्पण, सेवा भावना व जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रो. गुरदेव सिंह रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि निस्वार्थ सेवा ही राष्ट्रीय सेवा योजना की आत्मा है और युवा स्वयंसेवकों को बिना किसी अपेक्षा के समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने एनएसएस को चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. उमा रानी ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को अनुशासन, समर्पण व सामाजिक चेतना के साथ शिविर की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एनएसएस के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गौरव शर्मा ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, सामाजिक सेवा च व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जो स्वयंसेवकों को समाज से सीधे जोड़ेंगी। इस उद्घाटन सत्र में कॉलेज के शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ, एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

# ललडी की छात्रा का राज्य स्तरीय परेड के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** वरिष्ठ माध्यमिक स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट विद्यालय ललडी का छात्रा मन्नत राय प्लस टू कला संकाय का चयन 26 जनवरी को शिमला में होने वाले राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की राज्य स्तरीय परेड टुकडी के लिए किया गया है। वरिष्ठ विद्यालय उना में लगे पांच दिवसीय शिविर में पूरे हिमाचल प्रदेश से आए हुए 300 ने स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इनमें से 110 स्वयंसेवियों का चयन गणतंत्र दिवस परेड में हुआ। यह स्वयंसेवी अब लाल पानी शिमला में आयोजित 16 जनवरी से 27 जनवरी तक एनएसएस शिविर में भाग लेंगे तथा गणतंत्र दिवस समारोह में परेड करेंगे। इस उपलक्ष्य पर स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य रीपूजीत सिंह ने मन्नत राय को सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकार ओंकार चंद्र, मति वंदना, अंजू प्रभाकर तथा सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# ऊना जिले की 190 पंचायतों को टीबी उन्मूलन अभियान के लिए चयनित करने की प्रक्रिया जारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

क्षेत्रीय अस्पताल (आरएच) ऊना के सभागार में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम बनाने के उद्देश्य से एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य पंचायत स्तर पर क्षय रोग की पहचान, उपचार और उन्मूलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। डॉ. संजीव वर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुसार प्रत्येक पंचायत में एक हजार जनसंख्या पर संभावित टीबी रोग की जांच दर 30 से अधिक होनी चाहिए, जबकि एक हजार जनसंख्या पर टीबी रोगियों की संख्या एक या उससे कम होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पंचायत में कुल टीबी रोगियों में से कम से कम 85 प्रतिशत रोगियों का उपचार सफलतापूर्वक पूरा होना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि बलगम जांच में टीबी पॉजिटिव पाए गए सभी रोगियों में से कम से कम 60 प्रतिशत रोगियों की यूडीएसटी जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही, ग्राम पंचायत में उपचार ले रहे सभी टीबी रोगियों को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत कम से कम एक किस्त प्राप्त होनी चाहिए तथा सहमति देने वाले सभी टीबी रोगियों को निक्षय मित्रों के माध्यम से पोषण सहायता उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। डॉ. वर्मा ने बताया कि जिला ऊना की सभी 245 पंचायतों में क्षय रोग के मापदंडों के अनुसार संभावित रोगियों की जांच का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

इसके आधार पर जिले की लगभग 190 पंचायतों को क्षय रोग उन्मूलन के लिए चयनित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत प्रत्येक खंड स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि क्षय रोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मंकोटिया, डॉ. सुखदीप सिंह सिधू, डॉ. विशाल ठाकुर, खंड चिकित्सा अधिकारी थानाकलां डॉ. नरेश शर्मा, गगरेट से डॉ. पंकज प्राशर, हरोली से डॉ. शिगारा, गुलशन शर्मा, संदीप धीर, राकेश कुमार, ऋतु शर्मा, रीता देवी, कल्पना शर्मा, धर्म पाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 70 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पुलिस लाइंस झलेड़ा में बुधवार को सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी कल्याण संगठन की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले से संबंध रखने वाले 70 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों के साथ-साथ दिवंगत पुलिस कर्मचारियों के परिजनों को शॉल, स्मृति-चिह्न और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस विभाग से डीआईजी पद से सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरएम शर्मा रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन केवल सम्मान तक सीमित नहीं होते, बल्कि सेवानिवृत्त जीवन में सक्रियता बनाए रखने, आपसी मेल-जोल बढ़ाने और अनुभव साझा करने का सशक्त माध्यम भी होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मंचों पर रिटायर्ड कर्मी अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याएं साझा कर सकते हैं, जिससे उनके समाधान के नए रास्ते निकलते हैं। आरएम शर्मा ने कहा कि पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी यह वर्ग समाज में अनुशासन, सेवा और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बाबा बचन दास के बताए मार्ग पर चलने की दी प्रेरणा



बाबा मरवजोत सिंह जी बेदी के प्रवचन सुनती उपस्थित संगत।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

संत बाबा बचन दास जी बोरी बालों की 30वीं सालाना बरसी समागम बुधवार को बाबा सरवजोत सिंह जी बेदी तथा समूह संगत की तरफ से गुरुदारा गुफा टिक्का राम किशन सिंह जी बेदी तप अस्थान बाबा बचन दास जी बोरी वाले नानकसर गलुआ में श्रद्धापूर्वक मनाए गए।

इस संबंध में श्री अखंड पाठों की लड़ी 9 दिसंबर आरंभ की गई थी, जिसकी समाप्ती बुधवार को की गई। पाठों की समाप्ती- उपरांत संत समागम व कीर्तन दरवार में अनेक संत महांपुरुष, कथावाचक, रागी, ढाडी जत्थे संत बाबा बाल जी, स्वामी दयानन्द जी गादोरी वाले भाई सुरजीत सिंह,, भाई गगन दीप सिंह मनमुरां, भाई हरदीप सिंह बसदेडा, भाई गोपाल सिंह बालीवाल, भाई अमर सिंह भाई अनिल सिंह आदि ने कथा कीर्तन से संगत को बाबा बचन दास जी के जीवन इतिहास बारे में बताया और उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी ने कहा की हमें बाबा वचन दास जी के जीवन से सीख लेकर भगवान के नाम का सुमिरन करना चाहिए और भलाई के रास्ते के चल कर सभी के भले की मंगल कामना करनी चाहिए। उन्होंने कहा की बच्चे के पहले गुरु उसके माता पिता होतें है। बच्चे को घर से ही धर्म की शिक्षा देकर धर्म के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर बाबा अमरजोत सिंह जी बेदी, संत मंगलानंद जी, संत अजीत सिंह, सत करतार जी, बाबा प्रितपाल सिंह, संत अमनदीप सिंह, संत गुरबक्श सिंह, हरपाल सिंह कोटला, जोग्मान सिंह, परमजीत सिंह, बलविंदर सिंह, राम मूर्ती सिंह, बलिहार सिंह, सुखविंदर सिंह, सुखवंत सिंह, तलविंदर सिंह, जगतार सिंह, जैल सिंह, गुरदयाल सिंहसहत अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर गुरु के लंगर का आयोजन किया गया। समागम में बाबा सरवजोत सिंह जी बेदी ने आए हुए संत महा-पुरुषों व सेवादारों को सिरोपे देकर सम्मानित भी किया।

# कांग्रेस सरकार का 'चालान राज' प्रशासनिक तानाशाही बेनकाब: विनय

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने ऊना के कोर बाजार में व्यापारियों के साथ हो रहे लगातार अन्याय को लेकर कांग्रेस सरकार, जिला प्रशासन व नगर परिषद पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ऊना में आज हालात इतने बदतर कर दिए गए हैं कि न व्यापारी चैन से दुकान चला पा रहे हैं और न ग्राहक निडर होकर खरीददारी करने पा रहे हैं। यह स्थिति संयोग नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार की व्यापारी-विरोधी और जन-विरोधी नीतियों का नतीजा है।



विनय शर्मा ने कहा कि एक तरफ वर्षों से स्थापित दुकानों को अवैध बताकर उजाड़ने की तैयारी की जा रही है और दूसरी तरफ बाजार में आने वाले ग्राहकों पर चालानों की ऐसी दहशत फैलाई गई है कि लोग ऊना बाजार का रुख करने से ही डरने लगे हैं। दुकानों के बाहर ग्राहक अपनी गाड़ी खड़ी नहीं कर सकते, कुछ मिनट भी वाहन खड़ा हुआ तो तुरंत चालान थमा दिया जाता है। परिणामस्वरूप ग्राहक चालान के डर से बिना खरीदी किए लौट जाता है या बाजार आना ही छोड़ देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ऊना सदर विधायक सतपाल सिंह सत्ती द्वारा ही ऊना शहर में सरकारी व पार्किंग का निर्माण करवाया और कांग्रेस सरकार एक ईंट भी नहीं लगा सकी फिर भी यह समझ से परे है कि जब कांग्रेस सरकार और प्रशासन ने आज तक न तो पर्याप्त पार्किंग बनाई, न वैकल्पिक व्यवस्था की, तो फिर ग्राहक और व्यापारी कहां जाएं? क्या कांग्रेस सरकार चाहती है कि बाजार खाली हो जाएं और व्यापारी बेरोजगार हो जाएं? क्या यही उनका तथाकथित व्यवस्था परिवर्तन का मॉडल है। भाजपा जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने आरोप लगाया कि ऊना में 'कानून व्यवस्था' के नाम पर सिर्फ ईमानदार व्यापारियों और आम जनता को ही निशाना बनाया जा रहा है। अवैध धंधे, नशा माफिया, खनन माफिया व बड़े रसूखदारों पर कार्रवाई करने का साहस प्रशासन में नहीं है, लेकिन छोटे दुकानदार व ग्राहक प्रशासन के लिए सबसे आसान शिकार बन गए हैं।

# कुल्लू अस्पताल में रमेश का सफल हिप रिप्लेसमेंट

## मरीज को अन्य जगह रेफर करने की बजाए हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतुष्ट शर्मा ने अपनी टीम के साथ किया ऑपरेशन

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में 57 वर्षीय एक मरीज के कूल्हे की मेजर सर्जरी की गई।

अस्पताल में युवा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतुष्ट शर्मा व टीम ने हिप रिप्लेशमेंट सर्जरी(नेक फीमर) सफलतापूर्वक पूरी की है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संतुष्ट शर्मा ने बताया कि पतलीकूहल के 58 वर्षीय रमेश कुछ समय पूर्व अपने घर के बाथरूम में फिसल गई थी जिसके चलते उनका कूल्हा टूट गया था। साथ ही रमेश पिछले काफी समय से अन्य कई बीमारियों से भी जूझ रहे थे और उपचाराधीन थे। इसके बाद मरीज रमेश को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू भर्ती किया गया। डा. संतुष्ट ने सबसे पहले मरीज का एक्स रे करवाया, जिसमें उनका हिप पूरी तरह से टूट गया था, जिसके चलते डा. ने शीघ्र ही इसे बदलने का निर्णय लिया। मरीज को कई स्वास्थ्य समस्याएं थीं, जिस कारण यह ऑपरेशन बेहद जटिल और जोखिम भरा हो गया था। चिकित्सकों ने सावधानी बरतते हुए मरीज को उच्च संस्थानों में रेफर करने का विकल्प भी दिया था। लेकिन रमेश के परिजनों ने क्षेत्रीय अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतुष्ट और उनकी टीम की काबिलियत पर भरोसा जताया। मरीज के परिजनों के द्वारा क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में ही ऑपरेशन करवाने के निर्णय पर डॉ. संतुष्ट और उनकी मेडिकल टीम ने भी इस चुनौती को स्वीकार किया ओर ऑपरेशन की तैयारियां शुरू की। सनद रहे कि पहले जहां कुल्लू जिला के लोगों को हिप रिप्लेसमेंट और नी रिप्लेसमेंट के लिए टांडा मेडिकल कालेज या आईजीएमसी शिमला के अलावा अन्य राज्यों के अस्पतालों में जाना पड़ता था, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से काफी नुकसान भी होता था। निजी क्षेत्र में इसका बहुत खर्च आता है लेकिन अब क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में ही अब मरीजों को यह सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है और अभी तक यहां पर काफी मरीजों के कूल्हे के आपरेशन किए जा चुके हैं। लिहाजा, इस सफलता से यह स्पष्ट हो गया है कि कुल्लू का क्षेत्रीय अस्पताल अब हड्डी रोग से जुड़ी तमाम गंभीर और चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



सर्जरी के बाद मरीज रमेश व उनके परिजनों के साथ सीएमओ कुल्लू डॉ. रंजीत ठाकुर व डॉ. संतुष्ट शर्मा।

**कुल्लू** अस्पताल में सभी प्रकार की शल्य चिकित्सा की जा रही है और यहां पर बेहतरीन शल्य चिकित्सक मौजूद हैं। कुल्लू के अलावा लाहौल-स्पीति, सराज व पांगी के मरीजों का यहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। अस्पताल में बुजुर्ग की हिप रिप्लेसमेंट की सफल सर्जरी की गई है। इसके लिए डॉ. संतुष्ट सहित पूरी टीम इसमें बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। मरीजों को घरद्वार स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है।

**डॉ. रंजीत ठाकुर, सीएमओ कुल्लू।**

### डॉ. के कारण मिला नया जीवन

**सर्जरी** के बाद बुजुर्ग रमेश पूरी तरह से स्वस्थ है और अपने दोनों पैरों पर बिना किसी सहारे के चल रहे हैं। मरीज रमेश ने बताया कि डा. ने उन्हें नया जीवन प्रदान किया है, जिसके लिए उन्होंने डा. संतुष्ट का आभार जताया है। बकौल रमेश अब वह पहले की ही तरह चल फिर सकते हैं। बुजुर्ग रमेश और उनकी पत्नी अनिता ने डॉ. संतुष्ट के मृदुभाषी और हंसमुख स्वभाव व मरीजों के साथ उनके व्यवहार की सराहना की है। साथ ही कुल्लू सहित अन्य जिला के मरीजों से भी हड्डी रोग संबंधित बीमारी के उपचार के लिए कुल्लू अस्पताल आने का आग्रह किया है।

### हिप व नी रिप्लेसमेंट के किए कई ऑपरेशन

**अस्पताल** में अपने अभी तक के कार्यकाल में अभी तक डॉ. सन्तुष्ट कई मरीजों के हिप व नी रिप्लेसमेंट के ऑपरेशन कर उन्हें नई जिंदगी दे चुके हैं। कुल्लू अस्पताल में हिप व नी रिप्लेसमेंट के सफल ऑपरेशन होने से मरीजों को अब आईजीएमसी शिमला सहित प्रदेश व अन्य राज्यों के अस्पतालों में जाने से निजात मिली है। मरीजों को बेहतरीन सेवाएं देने व समाजसेवा के लिए डॉ. सन्तुष्ट को जिला प्रशासन सहित कई समाजसेवी संस्थाओं की ओर से सम्मानित भी किया जा चुका है।

**बुजुर्ग** रमेश पतलीकूहल से हैं और कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। रमेश के बाथरूम में गिरने के कारण इनके हिप फ्रैक्चर आ गया था।जब इनके परिजन इन्हें यहां उपचार के लिए लाए थे तो इनके हिप में दर्द के कारण यह चलने फिरने में पूरी तरह सक्षम नहीं थे। ऐसे में मरीज के परिजनों के साथ संवाद कर उनके हिप रिप्लेसमेंट का ऑपरेशन किया गया जोकि पूरी तरह से सफल रहा है। अब मरीज बिना किसी सहारे चल रहे हैं। **डॉ. संतुष्ट शर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू।**

# डॉ. मोहित शर्मा की टीम ने समय रहते रक्तस्राव पर पाया काबू

## विदेशी मेहमानों में भी बढ़ी सीएचसी पतलीकूहल में इलाज की विश्वसनीयता

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**



सीएचसी पतलीकूहल।

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी के समीप स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पतलीकूहल एक बार फिर अपनी त्वरित आपातकालीन सेवाओं और मानवीय दृष्टिकोण के कारण चर्चा में है।

मंगलवार देर रात करीब साढ़े नौ बजे एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल सिंगापुर की एक महिला नागरिक को इलाज के लिए सीएचसी पतलीकूहल लाया गया। सिर में गहरी चोट लगने के कारण महिला अत्यधिक रक्तस्राव की स्थिति में थी। आपातकालीन सेवा में तैनात डॉ. मोहित शर्मा, उनके साथ मौजूद स्टाफ नर्स सुषमा व रूम सिंह ने बिना समय गंवाए समन्वित प्रयास करते हुए तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकीय टीम ने पेशेवर दक्षता व सूझबूझ का परिचय देते हुए रक्तस्राव पर नियंत्रण पाया और मरीज को हेमोडायनामिकली स्टेबल किया। इसके उपरांत बेहतर जांच व उपचार के लिए महिला को सीटी स्कैन के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया। मरीज के पति ने सीएचसी पतलीकूहल में मिले इलाज और डॉक्टरों के व्यवहार की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने कहा कि 'एक छोटे से अस्पताल में इतनी कुशल और संवेदनशील चिकित्सा सेवा देखकर हम बेहद प्रभावित हैं। समय पर मिले इलाज के कारण ही मेरी पत्नी की स्थिति संभल पाई।' उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टर और स्टाफ का व्यवहार उम्मीद से कहीं अधिक मानवीय और सहयोगात्मक था।



इस तरह की घटनाएं सीएचसी पतलीकूहल पर लोगों के भरोसे को लगातार मजबूत कर रही हैं। न केवल स्थानीय लोग, बल्कि विदेशी पर्यटक भी यहां की आपातकालीन सेवाओं से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन क्षेत्र के नजदीक होने के कारण इस अस्पताल की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पतलीकूहल सीएचसी प्रभारी डॉक्टर मोहित शर्मा ने बताया कि मरीज के सिर के राइट टेंपोरल हिस्से में गहरी चोट के चलते काफी रक्तस्राव हुआ, जिसे अस्पताल की टीम समय रहते रोकने में सफल रही। सीएचसी पतलीकूहल के सुदृढ़ीकरण के लिए सर्वप्रथम विधायक भुवनेश्वर गौर का हार्दिक धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं सशक्त हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणजीत ठाकुर के मार्गदर्शन व बीएमओ नग्गर डॉ. करनजीत के सतत प्रयासों के लिए भी आभार, जिनसे सीएचसी पतलीकूहल में निरंतर नई सेवाएं जुड़ रही हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे उदाहरणों को देखते हुए सरकार को सीएचसी पतलीकूहल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं, संसाधन व स्टाफ बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि भविष्य में और अधिक प्रभावी ढंग से मरीजों की सेवा की जा सके।

# 14 मील के पास खनन माफिया ने रात के अंधेरे में उखाड़े एनएचएआई के क्रैश बैरियर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

राष्ट्रीय राजमार्ग–21 पर 14 मील के समीप अज्ञात शरारती तत्वों और खनन माफिया द्वारा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का गंभीर मामला सामने आया है। माफिया ने गत रात्रि एनएचएआई द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगाए गए क्रैश बैरियरों को न केवल क्षतिग्रस्त किया, बल्कि ब्यास नदी के किनारे तक अवैध खनन के लिए एक कच्ची सड़क भी तैयार कर दी।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, जिस स्थान पर बैरियर उखाड़े गए हैं, वहां से नदी की दूरी मात्र 20 से 30 मीटर है। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन को अंजाम देने के लिए माफिया ने इस रास्ते को बनाया है, जिससे भविष्य में राजमार्ग को भी खतरा पैदा हो सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी संपत्ति और राजमार्ग की सुरक्षा प्रणालियों के साथ छेड़छाड़ करना कानूनन अपराध है। सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 के तहत सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने पर दोषियों को 5 वर्ष तक की जेल और भारी जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा, अवैध खनन के मामलों में एनजीटी के सख्त निर्देशों के तहत लाखों रुपए के जुर्माने और वाहन जब्त करने का भी प्रावधान है। राजमार्ग पर सुरक्षा बैरियर हटाना न केवल चोरी है, बल्कि यह वाहन दुर्घटनाओं को न्योता देने जैसा जानलेवा कृत्य भी है।

**इस** मामले की अभी मुझे जानकारी नहीं है, लेकिन अगर किसी के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है और नियमों का उल्लंघन हुआ है, तो विभाग तुरंत मौके का मुआयना करेगा। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**अशोक चौहान, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारी।**

# विधायक ने तिंदी में रखी जलागम विकास कार्यों की आधारशिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल–स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने जलागम विकास कार्यक्रम वर्ष 2025–26 के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिन्दी क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक एवं आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों की विधिवत आधारशिला रखी।

इन कार्यों का उद्देश्य जल संरक्षण, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार तथा ग्रामीण संपर्क मार्गों को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम के तहत बाड़ा से अघार तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी 90/110 मिमी पाइप लाइन बिछाने, चेक वॉल निर्माण, कच्चे रास्तों के निर्माण, बुर्जी साइड चेक वॉल, हाज्जू–1 एवं हाज्जू–2 में चेक वॉल, खेरड़ी नाला से हाज्जू तक क्यूसी पाइप लाइन, हाज्जू में आरसीसी कूहल (पानी की नाली) तथा एमएम भवन अघार के समीप ब्रेस्ट वॉल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल संरक्षण को मजबूती मिलेगी, सिंचाई व्यवस्था बेहतर होगी और ग्रामीण संपर्क मार्गों में सुधार होगा, जिससे स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा।



उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता दुर्गम–दराज एवं जनजातीय क्षेत्रों में संतुलित विकास सुनिश्चित करना है, ताकि विकास की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें। कार्यक्रम के दौरान 69 लाभार्थियों को टूल किट भी वितरित की गईं। महिला मंडल अगाहर और स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक द्वारा महिला मंडल आगाहर को 50,000 की राशी, सिनियर सेकेंडरी स्कूल तींदी को 50,000, और 11000 मंच संचालक गुनगुन ठाकुर, भाषण प्रतियोगिता में 11000 लक्षीता। समारोह में पंचायत प्रधान तिंदी कमला ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष वीना देवी, एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञालछन ठाकुर, जिला परिषद सदस्य छेज़ांग डोलमा, डीसी चेयरमैन वीपन शाशनी, उपाध्यक्ष डीसी दिलीप बौद्ध, टीएसी सदस्य सुशील कुमार, पूर्व महासचिव प्यारे लाल शर्मा व अनिल ठाकुर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह, प्रधान सतीश किशोरी, उपप्रधान मुलिंग शुशील, बीडीसी सदस्य दिनेश, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष साहिल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय जनता की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# दो किलो से अधिक चरस तस्करी मामले में दोषी को 12 साल की सजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम ने बताया कि माननीय स्पेशल जज–1 कुल्लू, प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी योगराज पुत्र भीमी राम, निवासी गांव सुखनी, डाकघर बरग्राम, तहसील मनाली, जिला कुल्लू को दोषी करार दिया है।

अदालत ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के अंतर्गत दंडनीय अपराध के लिए 12 वर्ष की कठोर कारावास तथा 1,20,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि यदि दोषी जुर्माना राशि अदा करने में असफल रहता है, तो उसे 6 माह की साधारण कारावास की अतिरिक्त सजा को भी भुगतना होगा। जिला न्यायवादी ने बताया कि यह मामला 6 फरवरी 2023 का है। दोपहर लगभग 1:30 बजे, हेड कांस्टेबल संदीप के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने आरोपी योगराज को 2.049 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी यह चरस एक बैग में लेकर जा रहा था। पुलिस ने यह चरस मारुति वैन से सेंगली जीरो प्वाइंट के पास बरामद की थी। इस बरामदगी के आधार पर थाना पतलीकूहल, जिला कुल्लू में एफआईआर नंबर 14/23 दर्ज की गई। मामले की गहन जांच के उपरांत पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ चालान माननीय अदालत में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष ने आरोप सिद्ध करने के लिए अदालत के समक्ष 14 गवाहों के बयान दर्ज करवाए, जिसके आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई। इस फैसले को नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# शेर सिंह एडवोकेट बने बाबा क्लब लोरन के प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बाबा क्लब लोरन के त्रैवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सर्वसम्मति से संपन्न हुए। बेलीराम कुलवी की अध्यक्षता में चुनाव करवाए गए। इसमें शांतिपूर्ण तरीके से कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें एडवोकेट शेर सिंह को प्रधान, तेजराम वरिष्ठ उपप्रधान, रामधन उपप्रधान, संजय कुमार एडवोकेट महासचिव, शिवदयाल सह सचिव, अजय कुमार कोषाध्यक्ष, किशन सह कोषाध्यक्ष और भवानी सिंह को लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया। वहीं, प्यारेलाल कश्यप को मुख्य सलाहकार व केहर सिंह को भंडारी का पद दिया गया। कार्यकारिणी सदस्य में हेमचंद, तरुण, जीवन, राकेश, ठाकुरदास और बेलीराम को चुना गया। बेलीराम ने कहा कि सुभाष गौतम को चेयरमैन बनाया गया है। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए हैं और लगभग सभी सदस्यों ने इसमें भाग लिया है।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए थैरेपी कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल–स्पीति जिले के तांदी स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, तांदी द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एकदिवसीय थेरेपी कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप में लाहौल घाटी के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांग बच्चों को आवश्यक थेरेपी सेवाएं प्रदान की गईं। इस थेरेपी कैंप में साम्फिया की अनुभवी थेरेपिस्ट टीम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कैंप के दौरान बच्चों को फिजियोथेरेपी एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपी सेवाओं के साथ–साथ उनके अभिभावकों को फैमिली काउंसलिंग भी उपलब्ध कराई गई। डाइट के समावेशी शिक्षा के समन्वयक छेरिंग अंग्रूप ने बताया कि यह थेरेपी शिविर 16 से 17 दिसंबर तक दो दिनों तक चला। इस शिविर में जिले के दस बच्चों को थेरेपी सेवाएं प्रदान की गईं, वहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के वयस्कों एवं बुजुर्गों को भी फिजियोथेरेपी की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

# नशे के खिलाफ जनसहयोग से ही मिलेगी सफलता: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस रवीश ने बुधवार को नशा मुक्त हिमाचल कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत परगाणु के राजकीय प्राथमिक विद्यालय तथा ग्राम पंचायत शमशी के आईटीआई शमशी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर डीसी ने नशा निवारण समिति के परवाणू और शमशी के सदस्यों के साथ बैठक की और समय–समय पर नशे की रोकथाम के लिए प्रभावी एक्शन प्लान तैयार करने तथा नियमित बैठकें आयोजित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समिति की सजगता और सक्रियता से नशा करने वालों तथा नशा तस्करों को बेनकाब किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि चिट्टे को जड़ से समाप्त करना राज्यव्यापी मुहिम है, जिसकी स्वयं मुख्यमंत्री निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में महिलाओं का योगदान और दृढ़ इच्छाशक्ति अत्यंत सराहनीय भूमिका निभा सकती है। उन्होंने बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं से आगे आकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने आईटीआई के छात्रों से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे नशे से पूरी तरह दूर रहें और अपने उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उपायुक्त ने छात्रों से आग्रह किया कि यदि उन्हें अपने आसपास नशे के अवैध कारोबार, नशे के सेवन या नशे को बढ़ावा देने वाले किसी भी व्यक्ति की जानकारी मिलती है, तो वे बिना किसी भय के इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके लिए उन्होंने टोल फ्री नंबर 112 पर सूचना देने का भी आग्रह किया, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही नशा मुक्त समाज का सपना साकार किया जा सकता है और छात्र इस अभियान में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### कानून व्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग दें: एसपी

**पुलिस** अधीक्षक, मदन लाल ने अपने संबोधन में कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आम जनता के सक्रिय सहयोग से ही नशे के सौदागरों और तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सकता है। एसपी ने लोगों से अपील की कि वे नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी पुलिस के साथ साझा करें और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग दें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और पुलिस त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज के लिए सकारात्मक उदाहरण बनने का भी आह्वान किया।

# 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान का आगाज

**अनंत ज्ञान, बंजार।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ' बाल विवाह मुक्त अभियान' संचालित किया गया है। यह अभियान नवंबर 2025 से मार्च 2026 तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत बाल विवाह के नकारात्मक प्रभावों से संबंधित जागरूकता के प्रचार एवं प्रसार हेतू विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों को संचालित करने का आह्वाहन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया है। इसी अभियान के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार, जिला कुल्लू के बहुउद्देशीय हॉल में ' बाल विवाह मुक्त भारत' के लिए प्राचार्या राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह द्वारा महाविद्यालय के स्टाफ तथा छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि हम अपने परिवार, पड़ोस और समुदाय में बाल विवाह नहीं होने देंगे और बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभाएंगे। यह जानकारी बंजार कॉलेज की महिला सैल के सदस्य सहायक आचार्य रामा नंद ने दी।

# लाइफ रेस्क्यू के गुर सीख रहे प्रतिभागी

## पिरड़ी स्थित राफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित हो रहा प्रशिक्षण कोर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के पिरड़ी स्थित देश के एकमात्र राफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र में लाइफ रेस्क्यू तकनीक सहित राफ्टिंग व अन्य एडवांस प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान एवं राफ्टिंग केंद्र पिरड़ी की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 प्रशिक्षणार्थियों को आत्मरक्षा, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

शिविर में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, झारखंड, हरियाणा और बिहार के 50 युवा युवतियां प्रशिक्षण ले रहे हैं। । प्रशिक्षण के दौरान युवा युवतियां राफ्टिंग, रेपलिंग व जुमरिंग सहित अन्य गतिविधियों का अभ्यास कर रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली के अनुदेशक एवं इंस्ट्रक्टर गिमनर सिंह ने बताया कि प्रतिभागी को ब्यास की जलधारा में राफ्टिंग के करतब सीख रहे हैं। ब्यास की लहरों में युवाओं को राफ्टिंग का एडवांस प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युवा प्रशिक्षण पाकर तैराकी, कयाकिंग, राफ्टिंग, रेपलिंग और आपदा प्रबंधन में निपुण बनेंगे। उन्होंने बताया कि रिवर राफ्टिंग केंद्र पिरड़ी में युवाओं को वीरवार तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतिभागियों को रस्सी के सहारे किसी तीखी ढलान या ऊंचे भवन से चढ़ने और उतरने का अभ्यास कराया जा रहा है। राफ्टिंग केंद्र प्रभारी ने बताया



पिरडी में रेस्क्यू ऑपरेशन के गुर सीखते युवा।

कि अब तक राष्ट्रीय सेवा योजना के 150 स्वयंसेवियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिसमें भारतवर्ष के 20 राज्यों के प्रतिभागी कुल्लू जिला में कोर्स करने आये हैं। इन कोर्स में इन्हें लाइफ रेस्क्यू तकनीक, फर्स्ट ऐड, कयाकिंग ,ट्रेकिंग, राफ्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। राष्ट्रीय एडवेंचर कोर्स के दौरान नौवें दिन प्रशिक्षुओं सहित अभिभावकगणों ने भी पौधरोपण में भाग लिया। प्रशिक्षुओं ने दियार, हैज , पाल्म एवं अन्य कई प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राफ्टिंग केंद्र प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि 10 दिवसीय कार्यक्रम वीरवार को संपन्न होगा जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के निदेशक समारोह में विशेष अतिथि शिरकत करेंगे। अगला कोर्स 20 दिसंबर से शुरू हो जाएगा।

# कचरा प्रबंधन, पर्यावरण कानून व जल प्रबंधन पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

### पर्यावरणीय साक्षरता पर वर्कशॉप का तीसरा दिन

राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में पर्यावरणीय साक्षरता वर्कशॉप के तहत बुधवार को तीसरे दिन कचरा प्रबंधन, पर्यावरण लॉ और जल प्रबंधन पर जोर दिया गया। इस दौरान आईआईटी मंडी, पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड और जनशक्ति विभाग के विशेषज्ञों का वक्तव्य प्रतिभागियों के बीच चर्चा में रहा। प्राचार्य डा. राकेश राणा ने सभी विषय विशेषज्ञों का स्वागत किया।

आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ सीविल एंड इंवायरमेंट इंजीनियरिंग के डॉ. आनंद गिरी ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष लाखों टन कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें प्लास्टिक, जैविक और खतरनाक अपशिष्ट शामिल हैं। उन्होंने अपने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि घरेलू स्तर पर गीले कचरे को खाद में बदलकर और सूखे कचरे को रीसाइक्लिंग के लिए अलग करके सर्कुलर इकोनॉमी को कैसे मजबूत किया जा सकता है? इस दौरान डा. गिरी ने कचरा के पृथक्करण, रीसाइक्लिंग और कंपोस्टिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता लव ठाकुर ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 और वायु अधिनियम 1981 जैसे महत्वपूर्ण कानूनों की विस्तृत व्याख्या की तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि ये कानून उद्योगों, व्यक्तियों और संस्थानों को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी से जोड़ते हैं। इनके तहत खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन न करने पर सख्त दंड का प्रावधान है। कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि पर्यावरण कानूनों का ज्ञान, नागरिकों को अपने अधिकारों का उपयोग करने और प्रदूषण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सशक्त बनाता है। वर्कशॉप का दूसरा सत्र जल प्रबंधन पर केंद्रीत रहा। इस दौरान जलशक्ति विभाग की एसडीओ कौशल्या नेगी ने भारत में जल संकट की बढ़ती समस्या को देखते हुए वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और कुशल उपयोग की तकनीकों पर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि औद्योगिक और घरेलू अपशिष्ट से नदियां और भूजल दूषित हो रहे हैं, जिससे पेयजल की कमी हो रही है।

इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण के लिए अपशिष्ट जल उपचार की आवश्यकता पर बल दिया गया।इस वर्कशॉप में सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया और उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक बताया। आयोजकों का कहना है कि ऐसी पहलें भविष्य में नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी, ताकि भारत एक स्वच्छ और हरित राष्ट्र बने। कोआर्डिनेटर सोम नेगी बताया कि आज के वर्कशॉप का उद्देश्य प्रतिभागियों में जागरूकता फैलाना रहा, ताकि सभी अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण–अनुकूल प्रथाओं को अपनाएं। इस दौरान डॉ. रामनाथ, डॉ. निर्मल चौहान, डॉ. मनीष सूद, डॉ. शीतल ठाकुर, डॉ. हीरामणि, डॉ. अनुपमा कटोच समेत दर्जनों प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डीसी कुल्लू ने किया चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट कलैहली का निरीक्षण



डीसी कुल्लू चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट कलैहली के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बुधवार को चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट (सीसीआई) कलैहली का दौरा कर संस्थान में बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बच्चों के रहन–सहन, सुरक्षा एवं सुविधाओं से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए।

उपायुक्त ने संस्थान की लाइब्रेरी, आवासीय कमरों, रसोईघर, शौचालय, स्नानगृह सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्वच्छ, सुरक्षित व अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके उपरांत डीसी ने बिहाली स्थित निर्माणाधीन चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट भवन के कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए आगामी सत्र से संस्थान को आरंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण तथा बच्चों के लिए बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के भी निर्देश संबंधित विभाग को दिए। इस अवसर पर एसडीएम पंकज शर्मा, डीपीओ कुंदन लाल , बीडीओ मोहित गुप्ता सहित बाल विकास व परियोजना विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लारजी–बिहाली मार्ग पर यातायात डायवर्ट

**अनंत ज्ञान, सैंज।** लारजी–सैंज मार्ग पर चल रहे मरम्मत व पुनर्स्थापन कार्य के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन कुल्लू द्वारा यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। उप–मंडलाधिकारी बंजार की रिपोर्ट के अनुसार 4 दिसंबर को पुलिस विभाग, एनएच–एचपीपीडब्ल्यूडी, राजस्व विभाग तथा एनएचपीसी पार्बती–III पावर स्टेशन के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में यह पाया गया कि लारजी–सैंज सड़क की वर्तमान स्थिति सुचारू एवं सुरक्षित यातायात के लिए उपयुक्त नहीं है।

सड़क की खराब स्थिति से आम जनता की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसी के मद्देनजर डीसी ने मोटर वाहन अधिनियम, के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं कि लारजी से बिहाली खंड पर सैंज नदी के बाएं तट (लेफ्ट बैंक) मार्ग से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही को मरम्मत व पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण होने तक सैंज नदी के दाएं तट (राइट बैंक) मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यह आदेश आपातकालीन वाहनों पर लागू नहीं होगा। आदेश के अनुसार एनएच–एचपीपीडब्ल्यूडी बंजार के अधिशाषी अभियंता को आम जनता की जानकारी के लिए आवश्यक सूचना पट्ट व साइन बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कुल्लू को प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन व आदेशों के सख्ती से क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# फोजल स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स सम्मानित



समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती हुईं छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फोजल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भुवनेश्वर गौड़ ने शिरकत की। समारोह का विधिवत शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

स्कूल की प्रधानाचार्य प्रतिभा सूद ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह और कुल्लवी टोपी भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान भुवनेश्वर गौड़ ने 42.09 लाख रुपए से नवनिर्मित लाइब्रेरी व साइंस लैब का उद्घाटन किया। चार कमरों वाली इस लैब का निर्माण बीएसएनएल द्वारा किया गया है। मौके पर मौजूद बीएसएनएल के सहायक अभियंता (सिविल) प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि जगह की कमी के बावजूद विभाग ने इस कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर स्कूल प्रबंधन को सौंप दिया है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार वितरित किए गए। शैक्षणिक क्षेत्र में पूजा (82 फीसदी) और कनिका ठाकुर (81.06 फीसदी) को बेहतरीन अंक हासिल करने पर सम्मानित किया गया। वहीं, चित्रकला (पेंटिंग) में दसवीं कक्षा की परिनिधि ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर हुरंग पंचायत के प्रधान राम नाथ, खुढू राम, उपप्रधान ज्ञान चंद, बीडीसी सदस्य बरनाली, उपप्रधान इंद्र और स्कूल प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य व अभिभावक मौजूद रहे।

# मौसम की बेरुखी से क्रिसमस, न्यू ईयर पर स्पेशल ट्रेन चलने के आसार कम

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

अनंत ज्ञान स्पैशल

**सोलन।** क्रिसमस व नववर्ष पर बर्फबारी हसरत लिए देश-विदेश से पर्यटक प्रदेश की राजधानी शिमला पहुंचते हैं पर इस बार मौसम की बेरुखी से विश्व हेरिटेज कालका-शिमला रेल ट्रैक पर चलने वाली स्पेशल ट्रेन नहीं चल पा रही है। मैदानी क्षेत्रों में धुंध की समस्या के चलते कालका स्टेशन आने वाली हावड़ा और बरेली ट्रेन 5 से अधिक घंटे देरी से पहुंच रही हैं, ऐसे में विश्व हेरिटेज कालका-शिमला रेल ट्रैक पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का शेड्यूल तय नहीं हो पा रहा है। इसके चलते पर्यटकों को स्पेशल ट्रेन की ऑनलाइन बुकिंग नहीं मिल रही है। आमतौर पर विश्व हेरिटेज रेल मार्ग से क्रिसमस व नववर्ष की छुट्टियों में शिमला पहुंचने वाले पर्यटक एक महीने पहले ही एडवांस बुकिंग कर लेते हैं पर इस बार इंतजार लंबा हो गया।


विश्व हेरिटेज कालका-शिमला रेल ट्रैक पर छुक-छुक चलती ट्रेन।

## सर्दियों में रेल यात्रा आकर्षण

**पहाड़ी** रेल यात्रा का आकर्षण हर साल सर्दियों में और ज्यादा हो जाता है। चारों ओर धुंध और ठंडी हवाओं के बीच ट्रेन पहाड़ों को चीरती हुई आती हैं। पर्यटक इस नजारे को बहुत ज्यादा पसंद करते हैं। राजधानी शिमला में अभी से रेल मार्ग से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक मौसम का आनंद लेने शिमला पहुंच रहे हैं। फिलहाल बर्फबारी के आसार कम है पर पर्यटक खिली धूप जरूर आनंद ले रहे हैं।

## 20 दिसंबर तक स्पेशल ट्रेन चलने की उम्मीद

**शिमला** में क्रिसमिस मनाने या फिर नए साल का स्वागत करने के लिए कालका-शिमला रेलवे ट्रैक से आना चाहते हैं, तो अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। कालका-शिमला के बीच चलने वाली सभी रुटीन ट्रेनें बुक हैं। कालका से शिमला के लिए रोजाना पांच ट्रेनें आ रही हैं, इतनी ही वापस जाती हैं। 20 दिसंबर के बाद स्पेशल ट्रेन शुरू हो सकती है। ट्रेन में आम से लेकर खास तक के लिए यात्रा की सुविधा है पर रेलवे बोर्ड को अभी इसका निर्णय लेना बाकी है। इस ट्रैक पर विस्टाडोम से लेकर सामान्य किराये की ट्रेन में यात्रा करने की सुविधा है। विस्टाडोम का किराया 630 और शिवालिक डीलक्स एक्सप्रेस में 510 रुपए है। कालका से शिमला के बीच साधारण किराया 50 रुपए है।

## सफर को रोमांचक बनाती है 103 सुरंगें

कालका-शिमला रेल मार्ग पर स्थित 103 सुरंगें पर्यटकों के सफर को काफी रोमांचक बना देती हैं। अधिकतर पर्यटक पारदर्शी डिब्बों विस्टाडोम में वादियों को निहारते हुए शिमला आना चाहते हैं। हालांकि रेलगाड़ी से शिमला पहुंचने के लिए बस व निजी वाहन से दोगुना समय लगता है, लेकिन पर्यटक रेलगाड़ी के सफर को अधिक पसंद कर रहे हैं। सड़कों पर यातायात जाम और खुद वाहन चलाने की थकान से बचने के लिए भी पर्यटक रेलगाड़ी को प्राथमिकता देते हैं। करीब 96 किलोमीटर लंबे शिमला-कालका रेलमार्ग पर पांच रेलगाड़ी चलती हैं।

# सोलन में प्रशासन ने तीसरे दिन भी हटाया अतिक्रमण

अनंत ज्ञान, सोलन

शहर में बढ़ते अतिक्रमण को देखते हुए स्थानीय प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की मुहिम तीसरे दिन भी जारी रही।

बुधवार को सुबह लगभग 10:30 बजे नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, तहसील एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी सपरुन चौक पहुंचे और यहां से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान जिन दुकानदारों ने अवैध निर्माण किया हुआ था, उन पर प्रशासन ने पीला पंजा चलाया। साथ में मशीनों का उपयोग कर कई जगहों पर लोहे के एंगल और दुकानों के लिए बनाए गए अवैध रास्ते तोड़े गए। तीन दिन से चल रही कार्रवाई के चलते शहर के दुकानदारों में डर का माहौल है। प्रशासन लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है। पहले दिन मॉल रोड पर अतिक्रमण हटाया गया, दूसरे दिन कोटलानाला तक कार्रवाई हुई, और बुधवार को सपरुन चौक से डीसी ऑफिस तक अतिक्रमण हटाया गया। इससे पहले व्यापार मंडल के सहयोग से सभी दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए और सार्वजनिक रूप से चस्पा भी किए गए थे, लेकिन जब किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया, तो प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया। खासकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए सड़क पर चलना अब पहले से आसान हो गया है। वहीं, कुछ नागरिकों ने कहा कि अतिक्रमण कुछ ही दिनों में दोबारा शुरू हो जाता है और प्रशासन को निरंतर निगरानी रखनी चाहिए।

एसडीएम पूनम बंसल ने स्पष्ट किया कि यह अभियान यहीं समाप्त नहीं होगा। वीरवार से कार्रवाई फिर शुरू होगी और आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न इलाकों में भी जारी रहेगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि दुकानदार स्वयं अपने अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभी फिलहाल छोटे चालान किए जा रहे हैं, लेकिन यदि दुकानदार नहीं मानेंगे तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान शहर में सड़क सुरक्षा, नागरिक सुविधा और जनहित सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, और प्रशासन ने इसे पूरी दृढ़ता के साथ लागू करने का संकल्प लिया है।

# नशे की बुराई से दूरी बनाकर सामाजिक सरोकार में भूमिका निभाएं युवा: डॉ. राजेश

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगी ग्राम पंचायत मशीवर के कैंतखड़ा स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता के अवसर पर भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए स्थानीय युवाओं की जमकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी रूचि रखनी चाहिए। वहीं, नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूरी बनाकर समाज को इस कुरीति के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं का उत्साह, अनुशासन व खेल के प्रति समर्पण देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। खेल के मैदान में खिलाड़ियों का जोश यह दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मशीवर पंचायत प्रधान नरेंद्र जग्गी, हिमांशु शर्मा, बिंदरू ठाकुर, मदन ठाकुर (उपप्रधान, डागरी पंचायत), अमर सिंह ठाकुर (उपप्रधान, धारोट), प्रदीप कंवर एडवोकेट मनजीत कंवर, बूथ अध्यक्ष नरेश, उपप्रधान कुलदीप ठाकुर (पूर्व प्रधान, मश्योर), राजेश ठाकुर (पूर्व प्रधान, सेर बनेरा), कुलदीप ठाकुर (ग्राम केंद्र प्रमुख) विनोद ठाकुर सहित उपस्थित रहे। फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित एसकेएन टूर्नामेंट का सफल व सुव्यवस्थित आयोजन सराहनीय रहा। मुख्यातिथि ने आयोजक मोंटू व विनय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल युवाओं को खेलों से जोड़ते हैं, बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीम भावना व सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं।


प्रतियोगिता में पहुंचे मुख्यातिथि डॉ. राजेश कश्यप खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस स्पेशल सेल ने पकड़ा चिट्टे का आरोपी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस के स्पेशल सेल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गोविन्दघाट बैरियर के समीप एक व्यक्ति के कब्जे से जांच के दौरान 02.18 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी को दबोच कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई है। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि आरोपी असलम खान पुत्र मोहम्मद इकबाल निवासी वार्ड नं.9 देवीनगर पांवटा साहिब कब्जे से 2.18 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस स्टेशन पांवटा में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है।

### एक जेसीबी, 2 टिप्पर और 3 ट्रैक्टर जब्त

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** पुलिस जिला बद्दी ने अवैध खनन में संलिप्त खनन माफिया के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस निति अपनाते हुए एक विशेष अभियान के तहत नालागढ़ और मानपुरा में कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन में बद्दी, मानपुरा ओर नालागढ़ की पुलिस टीमें शामिल रहीं। पुलिस टीमों ने 1 जेसीबी, 2 टिप्पर और 3 ट्रैक्टरों को चालान करके जब्त किया है और खनन अधिनियम के तहत मामले दर्ज करके आगामी कार्रवाई के लिए कोर्ट भेजा है। पुलिस थाना नालागढ़ के तहत 1 जेसीबी तथा 3 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है, जबकि पुलिस थाना बद्दी व पुलिस थाना मानपुरा के अंतर्गत 2 टिप्परों को जब्त किया गया है। जब्त किए गए सभी वाहनों के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत चालान काटकर, जब्त करके आगामी कार्रवाई के लिए कोर्ट भेजा है। पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान ने कहा कि भविष्य में भी अवैध खनन में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### पुलिस ने युवक से 7.57 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला पुलिस बद्दी की टीम ने एएसआई राजेश ठाकुर की अगुवाई में बीती रात गश्त के दौरान बाईपास रोड, न्यू बस स्टैंड बद्दी के समीप एक युवक को चिट्टे सहित धर दबोचने में सफलता प्राप्त की है, जब पुलिस टीम भूड, संडोली की तरफ से गश्त करते हुए वापस बद्दी की तरफ आ रही थी, तो जैसे ही पुलिस टीम बाई पास रोड पर न्यू बस स्टैंड बद्दी के पास पहुंची, तो एक युवक पुलिस वाहन को देखकर मौके से भागने का प्रयास करने लगा तथा हड्बड़ाहट में अचानक गिर पड़ा। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त युवक को मौका पर काबू किया गया और तलाशी के दौरान उसके हवाले से कुल 7.57 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुआ। एएसपी बद्दी विनोद धीमान ने बताया के आरोपी की पहचान अभिषेक पाल, निवासी गांव पसतौर नई बस्ती, तहसील व जिला बरेली के रूप में हुई, जिस पर आरोपी अभिषेक पाल के खिलाफ पुलिस थाना बद्दी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### गुलमोहर गेस्टहाउस का उद्घाटन करेंगे विधायक

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की के विकास खंड कुनिहार अधिकारी कंवर तन्मय सिंह ने जानकारी दी कि 18 दिसंबर को 11 बजे दोपहर को संजय अवस्थी विधायक अर्की द्वारा विकास खंड कुनिहार के प्रांगण में नवनिर्मित गुलमोहर गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया जाएगा। इस मौके पर पंचायत समिति व अन्य सम्मानीय लोग उपस्थित रहेंगे।

### सनौरा स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पझौता घाटी के गायत्री पब्लिक स्कूल सनौरा (नौहरी) में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में जिला परिषद सदस्य (देवठी मझगांव वार्ड) विनय भगनाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं और उनके सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन से अच्छे संस्कार देना विद्यालयों के लिए एक चुनौतीपूर्ण लेकिन महत्वपूर्ण कार्य है, जिससे वे समाज और देश के सच्चे नागरिक बन सकें। इस अवसर पर विनय भगनाल ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए तथा अपने निजी खाते से विद्यालय को 11 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की।

### शूलिनी बिजनेस स्कूल देश में 11वें स्थान पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के शूलिनी बिजनेस स्कूल (एसबीएस) ने प्रतिष्ठित बिजनेस टुडे (बीटी) सर्वश्रेष्ठ बी-स्कूल रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी सशक्त शैक्षणिक पहचान को और मजबूत किया है। इंडिया टुडे ग्रुप द्वारा एमडीआरए के सहयोग से कराई गई इस रैंकिंग में शूलिनी बिजनेस स्कूल ने भारत के उभरते निजी बिजनेस स्कूलों में 11वां स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही स्कूल को उत्तर क्षेत्र में 24वां, निजी बिजनेस स्कूलों में 57वां और राष्ट्रीय स्तर पर कुल मिलाकर 82वां स्थान हासिल हुआ। यह उपलब्धि प्रबंधन विज्ञान संकाय (एफएमएस) के शिक्षकों की निरंतर शैक्षणिक प्रतिबद्धता, उद्योग-उन्मुख शिक्षण, अनुभवात्मक शिक्षा व मजबूत प्लेसमेंट सहयोग का परिणाम है।

### शिमला से दियोटसिद्ध तक पैदल यात्रा संपन्न

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** शिमला से दियोटसिद्ध तक श्री शिव भगवती सेवक मंडल द्वारा आयोजित 50वीं स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक पैदल यात्रा श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। पांच दिवसीय इस पावन यात्रा में लगभग 80 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। 10 दिसंबर को शिमला से आरंभ हुई यात्रा दाड़लाघाट, मारकंडेय मंदिर (जुखाला), बरठीं और शाहतलाई होते हुए 14 दिसंबर को दियोटसिद्ध पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। अंतिम दिन बाबा बालक नाथ जी की चौकी सजाई गई तथा गुफा में दर्शन कर पूजा-अर्चना की गई। यात्रा के दौरान भक्ति, सहयोग और अनुशासन का सुंदर उदाहरण देखने को मिला।

### सुरेश सामाजिक न्याय विभाग में बने संयुक्त निदेशक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के संगड़ाह के डाहर गांव के मूल निवासी सुरेश शर्मा (गुड्डू) को सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग में संयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इससे उनके गृह क्षेत्र संगड़ाह और पूरे जिले में खुशी की लहर है। सुरेश शर्मा का सरकारी सेवाओं में लंबा और सफल करियर रहा है, जिसमें उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी, उपनिदेशक और बाल विकास परियोजना अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद संभाले। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता सभी कल्याणकारी योजनाओं को सही समय पर लाभार्थियों तक पहुंचाना होगी।

# दो दिन में 763 किसान खरीद चुके हैं 29825 पौधे

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी और विवि के कृषि विज्ञान केंद्रों व अनुसंधान स्टेशनों में बागवानों के लिए फलदार पौधे की वार्षिक बिक्री मंगलवार को भी जारी रही। आज पौधों की बिक्री का दूसरा दिन था और काफी संख्या में किसानों ने फलों के पौधे खरीदे। इस वर्ष 15 दिसंबर से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर फल रोपण सामग्री की वार्षिक बिक्री मुख्य परिसर में तीन नर्सरियों, कंडाघाट, रोहड़ू में कृषि विज्ञान केंद्र और मशोबरा, बजौरा और शारबो (किन्नौर) में अनुसंधान केंद्रों से विभिन्न फलों की किस्मों की बिक्री जारी रही। दूसरे दिन 237 किसानों ने 9979 पौधे विभिन्न नर्सरियों से खरीदे, अब तक दो दिनों में 763 किसान 29825 पौधे खरीद चुके हैं। इस वर्ष, विश्वविद्यालय और क्षेत्रीय स्टेशनों द्वारा 1.80 लाख से अधिक पौधे तैयार किए हैं।

# जयराम पहुंचे बद्दी, पूर्व विधायक परमजीत पम्मी की माता के निधन पर जताया शोक


दून के पूर्व विधायक परमजीत पम्मी की माता के निधन पर शोक जताते जयराम ठाकुर व अन्य।

अनंत ज्ञान, बद्दी

पूर्व मुख्यमंत्री और प्रतिपक्ष नेता जयराम ठाकुर पूर्व विधायक परमजीत सिंह की माता तुलसा देवी के निधन पर शोक जताने के लिए उनके घर लेही गांव में पहुंचे। उन्होंने निधन पर शोक जताते हुए परिवार के प्रति सवेंदना प्रकट की और भगवान से उनकी आत्मा की शांति की कामना की।

उनके घर पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल, पूर्व विधायक केएल ठाकुर, पूर्व विधायक कालका प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक विनोद चंदेल, पूर्व विधायक लखविंदर राणा, ट्रक यूनियन नालागढ़ के प्रधान चौधरी विद्या रतन, ट्रक यूनियन के चेयरमैन हरभजन चौधरी, कोषाध्यक्ष बिर सिंह चंदेल, पूर्व चेयरमैन और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर, पूर्व चेयरमैन बलदेव तोमर, पूर्व चेयरमैन बलदेव भंडारी, पूर्व चेयरमैन अशोक शर्मा, बलबीर ठाकुर, मंडल अध्यक्ष कसौली लक्ष्मी दत्त अत्रि, धर्मपुर मंडल के अध्यक्ष मदन मोहन मेहता, नालागढ़ की मंडल अध्यक्ष शालिनी शर्मा, यशपाल ठाकुर, चरण यादव, संजीव कश्यप, संजय ठाकुर, यशपाल ठाकुर, तीर्थ राम ठाकुर, राजीव ठाकुर, मदन ठाकुर, जोगिंदर शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, मदन शांडिल आदि उपस्थित हुए और शोक संवत परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# 12,540 बच्चों को पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की खुराक

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला सिरमौर में 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चिकित्सा खंड धगेड़ा की खंड स्तरीय कार्य बल की बैठक उपमंडल अधिकारी नाहन राजीव सांख्यान की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय सभागार नाहन में आयोजित हुई।

उपमंडलाधिकारी ने पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम सम्बंधी की जाने वाली पूर्व तैयारियों के बारे में विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षा विभाग को कहा कि पल्स पोलियो अभियान बारे स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान जानकारी प्रदान की जाए ताकि बच्चों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। उन्होंने उद्योग विभाग को जिला के उद्योगों में कार्य कर रहे मजदूरों के 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के लिए जागरूक करने के लिए कहा, ताकि कोई भी शिशु पल्स पोलियो की खुराक से वंचित न रह सके।


उपमंडल कार्यालय सभागार नाहन में बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम नाहन।

उन्होंने पंचायतों तथा आंगनवाडी केंद्रों के माध्यम से संबंधित विभागों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में खण्ड चिकित्सा अधिकारी धगेड़ा डॉ-मोनिषा अग्रवाल ने अवगत कराया कि धगेडा खंड में 0 से 5 वर्ष के लगभग 12540 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक 98 बूथों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीमों द्वारा पिलाई जाएगी। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पोलियो एक संक्रामक रोग है यह मुख्य रूप से 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है। उन्होंने ओरल पोलियो वैक्सीन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मौखिक रूप से पिलाई जाने वाली दवा पोलियो वायरस को निकाल देती है जिससे बच्चे के साथ-साथ आस-पास रहने वाले लोगों को भी सुरक्षा प्रदान करती है जबकि टीकाकरण के माध्यम से दी जाने वाली पोलियो दवा केवल बच्चे को ही सुरक्षा प्रदान करती है। उन्होंने आग्रह किया कि 0-5 वर्ष के सभी बच्चों को इस दिन पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। बैठक में उपनिदेशक उच्च शिक्षा हिमेंद्र चंद, उप निदेशक प्रारंभिक राजीव कुमार, बाल विकास अधिकारी इशाक मोहम्मद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य बिजली पेंशनर्स कल्याण संघ की मांग, पेंशन विसंगतियों को दूर करे सरकार

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली पेंशनर कल्याण संघ सोलन ने अखिल भारतीय पेंशनर दिवस धूमधाम के साथ मनाया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि ई बीके सूद, केंद्रीय कार्यकारणी के पूर्व अध्यक्ष, का संघ के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ई. दिनेश गुप्ता ने मुख्यातिथि को उनके स्थान पर विराजित किया। दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि ने उपस्थित पेंशनरों को शुभकामनाएं दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। वरिष्ठ पेंशनरों को फूल-मालाओं और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रदेश महामंत्री पी.एल. गुप्ता ने पेंशनर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस 17 दिसंबर 1982 को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के कारण मनाया जाता है, जब स्वर्गीय डी.एस. नाकारा के फैसले से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक जीवन यापन के लिए पेंशन देने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

कार्यक्रम में पेंशनरों की समस्याओं पर भी मंथन हुआ। इसमें रिवाइज्ड ग्रैज्युटी, कम्यूटेशन, लीव इन-कैशमेंट का भुगतान न होना, मेडिकल बिलों से की गई कटौती का स्पष्ट विवरण न देना, पूर्व-सेवानिवृतों की नोशनल फिक्सेशन में त्रुटियों का समाधान न होना, और महंगाई भत्ते की किश्तों का भुगतान समय पर न होना शामिल था। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि ने सभी पेंशनरों को पेंशनर दिवस की बधाई दी और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में साइबर सुरक्षा व संरक्षा पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम

# सुरक्षित डिजिटल शिक्षण वातावरण को लेकर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में साइबर सुरक्षा व संरक्षा पर एक ज्ञानवर्धक क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को सुरक्षित व जिम्मेदार डिजिटल शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक ज्ञान व कौशल की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साइबर खतरों के बारे में जागरूकता को बढ़ाना, इसके साथ-साथ जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता के महत्व व प्रभावी सुरक्षा उपायों को अपनाने पर जोर देना था, जिसमें मजबूत पासवर्ड प्रबंधन व डेटा सुरक्षा शामिल हैं।


स्कूल में आयोजित कार्यशाला में पहुंचे प्रतिभागी।

सत्रों का संचालन पंकज धतवालिया ने किया, जिनकी विशेषज्ञता व व्यावहारिक दृष्टिकोण ने चर्चाओं को आकर्षक, प्रासंगिक व अत्यंत ज्ञानवर्धक बनाया। उनके वास्तविक जीवन के उदाहरणों व संवादात्मक स्पष्टीकरणों ने प्रतिभागियों को उभरते साइबर जोखिमों और विद्यालयीय परिवेश में उनसे प्रभावी ढंग से निपटने की रणनीतियों को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम बनाया।

कार्यक्रम में सुबाथू स्थित पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर स्थित पाइन ग्रोवस्कूल और कुठार स्थित टैगोर वनस्थली पब्लिक स्कूल के पंकज शर्मा, गुरप्रीत सिंह, दिगंबर भट्ट, अजेश राणा, ट्विंकल, पंकज वर्मा, प्रियंका, अनीता शर्मा, सलोनी पूरी, तरविंद्र कौर, उदय कटोच, मुकेश मिश्रा, कीर्तिका, अंकुश, भावेश तिवारी, शिफा सिकरी, रविंद्र शर्मा, त्रिलोक, राजेंद्र सिंह, रिया, वेणी नेगी, वर्षा लिहांतु, अरित्रा, मीनू बरार, बिंदेश्वरी, संदीप, राज लाल, विनीत, नीरज आहूजा, शेर सिंह, मोनिका, जतिन कश्यप और देवेंद्रा गुमरा 37 शिक्षकों ने भाग लिया, जिससे सहयोगात्मक शिक्षण व व्यावसायिक आदान-प्रदान की भावना को बढ़ावा मिला। यह कार्यक्रम एक मूल्यवान शिक्षण अनुभव साबित हुआ, जिसने शिक्षकों को छात्रों को डिजिटल प्लेटफार्मों के सुरक्षित और अधिक जिम्मेदार उपयोग की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए सशक्त बनाया।

# जिला सिरमौर में होगा फसलों का डिजिटल सर्वे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में कृषि विभाग द्वारा फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण किया जाएगा जिसके अंतर्गत फसल बुवाई की जानकारी डिजिटल तरीके से एकत्रित की जाएगी। कृषि उपनिदेशक डॉ. राजकुमार ने बताया कि फसलों के डिजिटल सर्वेक्षण के लिए किसानों का पंजीकरण होना अनिवार्य है इसलिए जिला के सभी किसान लोक मित्र केंद्रों में जाकर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें ताकि फसलों का सर्वेक्षण सुगमता से हो सके। उन्होंने बताया कि फसलों के डिजिटल सर्वेक्षण से किसानों की फसलों का वास्तविक और सटीक डाटा सरकार के पास जाएगा और कृषि के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों का लाभ आसानी से किसानों तक पहुंच सकेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि विभाग के कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं।

# मोड़ों से मुक्त होगा नाहन-शिमला हाईवे

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर में नेशनल हाईवे अथॉरिटी के दो बड़े प्रोजेक्ट्स की तस्वीर जल्द बदलने वाली है। एनएच शिमला सर्किल के मुख्य अभियंता अजय कपूर ने अपनी उच्च तकनीकी टीम के साथ जिले का दौरा किया और दो महत्वपूर्ण स्थलों पर चल रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया।


मारकंडा पुल के कार्य का निरीक्षण करते अधिकारी।

मुख्य अभियंता ने सबसे पहले नेशनल हाईवे-7 पर खजूरना के समीप निर्माणाधीन मारकंडा पुल के कार्य का निरीक्षण किया। यह 'बोस्टिंग ब्रिज' अपने निर्माण के अंतिम चरण में है। अधिकारियों ने पुष्टि की कि इस सामरिक और महत्वपूर्ण पुल को 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह तैयार कर जनता को समर्पित करने का लक्ष्य रखा गया है। निरीक्षण के दौरान पुल की गुणवत्ता और फिनिशिंग पर विशेष चर्चा की गई, क्योंकि यह ब्रिज न केवल यातायात को सुगम बनाएगा बल्कि क्षेत्र की कनेक्टिविटी के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। इसके बाद टीम ने नाहन-कुमारहट्टी नेशनल हाईवे के चुनौतीपूर्ण खंड का रुख किया। यह मार्ग अपने अत्यधिक तीखे और खतरनाक मोड़ों के लिए जाना जाता है, जहां वाहन चलाना चालकों के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होता। सड़क को सुरक्षित और आधुनिक बनाने के लिए मार्क टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी द्वारा 78 किलोमीटर लंबे इस खंड के सुधारीकरण की टेक्निकल रिपोर्ट तैयार की गई है।

इस रिपोर्ट पर विभाग द्वारा लगाई गई 16 आपत्तियों का मुख्य अभियंता ने मौके पर निपटारा किया। 8 करोड़ के टेंडर के तहत तैयार इस रिपोर्ट का उद्देश्य हाईवे से खतरनाक मोड़ों को हटाना और सड़क को चौड़ा करना है। इन आपत्तियों के सुधरने के बाद अब जल्द ही रिपोर्ट को मंत्रालय भेजा जाएगा, जहां से हरी झंडी मिलते ही डीपीआर का काम शुरू होगा। सड़क के सुधारीकरण व मध्यवर्ती लेन के संरेखण के बाद यह हाईवे पूरी तरह से बदल जाएगा और सफर सुरक्षित हो जाएगा। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि नाहन शहर में बाइपास की कमी के कारण फिलहाल हाईवे की सीधी कनेक्टिविटी नहीं है। हालांकि, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनोग से काशीवाला तक 8 किलोमीटर के वैकल्पिक बाइपास को फाइनल कर लिया गया है। सुरंग के प्रस्ताव पर भी विभाग की नजर है, जिसकी डीपीआर भविष्य में तैयार की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता अजय कपूर के साथ अधीक्षण अभियंता रतन शर्मा, अधिशाषी अभियंता नाहन एनएच मंडल राकेश खंडूजा और अन्य तकनीकी अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने मनरेगा का नाम बदलने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त उपायुक्त सोलन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। इसमें केंद्र सरकार पर मनरेगा का नाम बदल कर 'विकसित भारत जी राम जी' करने पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। कांग्रेस के नेता व जोगिंदरा बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार का यूपीए गवर्नमेंट की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा जिसमें देश के बेरोजगार लोगों को रोजगार की गारंटी दी गयी। आज इस योजना का नाम बदलना दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है। वहीं पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार तानाशाही पर उतारू हो गयी है, लेकिन देश की जनता इसको बिलकुल भी बर्दास्त नहीं करेगी। वहीं, राजीव कौड़ा ने कहा कि कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदल कर अपनी झूठी वाह-वाही करवाना मोदी सरकार बंद करें। इस मौके पर वरिष्ठ अभिवक्ता सुभाष वरमानी, विकास कालटा पूर्व सचिव प्रदेश कांग्रेस, पूर्व यूंका अध्यक्ष सोलन अंकुर ठाकुर, मदन हिमाचली, विकास ठाकुर आदि लोग शामिल रहे।

# पंजपिपलू स्कूल में स्टूडेंट्स की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन




राजकीय माध्यमिक पाठशाला पंजपिपलू में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

अनंत ज्ञान, अर्की

राजकीय माध्यमिक पाठशाला पंजपिपलू ने अपना 24वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। इस स्थापना दिवस के मुख्यातिथि राकेश वर्मा मैनेजिंग डायरेक्टर शूलिनी प्रिंट पैक रहे।

इस समारोह को स्कूल प्रबंधन समिति व क्षेत्रवासियों द्वारा निजी स्तर पर आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भूमती की कार्यवाहक प्रधानाचार्या विजय चंदेल, अधीक्षक जयदेव गौतम व उनके स्टाफ सदस्य रेड क्रास सोसायटी पैटर्न डॉ. लेख राज कौशिक विशेष रूप से उपस्थिति रहे। स्थानीय पाठशाला के प्रभारी द्वारा वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उनकी सभी उपस्थित लोगों द्वारा बहुत सराहना की गई। इस कार्यक्रम में प्रधान ग्राम पंचायत भूमती योगेश गौतम, उपप्रधान ग्राम पंचायत भूमती, ग्राम पंचायत बडोग के उपप्रधान धर्म सिंह चौधरी, बीडीसी सदस्य शशिकांत।

व्यापार मंडल भूमती के अध्यक्ष ललित सेन लेख राम (समाजसेवी) स्थानीय पाठशाला के अध्यापक प्रभारी रुद्र दत्त जो प्रापा के मुख्याध्यापक माध्यमिक पाठशाला के अध्यापक अनीता कुमारी, शास्त्री चंद्र प्रकाश व कला अध्यापक रत्न लाल व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




# हरियाणा पुलिस ने अपराध के 760 हॉट-स्पॉट पर दी दबिश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा पुलिस के ऑपरेशन हॉट-स्पॉट डोमिनेशन के दूसरे चरण में बुधवार को पुलिस ने 760 चिह्नित हॉट-स्पॉट पर दबिश दी। पुलिस ने 42 नए आपराधिक मामले दर्ज किए जिनमें 6 मामले अवैध हथियारों से संबंधित हैं।

इस दौरान कुल 114 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 36 फरार आरोपी भी शामिल हैं। ऑपरेशन में गुरुग्राम पुलिस ने 49.50 लाख नकदी बरामद की। पूरे प्रदेश में कुल 49.65 लाख की नकदी जब्त की गई। पलवल पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वेव ब्लॉकर (जैमर), जीपीएस डिटेक्टर और पेपर स्प्रे जैसे उपकरण बरामद किए। इसके अलावा लूटी गई कारें, मैगजीन, चाकू, 4 मोबाइल फोन और 1 सिम कार्ड भी जब्त किए गए जो संगठित अपराध और बड़ी वारदातों की तैयारी की ओर इशारा करते हैं। पुलिस ने राज्यभर से 4.6 किलोग्राम गांजा, 19.85 ग्राम हेरोइन और 120 ग्राम स्मैक बरामद की। अकेले फरीदाबाद जिले से 4.4 किलोग्राम गांजा पकड़ा गया। इसके साथ ही 492 देसी शराब की बोतलें और 53 लीटर अवैध शराब भी जब्त की गई।

**114 आरोपियों की गिरफ्तारी भारी मात्रा में नकदी, मादक पदार्थ व अवैध हथियार बरामद**

इसी तरह 5 देसी कट्टे, 4 पिस्टल और 91 जिंदा कारतूस भी जब्त किए हैं। सात लुकआउट सर्कुलर जारी और तीन अपराधियों के पासपोर्ट रद्द करने की सिफारिश की गई। साथ ही 24 इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स पड़ोसी राज्यों के साथ साझा कर अंतरराज्यीय अपराध पर शिकंजा कसा गया। वहीं, 387 जरूरतमंद लोगों को सहायता भी प्रदान की गई। डबवाली में सीआईए कालांवाली टीम ने राजस्थान से आ रहे नशा तस्करी के आरोपी भागचंद उर्फ राजू लाल को 2 किलो 631 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। नरवाना (जींद) में 50 लाख की फिरौती मांगने वाले आरोपी अनूप को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद काबू किया है।

**साइबर अपराध व अंतरराज्यीय गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई, पीड़ितों को भी मदद की गई प्रदान**

फरीदाबाद में साइबर ठगों और झपटमारों के कई गिरोहों का पर्दाफाश कर अंतरराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से दर्ज 291 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस ने 1.62 करोड़ रुपए के दर्ज ठगी के मामलों में 88.27 लाख (54.4 फीसदी) की राशि समय रहते फ्रीज कर दी। वहीं, 22 साइबर ठगी के आरोपी गिरफ्तार, 7.99 लाख रुपए नकद बरामद और 10.10 लाख की राशि पीड़ितों को रिफंड करवाई गई। भविष्य में अपराध रोकने के लिए 580 मोबाइल नंबर और 53 आईएमईआई नंबर भी ब्लॉक किए गए।

## हरियाणा सरकार ने नए डीजीपी के लिए यूपीएससी को भेजा पैनल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में नए पुलिस महानिदेशक की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हरियाणा सरकार ने पांच आईपीएस अधिकारियों के नाम यूपीएससी को भेजे हैं। हरियाणा सरकार द्वारा भेजे गए पैनल में शत्रुजीत कपूर, एसके जैन, आलोक मित्तल, अजय सिंघल और एएस चावला शामिल हैं। नियमानुसार यूपीएससी पैनल में से तीन अफसरों के नाम हरियाणा सरकार को भेजेगी। सरकार इन तीन अधिकारियों में से किसी एक को पुलिस महानिदेशक की जिम्मेदारी देगी। इस संबंध में निर्णय के लिए अगले सप्ताह यूपीएससी बैठक बुला सकता है। बैठक में सरकार के मुख्य सचिव व गृह सचिव भी शामिल होंगी। यह दूसरा अवसर है, जब सरकार की तरफ से डीजीपी के पैनल को भेजा गया है। इस महीने की शुरुआत में सरकार ने यूपीएससी को पैनल भेजा था, मगर यूपीएससी ने पैनल को खारिज कर दिया था। यूपीएससी का कहना था कि हरियाणा में डीजीपी का पद खाली नहीं है। शत्रुजीत कपूर छुट्टी पर चल रहे हैं। सरकार की गाइडलाइंस के मुताबिक लेवल 16 में आने वाले डीजीपी रैंक के सभी सदस्यों का नाम पैनल में भेजना जरूरी होता है।

## मकानों के मालिकाना हक और रुके हुए किराये के मुद्दे पर दिया ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ टेनामेंट्स कॉलोनी और रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी माननीय राजेश प्रसाद से मुलाकात की और टेनामेंटस कोलोनिओ के मकानों के मालिकाना हक को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में संस्था के चेयरमैन दीपक शर्मा, अध्यक्ष अनिल दुबे, चंडीगढ़ के पूर्व मेयर अरुण सूद, संस्था के उपाध्यक्ष बलबीर सिंह एवं रामलाल, सचिव सतपाल, ललित एवं रवि कुमार उपस्थित रहे। संस्था के चेयरमैन दीपक शर्मा ने बताया कि संस्था की तरफ से पूर्व मेयर अरुण सूद एवं संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार दुबे ने चीफ सेक्रेटरी के समक्ष कालोनियों के विषय को बड़े ही सुचारू रूप से रखा गया। और उनके सामने कॉलोनी के मकानों के रुके हुए किराए और किस्तों के मामले को भी उठाया। अंत में चीफ सेक्रेटरी राजेश प्रसाद जी ने चंडीगढ़ टेनिमेंट्स कॉलोनी और रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन संस्था के द्वारा बताए गए सारे विषय को सुनकर उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन की तरफ से टेनामेंटस के मकानों के रूके हुए कामों के लिए जल्द से जल्द कोई रणनीति बनाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरुष वर्ग के खो-खो में चंडीगढ़ ने मैच जीता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ**। सर्कल कल्याण समिति, भारतीय स्टेट बैंक चंडीगढ़ द्वारा आयोजित इंटर सर्कल खो-खो टूर्नामेंट में चंडीगढ़ पुरुष टीम ने असाधारण प्रदर्शन किया और अहमदाबाद को 15 अंकों और एक पारी से हराया। एक अन्य मैच में भोपाल पुरुषों ने कोलकाता को 7 अंक और एक पारी से हराया। एक और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी मैच महाराष्ट्र और अमरावती पुरुष टीमों के बीच खेला गया। इसमें अमरावती ने केवल 2 अंकों से मैच जीत लिया। महिला वर्ग में भोपाल ने भुवनेश्वर को 8 अंक और एक पारी से हराया। बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबले में जयपुर गर्ल्स ने अमरावती को 4 अंकों से हराया। दिल्ली महिला टीम ने हैदराबाद को सिर्फ एक अंक से हराया। भारतीय स्टेट बैंक बहुत प्रभावी तरीके से टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। भाग लेने वाली सभी टीमों ने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि सभी मैचों में पूर्ण निष्पक्षता प्रदर्शित की गई है।

### हरियाणा में 50 हजार ने कराई पेपरलैस रजिस्ट्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**। हरियाणा की राजस्व व आपदा प्रबंधन वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि प्रदेश की कागज रहित पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से लगभग 50,000 संपत्ति पंजीकरण सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं, जो छह दशक पुरानी राजस्व प्रक्रियाओं में ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बन रही है। बुधवार को पंचकूला तहसील कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान डॉ. मिश्रा ने कहा कि भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता व प्रामाणिकता को और मजबूत करने के लिए संपत्ति पंजीकरण हेतु जल्द ही सुरक्षा-युक्त कागजका प्रयोग शुरू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आगामी दिनों में एक स्वचालित उत्परिवर्तन सुविधा शुरू की जाएगी, जो पंजीकरण के तुरंत बाद राजस्व अभिलेखों को स्वचालित रूप से अद्यतन कर देगी, जिससे देरी में काफी कमी आएगी और मैन्युअल हस्तक्षेप की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदकों के अनुरोध पर उन्हें मौके पर ही ई-हस्ताक्षरित प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालय न आना पड़े। उन्होंने कहा कि नागरिकों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं की जांच की जाएगी और प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए उन्हें शामिल किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को हेल्प डेस्क से संबंधित रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया।

## पर्यावरण संरक्षण व स्वस्थ जीवनशैली थीम के साथ कर्मियों ने बढ़ाई जागरूकता



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर आंचलिक कार्यालय व क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा शहर की सुखना झील के समीप एक भव्य वॉकथान का आयोजन किया गया। वॉकथान की थीम 'Save Earth - Stay Fit' रही, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

वॉकथान का शुभारंभ अंचल प्रमुख अरविंद कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप आंचल प्रमुख टीसी मीना, क्षेत्रीय प्रमुख राम कुमार यादव सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

आंचल प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया न केवल बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से आर्थिक विकास में योगदान दे रहा है, बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, हरित भविष्य एवं फिटनेस से जुड़े संदेशों वाले बैनर एवं पोस्टर प्रदर्शित किए।

## चंडीगढ़ ने जयपुर को हराकर जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, बेंगलुरु द्वारा 8वीं अखिल भारतीय रक्षा लेखा वॉलीबाल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन 10 से 12 दिसंबर तक रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 12 दिसंबर को रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पश्चिमी कमान), चंडीगढ़ और रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (दक्षिण पश्चिमी कमान), जयपुर के बीच हुआ, जिसमें रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पश्चिमी कमान), चंडीगढ़ विजेता रही। चंडीगढ़ की टीम ने जयपुर को सीधे सेटों में 25-16 और 25-18 से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम की। रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक संजय कुमार सिंह ने विजेता टीम के सम्मान में 16 को कार्यालय के सभागार में एक भव्य समारोह आयोजित किया।

## मोटरिंग वर्ल्ड ग्रीन मोबिलिटी अवॉड्र्स में चंडीगढ़ प्रशासन को गोल्ड अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ प्रशासन ने स्वच्छ, दक्ष एवं भविष्य-संवेदी शहरी परिवहन प्रणाली के निर्माण की दिशा में अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए मोटरिंग वर्ल्ड ग्रीन मोबिलिटी अवॉर्ड्स 2025 में सभी केंद्रशासित प्रदेशों में 'बेस्ट यूनियन टेरिटरी फॉर ईवी ओवरऑल' श्रेणी में गोल्ड अवॉर्ड प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है।

यह प्रतिष्ठित गोल्ड अवॉर्ड चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से नवीकरणीय ऊर्जा एवं ईवी संवर्धन की नोडल एजेंसी क्रेस्ट (ष्ट,श्वस्) को प्रदान किया गया, जो चंडीगढ़ में हरित मोबिलिटी परिवर्तन के पीछे प्रशासन के रणनीतिक नेतृत्व और समन्वित संस्थागत प्रयासों की सराहना करता है। यह पुरस्कार भारत सरकार के माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार समारोह में सीईओ, क्रेस्ट श्री नवनीत श्रीवास्तव तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री सुखविंदर अब्रोल उपस्थित रहे। मोटरिंग वर्ल्ड ग्रीन मोबिलिटी अवॉर्ड्स 2025— दिल्ली प्रेस समूह की पत्रिका मोटरिंग वर्ल्ड द्वारा टीईआरआई, नई दिल्ली के सहयोग से आरंभ की गई एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में सतत मोबिलिटी के क्षेत्र में हुए सार्थक और मापनीय प्रगति को मान्यता देना है। यह मंच नीति निर्माण, अवसंरचना विकास, तकनीकी नवाचार, पर्यावरणीय प्रभाव और प्रभावी क्रियान्वयन सहित हरित मोबिलिटी के संपूर्ण परिदृश्य में उत्कृष्टता का उत्सव मनाता है।

## देश-विदेश

# दिल्ली में पॉल्यूशन: 50% वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य

## दिल्ली सरकार ने लिया फैसला: निर्माण मजदूरों को मिलेगी 10 हजार की राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली**-एनसीआर में लगातार बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। राजधानी के सभी सरकारी और निजी दफ्तरों में वीरवार से 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य कर दिया गया है।

सरकार का कहना है कि इस फैसले का मकसद सड़कों पर वाहनों की संख्या कम करना और प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करना है। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। ग्रैप-3 के तहत निर्माण कार्यों पर लगी रोक से प्रभावित रजिस्टर्ड कंस्ट्रक्शन मजदूरों को दिल्ली सरकार 10,000 रुपए की आर्थिक सहायता देगी। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि ग्रैप-3 के दौरान करीब 16 दिनों तक निर्माण कार्य बंद रहा, जिससे मजदूरों की आजीविका प्रभावित हुई। यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। ग्रैप-4 खत्म होने के बाद भी इसी आधार पर आगे राहत दी जाएगी। बुधवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 329 दर्ज की, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली में अस्थायी तौर पर बंद होंगे टोल प्लाजा?

**सुप्रीम कोर्ट ने 1 हफ्ते में फैसला लेने को कहा**

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में तीन जजों की बेंच ने बुधवार को सुनवाई की है। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने गुड़गांव रोड के जाम पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोग जाम के चलते फंक्शन में नहीं जाते। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के 9 टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से निलंबित करने पर विचार करेन का निर्देश जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने एमसीडी से कहा कि दिल्ली के 9 टोल प्लाजा को अस्थायी अवधि के लिए निलंबित करने की संभावना पर विचार किया जाए। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 120 अंक गिरकर 84,560 पर बंद, निफ्टी भी 42 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**



**शेयर** बाजार में बुधवार को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 120 अंक गिरकर 84,560 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 42 अंक की गिरावट रही, ये 25,819 के स्तर पर आ गया। मीडिया, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में गिरावट रही। पीएसये बैंक करीब 1.5% चढ़ा। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 0.81% ऊपर 4,031 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 0.19% ऊपर 49,477 पर कारोबार कर रहा है। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.22% ऊपर 25,291 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.17% ऊपर 3,831 पर कारोबार कर रहा है। 16 दिसंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.62% नीचे 48,114 पर बंद हुआ था। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.23% ऊपर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

## जर्मनी पहुंचे राहुल गांधी, बोले-भारत में मैन्युफैक्चरिंग में आ रही गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जर्मनी के म्यूनिख में कहा, 'मैन्युफैक्चरिंग मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ होती है। दुर्भाग्य से भारत में मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आ रही है। विकास को तेज करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करना होगा। मैन्युफैक्चरिंग का इकोसिस्टम बनाना होगा।' राहुल गांधी प्रोग्रेसिव एलायंस के आमंत्रण पर तीन दिन के दौरे पर आज जर्मनी पहुंचे। ये एलायंस दुनियाभर की 117 प्रगतिशील राजनीतिक पार्टियों का एक प्रमुख समूह है। राहुल पहले दिन म्यूनिख स्थित ऑटोमोबाइल

**राहुल की 6 महीने में चौथी विदेश यात्रा**

कंपनी [illegible] के मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने विभिन्न कारों और मोटरसाइकिलों के बारे में जानकारी ली। राहुल देर रात बर्लिन में [illegible] कार्यक्रम में भाग लेंगे। राहुल 19 दिसंबर तक जर्मनी में ही रहेंगे। उनका जर्मनी दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब देश में संसद का शीतकालीन सत्र (1 से 19 दिसंबर तक) चल रहा है। इसको लेकर भाजपा ने राहुल के जर्मनी दौरे पर निशाना साधा था।राहुल गांधी का पिछले 6 महीनों में यह चौथा विदेश दौरा है। (अनंत ज्ञान)

## बंगाल समेत 5 राज्यों में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी 1 करोड़ से अधिक मतदाताओं का कट सकता नाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चुनाव** आयोग ने पश्चिम बंगाल, राजस्थान सहित पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। इसमें इन राज्यों में मतदाता सूची में शामिल एक करोड़ से अधिक मतदाता मृत, स्थानांतरित व डुप्लीकेट पाए गए है। इसमें सबसे अधिक 58.17 लाख मृत, स्थानांतरित व डुप्लीकेट मतदाता पश्चिम बंगाल में पाए गए है। आयोग ने ड्राफ्ट के साथ मृत, स्थानांतरित व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची राज्य के सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा किया है। साथ ही कहा यदि किसी का नाम इनमें गलत तरीके से जुड़ गया है तो वह 17 दिसंबर से इसे लेकर दावे-आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं, जो 15 जनवरी तक लिए जाएंगे। आयोग के मुताबिक जिन राज्यों की मसौदा मतदाता सूची जारी की गई है, उनमें पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, पुडुचेरी व लक्षद्वीप शामिल है। इन पांच राज्यों में एसआईआर के पहले मतदाताओं की कुल संख्या करीब 13.34 करोड़ थी। इस दौरान जिन लोगों के नाम हटाए गए है, उनमें जिन्होंने मतदाता का गणना फार्म नहीं वापस किए। या फिर वे किसी दूसरे राज्य के मतदाता बन चुके है या दिए गए पते पर उपस्थित नहीं पाए गए।

आयोग की मानें तो इस दौरान गणना फार्म जमा कराने वाले मतदाताओं द्वारा मुहैया कराए गए दस्तावेजों की भी जांच होगी। साथ ही दस्तावेज नहीं मिलने पर ऐसे सभी मतदाताओं को नोटिस जारी किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## चांदी पहली बार 2 लाख के पार, सोना भी 1.34 लाख पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई।** चांदी बुधवार को यानी 17 दिसंबर को पहली बार 2 लाख रुपए प्रति किलो के पार निकल गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 8,775 रुपए बढ़कर 2,00,750 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले यह 1,91,977 रुपए पर थी। 18 मार्च को चांदी पहली बार एक लाख रुपए पर पहुंची थी, यानी चांदी को एक लाख से 2 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंचने में सिर्फ 9 महीने का समय लगा, जबकि इसे 50 हजार से एक लाख रुपए तक पहुंचने में 14 साल लगे थे। मौजूदा कीमत के साथ चांदी अब ऑल-टाइम हाई पर है। आज देश में सोने की कीमत में गिरावट है। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव 134000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। मुंबई में कीमत 133850 रुपए प्रति 10 ग्राम है। गिरावट की अहम वजह कमजोर वैश्विक संकेत और निवेशकों की मुनाफावसूली है। (अनंत ज्ञान)

## कलाम की जगह वाजपेयी को राष्ट्रपति बनाना चाहती थी भाजपा

**अशोक टंडन की किताब में दावा भाजपा ने अटल से कहा था, आप पीएम पद आडवाणी को सौंप दीजिए**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के 11वें राष्ट्रपति के लिए भाजपा ने साल 2002 में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्रपति पद ऑफर किया था। पूर्व पीएम वाजपेयी के करीबी अशोक टंडन ने अपनी किताब 'अटल संस्मरण' में इसका खुलासा किया है।

इस किताब के मुताबिक भाजपा ने वाजपेयी से कहा था, 'पार्टी चाहती है कि आपको राष्ट्रपति भवन चले जाना चाहिए। आप प्रधानमंत्री पद लाल कृष्ण आडवाणी को सौंप दीजिए।' हालांकि, वाजपेयी ने इस प्रस्ताव को साफ ठुकरा दिया। टंडन के अनुसार, वाजपेयी ने कहा था कि मैं इस तरह के किसी कदम के पक्ष में नहीं हूं। मैं इस फैसले का समर्थन नहीं करूंगा। टंडन ने 17 दिसंबर, 2025 को वाजपेयी की बर्थ एनिवर्सरी पर 'अटल स्मरण' किताब लॉन्च की है। टंडन 1998 से 2004 तक वाजपेयी के मीडिया सलाहकार थे। वहीं, वाजपेयी 1999 से 2004 तक, 5 साल का पूरा कार्यकाल पूरा करने वाले देश के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे। एनडीए ने 2002 में 11वें राष्ट्रपति चुनाव में कलाम को अपना उम्मीदवार बनाया था। कलाम के सामने कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार लक्ष्मी सहगल थीं। हालांकि, कांग्रेस समेत प्रमुख विपक्षी दलों के सांसदों और विधायकों ने कलाम के समर्थन में वोट किया। कलाम ने 25 जुलाई 2002 को राष्ट्रपति पद की शपथ ली। टंडन की किताब में बताया गया है कि वाजपेयी चाहते थे कि देश का 11वां राष्ट्रपति पक्ष-विपक्ष की सर्वसम्मति से बने। इसके लिए उन्होंने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सीनियर नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया था। इस बैठक में सोनिया गांधी, प्रणब मुखर्जी और डॉ. मनमोहन सिंह शामिल हुए। इसी बैठक में वाजपेयी ने पहली बार औपचारिक रूप से बताया कि एनडीए ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को अपना राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने का फैसला लिया। टंडन के अनुसार, इस घोषणा के बाद बैठक में कुछ देर के लिए सब मौन हो गए। सोनिया गांधी ने चुप्पी तोड़ते हुए वाजपेयी से कहा कि 'हम लोग कलाम के नाम के सिलेक्शन को लेकर हैरान हैं। हालांकि, इस पर विचार करने के अलावा हमारे पास कोई ऑप्शन नहीं है। हम आपके प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे और फिर फैसला लेंगे।' (अनंत ज्ञान)

## अब पाक और चीन की पनडुब्बियों को समुद्र में ही नष्ट करेगा 'रोमियो' हेलिकॉप्टर

### नौसेना ने गोवा के आईएनएस हंसा पर शुरू की सीहॉक हेलिकॉप्टर एमएच-60आर की दूसरी स्क्वाड्रन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**अब** पाकिस्तान और चीन की पनडुब्बियों को खोज कर समुद्र में ही मारना भारत के लिए आसान हो गया है, क्योंकि नौसेना ने बुधवार को गोवा के आईएनएस हंसा में एमएच-60आर 'रोमियो' हेलिकॉप्टर की दूसरी स्क्वाड्रन शुरू कर दी है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएनएएस 335 की कमीशनिंग भारतीय नौसेना के आधुनिकीकरण और समुद्री क्षमता बढ़ाने की लगातार कोशिशों में से एक है। इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने आज अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलिकॉप्टर की दूसरी स्क्वाड्रन गोवा के आईएनएस हंसा में शुरू की। इस स्क्वाड्रन को आईएनएएस 335 के नाम से जाना जाएगा, जबकि पिछले साल मार्च में शुरू की गई पहली स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में औपचारिक रूप से हवाई बेड़े में शामिल किया गया था।

'रोमियो' हेलिकॉप्टर की दूसरी स्क्वाड्रन में शामिल यह आधुनिक हेलिकॉप्टर पनडुब्बी रोधी युद्ध, मिसाइल हमले और निगरानी में सक्षम है। बहुउद्देश्यीय अमेरिकी समुद्री हेलीकॉप्टर एमएच-60आर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह रोधी युद्ध, खोज और बचाव, चिकित्सा निकासी के लिए डिजाइन किया गया है। इस हेलीकॉप्टर में नाइट विजन उपकरण, हेलिफायर मिसाइलें, एमके-54 टॉरपीडो और रॉकेट लगे हैं। रोमियो हेलीकॉप्टर में लगे राडार और सेंसर न केवल पानी के अंदर, बल्कि पनडुब्बियों की पहचान करके समय रहते उनका शिकार भी कर सकेंगे। यह हेलीकॉप्टर कई हथियारों से लैस हो सकता है, क्योंकि इसमें हथियारों को लगाने के लिए चार प्वाइंट्स दिए गए हैं। सुरक्षा के लिए इसमें 7.62 एमएम की मशीन गन को भी लगाया जा सकता है। एयरक्राफ्ट फ्लीट ऑपरेशन्स के साथ पूरी तरह से इंटीग्रेटेड है और इसने कई मौकों पर अपनी काबिलियत साबित की है। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस सांसदों ने किया हेराल्ड मामले पर संसद परिसर में प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का इस्तीफा मांगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** सांसदों ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पांच अन्य के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में ईडी के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से अदालत के इनकार के बाद बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी एवं इस्तीफे की मांग की।

कांग्रेस सांसदों ने संसद के मकर द्वार के निकट प्रदर्शन किया। उन्होंने एक बड़ा बैनर ले रखा था जिस पर 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ था। उन्होंने 'प्रधानमंत्री माफी मांगो' और 'प्रधानमंत्री इस्तीफा दो' के नारे लगाए। दिल्ली की एक अदालत ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पांच अन्य के खिलाफ दर्ज धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से मंगलवार को इनकार कर दिया। अदालत ने कहा इस मामले में दाखिल आरोप-पत्र एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर की गई जांच पर आधारित है, न कि किसी मूल अपराध से संबंधित प्राथमिकी पर। (अनंत ज्ञान)

### लोकसभा में 'VB-जी राम जी' बिल पर चर्चा

**लोकसभा** में बुधवार शाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी (VB-जी राम जी) बिल, 2025' पर भी शाम 5.40 बजे से चर्चा शुरू हुई। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विपक्ष से आग्रह है वह चर्चा के बाद उनका जवाब जरूर सुने। उन्होंने कहा कि इस बिल में रोजगार 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इसके पहले लोकसभा ने लोकसभा में 'सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ एटॉमिक एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल' पास कर दिया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### यशस्वी जायसवाल की बिगड़ी तबीयत, हॉस्पिटल में करवाया भर्ती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के तहत मंगलवार को पुणे में राजस्थान और मुंबई के बीच सुपर लीग मैच खेला गया। इस मैच के बाद यशस्वी जायसवाल ने पेट में तेज दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका उपचार किया जा रहा है। उन्हें लगातार दवा के साथ आराम करने की सलाह दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैच के बाद जायसवाल को अचानक तेज पेट दर्द हुआ और उन्हें तत्काल मेडिकल जांच के लिए पिंपरी-चिंचवड़ के आदित्य बिड़ला अस्पताल ले जाया गया। एहतियात के तौर पर अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन भी कराया गया है। उन्हें लगातार दवा के साथ आराम करने को कहा गया है। तबीयत खराब होने के बावजूद जायसवाल शाम को मैदान पर उतरे थे और मुंबई के लिए ओपनिंग बल्लेबाजी की थी। क्रीज पर वह साफ तौर पर असहज नजर आ रहे थे। उन्होंने 16 गेंदों में 15 रन बनाए, जबकि मुंबई 217 रनों के मुश्किल लक्ष्य का पीछा कर रही थी। (अनंत ज्ञान)

### डब्ल्यूएलपीटीएल में शामिल हुए दिलशान फाफ डु प्लेसिस, असगर और राहुल

**एजेंसी, पणजी (गोवा)।** वर्ल्ड लीजेंड्स प्रो टी-20 लीग (डब्ल्यूएलपीटीएल) ने बुधवार को अपने रोस्टर में चार खिलाड़ियों को आधिकारिक रूप से शामिल करने की पुष्टि की है। ये खिलाड़ी श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तिलकरत्ने दिलशान, दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी फाफ डु प्लेसिस, अफगानिस्तान के पूर्व खिलाड़ी असगर अफगान और पूर्व भारतीय लेग-स्पिनर राहुल शर्मा हैं। इन खिलाड़ियों के शामिल होने के साथ उद्घाटन सत्र में एशिया, अफ्रीका, यूरोप और ओशिनिया के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ भाग लेने वाले खिलाड़ियों की कुल संख्या 18 हो गई है। डब्ल्यूएलपीटीएल में कुल 90 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिन्हें 6 टीमों में ड्राफ्ट किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 26 जनवरी को गोवा के वर्ना स्थित नए 1919 क्रिकेट स्टेडियम में होगी। शेन वॉटसन, डेल स्टेन, जैक कैलिस, क्रिस गेल, शॉन मार्श, शिखर धवन, दिनेश कार्तिक और हरभजन सिंह सहित कई बड़े नामों की पहले ही पुष्टि हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### सेबेस्टियन को उम्मीद, राष्ट्रमंडल खेलों से भारत की छिपी क्षमता सामने आएगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स के प्रमुख सेबेस्टियन को ने भारत को बेहद क्षमता वाला बाजार करार देते हुए कहा कि 2030 में अहमदाबाद में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल देश में ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। को ने यह टिप्पणी इस बात की पुष्टि करते हुए की कि ग्लासगो में 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम में शामिल मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले और मील दौड़ 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा भी बने रहेंगे। मील दौड़ को इससे पहले आखिरी बार 1966 के राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया था। वह ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में 1500 मीटर स्पर्धा की जगह लेगी। को ने कहा कि एथलेटिक्स के दृष्टिकोण से राष्ट्रमंडल खेल बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यहां कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। बुधवार को वर्चुअल मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाओं में पदक जीतना बहुत मुश्किल होता है। (अनंत ज्ञान)

### एम्मा रादुकानू का खूबसूरत अंदाज

**एम्मा** रादुकानू एक ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैं। वो साल 2021 में यूएस ओपन जीत चुकी हैं। कनाडा में जन्मी रादुकानू ब्रिटिश की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी हैं। साल 2021 में वो दुनिया की टॉ-30 में जगह बना चुकी हैं।



# तीसरा टेस्ट: केरी ने लगाया शतक

## ख्वाजा ने लगाई फिफ्टी, ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दिन 8 विकेट पर बनाए 326 रन

**एजेंसी, एडिलेड**





**विकेटकीपर** बल्लेबाज एलेक्स कैरी के करियर के तीसरे शतक और स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण अंतिम समय में टीम में जगह बनाने वाले उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरकर आठ विकेट पर 326 रन बनाए। कैरी ने अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए ऐसे समय में क्रीज पर कदम रखा, जब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 94 रन था।

उन्होंने 143 गेंद का सामना करके 106 रन बनाए जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है। इससे पहले ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटकों से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अनुभवी बल्लेबाज को उनके 39वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण बाहर हो जाने से जल्दबाजी में टीम में शामिल किया गया। ख्वाजा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। जब वह पांच रन पर खेल रहे थे तब उन्हें जीवनदान मिला। उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाकर मार्नस लाबुशेन (19) के साथ 61 रन की और कैरी के साथ 91 रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई। कैरी ने जोश इंग्लिश (32) के साथ 59 रन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस (13) के साथ 50 रन की साझेदारी की। दिन का खेल समाप्त होने के समय मिशेल स्टार्क 33 रन पर खेल रहे थे, जबकि नाथन लियोन ने अभी अपना खाता नहीं खोला है। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

उन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और स्पिनर विल जैक्स ने दो-दो विकेट हासिल किए हैं। कैरी और ख्वाजा ने शानदार बल्लेबाजी की और मैच का पहला दिन काफी हद तक ऑस्ट्रेलिया के नाम सुनिश्चित किया। इन दोनों ने स्लॉग-स्वीप शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाया। ख्वाजा ने जैक्स की गेंद पर स्लॉग-स्वीप शॉट खेला जो सीधे आउटफील्ड में जोश टोंग के हाथों में चला गया। कैरी ने भी इसी स्पिनर पर स्लॉग-स्वीप करने के प्रयास में विकेटकीपर जेमी स्मिथ को कैच दिया। इंग्लैंड ने सुबह और दोपहर के सत्रों में शुरुआती ओवरों में दो-दो विकेट लिए। आर्चर ने नौवें ओवर में जेक वेदरल्ड (18) को आउट करके ट्रैविस हेड (10) के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने लंच के बाद पहले ओवर में लाबुशेन और कैमरन ग्रीन (00) को आउट किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 94 रन हो गया। हेड और वेदरल्ड की सलामी जोड़ी जब सहजता से आगे बढ़ रही थी, तब आर्चर ने अपने पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर वेदरल्ड को आउट किया। (अनंत ज्ञान)

## टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे जो बर्न्स

**एजेंसी, रोम।** इटली को पहली बार टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कराने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज जो बर्न्स भारत और श्रीलंका में अगले साल के शुरू में होने वाली प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उपलब्धता से संबंधित समस्या उनके और इटली क्रिकेट महासंघ के बीच हुए अनुबंध में बाधा बन रही है। महासंघ ने 36 वर्षीय बर्न्स की जगह वेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया है। बर्न्स ने 2020 में ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद अनिवार्य 'कूलिंग ऑफ' अवधि पूरी करने के बाद पिछले साल इटली की तरफ से पदार्पण किया था। उन्हें इस साल के शुरू में इटली का कप्तान नियुक्त किया गया था। उनकी कप्तानी में ही इटली क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में खेला था।

#### इटली ने मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया

महासंघ ने बयान में कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में उनकी उपलब्धता को लेकर बातचीत में पूर्ण सहमति नहीं बन पाई जिसके कारण उन्होंने अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए। उनके स्थान पर वेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## कार्तिक शर्मा बोले- बोली समाप्त होने के बाद भी मैं आंसू नहीं रोक पा रहा था

**एजेंसी, मुंबई।** पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मिनी नीलामी में 14.20 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के बाद 19 वर्षीय कार्तिक शर्मा भावुक होकर रो पड़े। कार्तिक आईपीएल के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे अधिक कीमत पाने वाले अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी बन गए हैं। अबूधाबी में मंगलवार को हुई नीलामी में कार्तिक और उत्तर प्रदेश के प्रशांत वीर 30 लाख रुपए के आधार मूल्य के साथ नीलामी में उतरे थे, लेकिन चेन्नई ने इन दोनों पर 14.20 करोड़ रुपए खरीद कर नया रिकॉर्ड बनाया। राजस्थान के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक ने कहा कि जब बोली शुरू हुई तो मुझे डर था कि कहीं मैं चूक न जाऊं, लेकिन जैसे-जैसे बोली बढ़ती गई, मैं रोने लगा। बोली समाप्त होने के बाद मैं आंसू नहीं रोक पाया। मैं भावनाओं और खुशी से अभिभूत था। सच कहूं तो मुझे नहीं पता कि इसे शब्दों में कैसे व्यक्त करूं। कार्तिक के लिए बोली लगाने की शुरुआत मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स ने की, जिसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स भी इसमें शामिल हो गया। मुंबई जल्द ही बोली से बाहर हो गया, जिसके बाद कोलकाता और लखनऊ ने कार्तिक की कीमत को 2.80 करोड़ रुपए तक पहुंचा दिया। इसके बाद ही चेन्नई ने बोली में प्रवेश किया। बाद में सनराइजर्स हैदराबाद भी इसमें शामिल हो गया था, लेकिन आखिर में चेन्नई ने 14.20 करोड़ रुपए में सौदा पक्का कर लिया। कार्तिक ने कहा कि वह महेंद्र सिंह धोनी के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन उन्होंने इसके साथ ही अपने परिवार और दोस्तों का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)



## भारत-द. अफ्रीका टी-20 मैच में कोहरे ने डाला खलल

**एजेंसी, लखनऊ**



कोहरे के कारण भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेलने जाने वाले चौथे टी-20 मैच में कोहरे ने खलल डाला। मैच लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7 बजे से खेला जाना था, लेकिन घने कोहरे की वजह से टॉस को आगे बढ़ाया गया। अंपायर्स दो बारा कंडीशन का मुआयना कर चुके हैं। भारतीय टीम की प्लेइंग-11 में बदलाव देखने को मिलेगा। शुभमन गिल को चोट लगी है। उनके खेलने पर संशय है। संजू सैमसन को मौका मिल सकता है। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका के बर्थ-डे बॉय क्विंटन डी कॉक अपने टी-20 करियर का 100वां मैच खेलने जा रहे हैं।

5 मैच की सीरीज में टीम इंडिया 2-1 से आगे है। भारत ने पहला मैच 101 रन से जीता था, इसके बाद साउथ अफ्रीका ने मुल्लांपुर में खेले गए दूसरे मैच में 51 रन से जीतकर वापसी की, लेकिन तीसरे मैच में धर्मशाला में भारत ने 7 विकेट से जीत हासिल करते हुए फिर बढ़त बना ली।

वहीं, लखनऊ के मौसम विभाग के वैज्ञानिक अतुल सिंह के अनुसार 'शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक जिस वक्त मैच होना है, उस वक्त शहर में 200-800 मीटर तक विजिबिलिटी रह सकती है। इसके अलावा ओस भी गिरेगी। इकाना स्टेडियम गोमती नदी के किनारे है। पूरा इलाका खुले मैदान जैसा है, वहां कोहरा और घना हो सकता है। वैसे भी जहां नमी अच्छी होती है, वहां कोहरा ज्यादा पड़ता है।' यह अंपायर्स पर निर्भर करेगा। बीसीसीआई के पैनल अंपायर राजीव रिसोडकर के अनुसार, आईसीसी की प्लेइंग कंडीशन में विजिबिलिटी और कोहरे का उल्लेख नहीं है। हां, लाइटिंग के मापदंड तय हैं, यह बैकग्राउंड पर निर्भर करता है। समाचार लिखे जाने तक कई बार अंपायर्स मैदान के 2 प्वॉइंट से देखते हैं कि विजिबिलिटी कितनी है। इसी के हिसाब से फैसला लिया जाता है। (अनंत ज्ञान)



## डेनिस शापोवालोव ने काइट्स के खिलाफ हॉक्स को दिलाई बढ़त

**एजेंसी, बेंगलुरु।** दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव ने काइट्स के दक्षिणेश्वर सुरेश को हराकर विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के शुरुआती मैच में हॉक्स को 25-21 से बढ़त दिला दी। कनाडा के शापोवालोव ने चौथा मुकाबला 7-5 से जीता। पुरुष युगल वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस और सुरेश ने हॉक्स के शापोवालोव और युकी भांबरी को 6-4 से हराया। महिला युगल में हॉक्स की एलिना स्वितोलिना और माया रेवती ने काइट्स की अंकिता रैना और मार्ता कोस्तियुक को 7-5 से हराया। इसके बाद स्वितोलिना ने कोस्तियुक को 7-5 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर चुने डेम्बेले और बोनमती

**एजेंसी, दोहा**

**पेरिस** सेंट-जर्मेन (पीएसजी) और फ्रांस के फॉरवर्ड ओस्मान डेम्बेले को फीफा मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है, जबकि स्पेन और बार्सिलोना की मिडफील्डर आइताना बोनमती ने लगातार तीसरे साल फीफा विमेंस प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार अपने नाम किया। 28 वर्षीय डेम्बेले पीएसजी की ऐतिहासिक पहली चैंपियंस लीग जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। फाइनल मुकाबले में पीएसजी ने इंटर मिलान को 5-0 से हराया।

डेम्बेले ने पिछले सीजन सभी प्रतियोगिताओं में कुल 35 गोल किए, जिनमें से 21 गोल लीग-1 में थे, और वह टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर भी बने। वहीं, आइताना बोनमती ने चैंपियंस लीग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी जीता। इसके अलावा उन्होंने लगातार तीसरी बार विमेंस बैलन डी'ओर पुरस्कार भी हासिल किया। बोनमती की अगुवाई में बार्सिलोना ने घरेलू स्तर पर ट्रेबल जीता, जबकि स्पेन के साथ उन्होंने चैंपियंस लीग फाइनल और यूरो 2025 फाइनल तक का सफर तय किया। (अनंत ज्ञान)



### लामिन यामाल को दूसरी बार मिली कोपा ट्रॉफी

**पुरुषों** की श्रेणी में लामिन यामाल ने कोपा ट्रॉफी दोबारा अपने नाम की। उन्होंने बार्सिलोना के लिए शानदार सीजन खेला और टीम को ला लीगा, कोपा डेल रे और सुपरकोपा डी एस्पान्या जिताने में मदद की। 55 मैचों में उन्होंने 21 गोल और 26 असिस्ट किए। यामाल लगातार दूसरी बार यह ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। यामाल बैलन डी'ओर की रेस में उस्मान से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, महिला श्रेणी में बार्सिलोना फीमिनी की विकी लोपेज ने कोपा ट्रॉफी जीती। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने युवा श्रेणी में दोनों प्रमुख पुरस्कार अपने नाम कर लिए। पीएसजी के कोच लुइस एनरिके को पुरुषों के जोहान क्रूफ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी टीम को इतिहासिक ट्रेबल जिताया। साथी ही पीएसजी के पहले यूसीएल खिताब के दौरान भी उनकी भूमिका अहम रही। हालांकि पीएसजी बनाम मार्सिले मैच के कारण वह पुरस्कार ग्रहण करने स्टेज पर उपस्थित नहीं थे। वहीं, इटली के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने पुरुषों का याशिन ट्रॉफी जीता। उन्होंने पीएसजी के पहले यूसीएल खिताब में अहम भूमिका निभाई. हाल ही में वह पेरिस छोड़कर मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए हैं।

### जियानलुइगी ने जीता बेस्ट गोलकीपर अवार्ड्स

**इटली** के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने पुरुषों का याशिन ट्रॉफी जीता। उन्होंने पीएसजी के पहले यूसीएल खिताब में अहम भूमिका निभाई। हाल ही में वह पेरिस छोड़कर मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए हैं। इंग्लैंड और चेल्सी की हन्ना हैम्पटन ने महिला गोलकीपर के रूप में याशिन ट्रॉफी जीती। गेरड मुलर ट्रॉफी सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी को दी जाती है। इसे आर्सेनल और स्वीडन के विक्टर ग्योकेरेस ने जीता। उन्होंने स्पोर्टिंग सीपी के लिए शानदार प्रदर्शन किया और इस दौरान 52 मैचों में 54 गोल किए, जिसमें चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ हैट्रिक भी शामिल थी। महिलाओं की गेरड मुलर ट्रॉफी बार्सिलोना और स्पेन की एवा पाजोर को मिली, जिन्होंने 45 मैचों में 43 गोल किए। वहीं, पुरुषों के क्लब ऑफ द ईयर पुरस्कार के विजेता के रूप में पीएसजी ने बाजी मारी। पीएसजी ने ट्रॉफी से भरे सीजन का आनंद लिया। डीजे स्नेक और पास्टोरे ने महिलाओं के क्लब ऑफ द ईयर के विजेता के रूप में आर्सेनल का नाम घोषित किया।

## सिडनी ओलंपिक में पदक से चूकना सबसे बड़ा मलाल: मोहम्मद रियाज

**एजेंसी, चेन्नई**

**सिडनी** ओलंपिक में पदक के करीब पहुंचकर चूकने का मलाल मोहम्मद रियाज को दो दशक बाद भी है, लेकिन पिछले दो ओलंपिक में भारतीय टीम के कांस्य पदक जीतने से उनका दुख जरूर कम हुआ है। तमिलनाडु के 53 वर्ष के पूर्व मिडफील्डर रियाज 1998 एशियाई खेलों में 32 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे लेकिन सिडनी ओलंपिक 2000 में उस कामयाबी को नहीं दोहरा सके और क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए।

रियाज ने कहा कि ओलंपिक खेलना सबसे बड़ी बात है और पदक के इतने करीब पहुंचकर चूक जाना सबसे बड़ा मलाल है। मुझे पूरी जिंदगी यह मलाल रहेगा, लेकिन मुझे खुशी है कि भारत ने लगातार दो कांस्य (तोक्यो ओलंपिक 2021 और पेरिस 2024) जीतकर लंबा इंतजार खत्म किया। भारतीय टीम 2000 में सेमीफाइनल में पहुंचने से 106 सेकंड दूर थी, लेकिन पोलैंड ने आखिरी पलों में बराबरी का गोल दागकर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उसके बाद एथेंस में 2004 में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और 2008 बीजिंग ओलंपिक के लिए टीम क्वालीफाई ही नहीं कर पाई। हॉकी विशेषज्ञों का मानना है कि 2000 की टीम सबसे संतुलित और 1980 मॉस्को ओलंपिक में मिले आठवें और आखिरी स्वर्ण के बाद खिताब की सबसे प्रबल दावेदार थी। उस टीम में धनराज पिल्लै, दिलीप टिर्की, मुकेश कुमार, बलजीत सैनी और रियाज जैसे दिग्गज थ रियाज का मानना है कि लगातार दो ओलंपिक पदक जीतने के बाद भारत हॉकी में पुराना गौरव लौटाने की ओर है। उन्होंने कहा कि आगामी खेलों में पदक का रंग बदलने पर फोकस होना चाहिए। रियाज ने कहा कि भारतीय हॉकी ने सौ साल पूरे कर लिए हैं और यह लंबा सफर रहा है। लगातार दो ओलंपिक पदक जीतकर अच्छा लग रहा है। हमारे पास जमीनी स्तर पर मजबूत दीर्घकालिक कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि पहले हम रैंकिंग में सातवें आठवें स्थान पर रहते थे लेकिन अब शीर्ष पांच में है लिहाजा ग्राफ तो ऊपर जा रहा है । हमें अब विश्व कप, एशियाई खेल और ओलंपिक पर फोकस करना है। उन्होंने कहा कि हमारे भीतर दुनिया की किसी भी टीम से खेलने का भरोसा है। हम ओलंपिक में शीर्ष तीन में रह सकते हैं लेकिन हमें कड़ी मेहनत करनी होगी। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ हमें लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में फाइनल में पहुंचने का लक्ष्य रखना होगा।

## अबूधाबी नाइट राइडर्स ने डेजर्ट वाइपर्स को एक रन से हराया



**एजेंसी, अबूधाबी**

**लियाम** लिविंगस्टोन की 76 रन की शानदार पारी की मदद से अबूधाबी नाइट राइडर्स ने आईएलटी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में तालिका में शीर्ष पर काबिज डेजर्ट वाइपर्स पर एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। लिविंगस्टोन (48 गेंदों में 76 रन) ने यूएई के अलीशान शराफू (35 गेंदों में 39 रन) और शेरफेन रदरफोर्ड (14 गेंदों पर 24 रन नाबाद) के साथ दो महत्वपूर्ण साझेदारियां की, जिससे नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 181 रन बनाए। इसके जवाब में वाइपर्स की टीम ने छह विकेट पर 180 रन बनाए और इस तरह से उसे टूर्नामेंट में अपनी पहली पराजय का सामना करना पड़ा। वाइपर्स की तरफ से फखर जमां और मैक्स होल्डन (43 गेंदों में 52 रन) ने उपयोगी योगदान दिया, लेकिन आंद्रे रसेल और अजय ने दो-दो विकेट लेकर नाइट राइडर्स की करीबी जीत सुनिश्चित की। (अनंत ज्ञान)

## श्रीलंका ने आर श्रीधर को किया टी-20 विश्व कप तक फील्डिंग कोच नियुक्त

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर को अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले टी-20 विश्व कप के आखिर तक अपनी राष्ट्रीय टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। श्रीधर 2014 से 2021 तक भारत के फील्डिंग कोच रहे थे। उन्होंने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के राष्ट्रीय हाई परफार्मेंस सेंटर में 10 दिन का विशेष फील्डिंग शिविर भी आयोजित किया था।

श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के समापन तक श्रीलंका राष्ट्रीय टीम के फील्डिंग कोच के रूप में आर श्रीधर की नियुक्ति की घोषणा करता है।' विज्ञप्ति के अनुसार, 'बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के लेवल तीन के कोच श्रीधर 2014 से 2021 तक भारतीय राष्ट्रीय पुरुष टीम के फील्डिंग कोच रहे और उन्होंने 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपनी सेवाएं दी।' इसमें कहा गया कि अब वह श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम की फील्डिंग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे तथा पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों के दौरान खिलाड़ियों के साथ काम करेंगे। इसके बाद आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी शुरू होगी। (अनंत ज्ञान)

## लियोनेस मेस्सी को उम्मीद भारत में फुटबाल का भविष्य उज्ज्वल होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**स्टार** फुटबालर लियोनेल मेस्सी ने अपने संक्षिप्त दौरे के दौरान शानदार मेहमाननवाजी के लिए आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भारत का फुटबॉल में भविष्य उज्जवल होगा। मेस्सी ने अपने भारत दौरे में चार शहरों का दौरा किया और इस दौरान हजारों प्रशंसक अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। जामनगर में अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वंतारा वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र का दौरा करने के लिए भारत में अपना प्रवास एक दिन के लिए बढ़ाने के बाद मेस्सी बुधवार को मियामी के लिए रवाना हो गए।



इस 38 वर्षीय फुटबॉलर ने इंस्टाग्राम पर दौरे का एक मिनट का क्लिप पोस्ट किया, जिसमें वह भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर, बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान और कई युवा फुटबॉलरों के साथ बातचीत कर रहे हैं। मेस्सी ने कहा, 'दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता का दौरा अद्भुत रहा। पूरे दौरे के दौरान आपने जिस गर्मजोशी से स्वागत, उदार आतिथ्य सत्कार और प्रेम भाव दिखाया उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है।' मेस्सी ने ऐसे समय में भारतीय फुटबाल को शुभकामना दी हैं, जबकि वह अपने बुरे दौर से गुजर रही है। कोई व्यावसायिक साझेदार नहीं मिलने के कारण घरेलू सत्र शुरू नहीं हो पा रहा है, जबकि राष्ट्रीय टीम का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। विश्व के सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक मेस्सी ने इस यात्रा के दौरान कोई भी प्रतिस्पर्धी फुटबॉल मैच नहीं खेला। इस दौरे के दौरान उनके साथ उरुग्वे के महान खिलाड़ी और उनके करीबी मित्र लुई सुआरेज़ और अर्जेंटीना के साथी खिलाड़ी रोड्रिगो डी पॉल भी थे। मेस्सी का दौरा कोलकाता से शुरू हुआ था जहां राजनेताओं और अधिकारियों ने उन्हें घेर दिया, जिससे स्थिति खराब हो गई क्योंकि हजारों रुपए में टिकट खरीदने वाले प्रशंसकों को इस दिग्गज खिलाड़ी की स्पष्ट झलक देखने को नहीं मिली। इससे उत्तेजित होकर दर्शकों ने साल्ट लेक स्टेडियम में तोड़फोड़ की। (अनंत ज्ञान)

## एमएस धोनी आईपीएल 2026 के बाद लेंगे रिटायरमेंट: उथप्पा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एमएस धोनी के आईपीएल करियर को लेकर सवाल खत्म नहीं हो रहे हैं, लेकिन इस बार जवाब पहले से कहीं ज्यादा साफ लग रहा है। कम से कम धोनी के करीबी लोगों में से किसी को लगता है कि यह आने वाला साल एक खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल में धोनी का आखिरी सीजन होगा। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व ओपनर रॉबिन उथप्पा ने कन्फर्म किया है कि आईपीएल 2026 बतौर खिलाड़ी धोनी का आखिरी सीजन होगा। आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन की कवरेज के दौरान जियोहॉटस्टार पर उथप्पा ने कहा कि इस सीजन के बाद धोनी की योजनाओं के बारे में अब ज्यादा शक नहीं होना चाहिए। मुझे लगता है कि सब कुछ साफ है। ये धोनी का आखिरी सीजन होने वाला है। अब इस बारे में कोई अटकलें या अंदाजे नहीं लगाए जाने चाहिए। इस साल वह पूरी तरह से खेल छोड़ देंगे। ऑक्शन में सीएसके के तरीके ने उथप्पा के इस विश्वास को और मजबूत कर दिया है। एक ऐसी फ्रेंचाइजी जो कभी अनुभव को अहमियत देने के लिए जानी जाती थी, उसने अब युवाओं पर दांव लगाया है। पांच बार की चैंपियन टीम ने अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों पर भारी खर्च किया है। 19 साल के प्रशांत वीर और 20 साल के कार्तिक शर्मा को 14.2 करोड़ रुपए में साइन किया है, जिससे वे आईपीएल ऑक्शन के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे महंगे अनकैप्ड भारतीय बन गए हैं। इनके अलावा जैक फाउल्क्स न्यूजीलैंड के टैलेंट हैं, जबकि नूर अहमद (20) और डेवाल्ड ब्रेविस (22) अभी भी 20 साल के शुरुआती दौर में हैं। (अनंत ज्ञान)